राष्ट्रीय दैनिक

प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

12 ट्रंप की लाइब्रेरी को 15 मिलियन डॉलर देगा एबीसी न्यूज : चैनल के एंकर ने रेप का दोषी बताया था....

दक्षिण कोरिया में राजनीतिक संकट! राष्ट्रपति यून पद से हटाए गए.... 12

वर्ष : 12 | अंक : 242 | पटना, सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

लोकसभा स्पीकर इलेवन ने राज्यसभा चेयरमैन इलेवन को 73 रनों से हराया

नई दिल्ली/एजेंसी। राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों के बीच हुए दोस्ताना क्रिकेट में राज्यसभा चेयरमैन इलेवन ने लोकसभा स्पीकर इलेवन को 73 रनों से हरा दिया है। ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दोनों सदन के सांसदों की इलेवन के बीच यह दोस्ताना क्रिकेट मैच नई दिल्ली के मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में राज्यसभा से किरन रिजिजू और लोकसभा से अनुराग ठाकुर अपनी टीमों की अगुवाई की। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने का अवॉर्ड दिया गया है। अनुराग ठाकुर को ही प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड भी दिया गया। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मैच से पहले बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का एक लक्ष्य रखा है। दुनियाभर का लक्ष्य 2031 का है। टीबी के मामले में भारत दुनिया से बेहतर कर रहा है, लेकिन दुनिया की सबसे बड़ी टीबी आबादी भी भारत में ही है। अब इसका इलाज भी है और सरकार मुफ्त में दवाई भी देती है। 1,000 रुपये पोषण के लिए भी देती है और इसकी ट्रैकिंग भी की जाती है। हमारा प्रयास सांसदों के मैच करने के पीछे यह था कि आप ज्यादा से ज्यादा जागरूक हों और हम टीबी मुक्त भारत, जो लक्ष्य प्रधानमंत्री मोदी ने रखा है, उसको पूरा कर सकें। वहीं, केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को गोल्डन डक अवॉर्ड दिया गया। राम मोहन नायडू ने मैच से पहले कहा, मुझे खुशी है कि हम लोग एक साथ आए हैं। टीवी को हराना हमारा लक्ष्य है और आज हम

लोग यहां पर इकट्ठा हुए हैं। बहुत खुशी की बात है। बहुत अच्छी पहल की गई है। देश में टीबी के खिलाफ जो लड़ाई चल रही है उसको और थोड़ा बल देने के लिए आज हमने यह क्रिकेट मैच रखा। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद मनोज तिवारी को सुपर कैच अवार्ड दिया गया है। मनोज तिवारी ने बताया, इस मैच के जरिए हम एक संदेश देना चाहते हैं कि हम सांसद टीबी जैसी बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मैदान पर भागेंगे, दौड़ेंगे और इस मैच को खेलेंगे। टीबी बहुत खतरनाक बीमारी है और थोड़ी सी सजगता से उसको हराया जा सकता है।

संभल में मिले मंदिर में सुबह की पहली आरती की गई, भक्तों की उमड़ी भीड़

संभल/एजेंसी। संभल के दीपा सराय में मिले शिव मंदिर में आज सुबह की पहली आरती की गई। मंदिर में भक्तों ने भगवान शिव की आरती करने के बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिर में 46 साल के बाद सुबह की पहली आरती हुई है। संभल में नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला दीपा सराय से सटे खग्गू सराय में लगभग 46 साल से बंद पड़े एक पुराने शिव मंदिर को प्रशासन ने शनिवार को खुलवाया था। प्रशासन की टीम इलाके में बिजली चोरी पकड़ने गई थी और इसी दौरान ये मंदिर मिला था। फिलहाल मंदिर अपने पुराने स्वरूप में दिखाई देने लगा है और यहां पूजा पाठ शुरू किया गया है। पूजा अर्चना का रविवार को वीडियो भी सामने आया है, जिसमें भक्तों को आरती करते देखा गया। सुबह की आरती में तमाम लोग मौजूद दिखे। मंदिर में भगवान की मूर्तियां विराजमान मिली हैं। इसके अलावा यहां एक प्राचीन कुआं भी मिला है। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जब मंदिर के दरवाजे खोले गए तो देखा कि अंदर धूल जम चुकी है। ऐसे में पुलिसकर्मियों ने खुद ही हाथों से शिवलिंग और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां साफ की। मंदिर खोले जाने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मंदिर के अंदर भगवान शिव, नंदी, हनुमान और कार्तिकेय की प्राचीन मूर्तियां मिली हैं। पुलिस अधीक्षक

के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया था कि शनिवार सुबह बिजली और अतिक्रमण की रेड के दौरान इस मंदिर का पता चला। यह मंदिर काफी दिनों से बंद पड़ा था। उसे खुलवाया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर का दरवाजा खोलने पर अंदर हनुमान जी की प्रतिमा और शिवलिंग भी मिला।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिरीष चंद्र ने बताया कि यहां मंदिर परिसर के बाहर एक कुआं है। वह कुआं खुदाई करने पर मिला। कई चीजें और भी देखी जा रही हैं।

फडणवीस मंत्रिमंडल का पहला विस्तार

महाराष्ट्र :39 विधायकों को राज्यपाल ने दिलाई मंत्रिपद की शपथ

प्रात : किरण

मुंबई/एजेंसी। महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बनने के बाद आखिरकार मंत्रालयों के बंटवारे पर सहमति बन गई। रविवार को नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में मंत्रीमंडल का विस्तार किया गया। शाम चार बजे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने नागपुर में नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। राज्यपाल ने 39 विधायकों को मंत्रिपद की शपथ दिलाई। बीजेपी के 19, शिवसेना के 12 और एनसीपी के 8 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। संजय राठौड़, धनंजय मुंडे ने मंत्री पद की शपथ ली

शिवसेना विधायक संजय राठौड़ ने मंत्री पद की शपथ ली। संजय दिग्रस सीट से विधायक हैं। वो उद्धव-शिंदे सरकार में भी मंत्री रहे थे।

दोपीनाथ मुंडे की बेटी ने भी ली मंत्री पद की शपथ

बीजेपी के दिग्गज नेता गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे को भी मंत्री पद की सपथ ली है। इसके अलावा जयकुमार रावल ने भी मंत्री पद

की शपथ ले ली है।

बीजेपी से मंत्री पद की शपथ लेने वाला में पंकजा मुंडे, अतुल सावे, चंद्रकांत पाटिल, गिरीश महाजन, राधाकृष्ण विखे पाटिल, संजय सावकारे, नितेश राणे, जयकुमार गोरे, शिवेंद्र राजे भोसले, आशीष शेलार, अशोक उईके, माधुरी मिसाल, पंकज भोईर, मेघना बोर्डिकर, चंद्रशेखर बावनकुल, मंगलप्रभात लोढ़ा, जयकुमार रावल, आकाश पांडुरंग फुंडकर और गणेश नाइक शामिल हैं।

एनसीपी और शिवसेना के इन विधायकों ने ली मंत्रीपद की शपथ :

वहीं एनसीपी के विधायक हसल मुश्रीफ, दत्तात्रय भरणे, इंद्रनील नाइक, बाबासाहेब मोहनराव पाटील, नरहरि झिरवाल, माणिकराव कोकाटे, अदिति तटकरे और धनंजय मुंडे ने भी मंत्री पद की शपथ ली है। शिवसेना से गुलाबराव पाटिल, आशीष जायसवाल,योगेश कदम, संजय शिरसाट, प्रकाश अबितकर, भरत गोगावले, प्रताप सरनाइक, उदय सामंत, संजय राठौड़, शंभू राज देसाई और दादा भूसे ने शपथ ली है।

भाजपा नेता राधाकृष्ण विखे पाटिल, चंद्रकांत पाटिल ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। इसके अलावा बीजेपी नेता राधाकृष्ण विखे पाटिल, चंद्रकांत पाटिल ने नागपुर के राजभवन में राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

चंद्रशेखर बावनकुले ने भी मंत्री पद की शपथ ली

महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने नागपुर स्थित राजभवन में राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। साथ ही शिवसेना विधायक गणेश नाइक ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इसके अलावा एनसीपी नेता हसन मुश्रीफ, बीजेपी नेता गिरीश महाजन, शिवसेना नेता गुलाबराव पाटिल ने राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

मणिपुर हिंसा : सीएम नीतीश ने बिहार के दो प्रवासी मजदूरों की हत्या पर जताया शोक

परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रुपए देने की घोषणा

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मणिपुर में उपद्रवी हिंसा में बिहार के गोपालगंज जिले के रहनेवाले लक्ष्मण कुमार और दशरथ कुमार की हत्या से मर्माहत हैं। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने मणिपुर में बिहार निवासियों की हत्या पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृत स्व लक्ष्मण कुमार और स्व दशरथ कुमार के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रुपए देने की घोषणा की है। साथ ही श्रम संसाधन विभाग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से नियमानुसार अन्य लाभ दिलाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में बिहार के स्थानिक आयुक्त को स्थिति की जानकारी लेने तथा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने एवं मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुँचाने के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ करने का निर्देश दिया है।

मचा है।

सोनेलाल मुखिया की मां के नहीं थम रहे आंसू

मणिपुर में जान गंवा चुके श्रमिक सोनेलाल मुखिया की मां लीलावती देवी कहती हैं, उनके पति बिरेंद्र मुखिया और उनका पुत्र सोनेलाल गांव के 10-12 लड़कों के साथ मणिपुर में कमाने गए थे। सपना था कि परिवार की माली हालत सुधार कर झोपड़ीनुमा घर से पक्का मकान बना सके। सोनेलाल की धूमधाम से शादी कर सके, लेकिन मणिपुर के अपराधियों ने इनके सपनों को हमेशा के लिए खामोश कर दिया और बीच सड़क पर गोली मारकर सोनेलाल मुखिया की हत्या कर दी। हमले के दौरान सोनेलाल के पिता बाकी साथियों के साथ पीछे से पैदल आ रहे थे, इसलिए उनकी जान बच गई। सोने के पिता बिरेंद्र मुखिया ने जब परिजनों को फोन पर खबर सुनाई तो पूरा परिवार चीत्कार में डूब गया। अब प्रशासन और सरकार से स्थानीय लोग और परिवार मृतकों के शव को मंगाने के लिए गुहार लगा रहें हैं।

दशरथ सहनी की मां बेसुध

वहीं मणिपुर में अपराधियों के हमले का शिकार हुए दशरथ सहनी की मां राधिक देवी इंसाफ के लिए गुहार लगा रहीं हैं। दशरथ के साथ बड़ा भाई संतोष कुमार भी मणिपुर में काम करने गया था, लेकिन वह बाकी श्रमिकों के साथ पैदल किराए के मकान पर लौट रहा था, इसलिए उसकी जान बच गई। राधिका देवी बताती हैं कि सोनेलाल और दशरथ सहनी दोनों काम करके साइकिल से लौट रहें थे, जहां काकचिंग जिले में बीच सड़क पर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक श्रमिक दशरथ सहनी के पिता मोहन सहनी का कहना है कि उनके छह बेटे हैं, जिनमें दो बेटे मणिपुर में काम करने के लिए गए थे। तीसरे नंबर के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। उन्होंने कहा कि 500 रुपये प्रतिदिन दिहाड़ी पर काम करने दोनों बेटे गए थे, यहां काम मिल जाता तो आज जिंदगी भर का दर्द नहीं मिलता।

श्रमिकों के परिजनों में मची चीख-पुकार

बता दें कि राजवाही बिन टोली से 10 से 12 की संख्या में मजदूर मणिपुर के काकचिंग जिले में राजमिस्त्री का काम करने दीपावली के एक दिन बाद गए थे, जहां बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कार्य में इन्हें काम मिला था। शनिवार की शाम करीब 5।20 बजे काकचिंग-वाबागई रोड पर हमलावरों ने गोली मारकर दो लोगों की हत्या कर दी।

विदेश में तैनाती: वियतनाम तटरक्षक जहाज आज पहुंचेगा कोच्चि

प्रात : किरण

कोच्चि/एजेंसी। वियतनाम तटरक्षक जहाज सीएसबी 8005 भारत में चल रही विदेशी तैनाती के हिस्से के रूप में 16 दिसंबर को कोच्चि पहुंचने वाला है, जिसका उद्देश्य दोनों बलों के बीच समुद्री सहयोग और अंतर-संचालन को बढ़ाना है। यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार चार दिवसीय यात्रा के दौरान वीसीजी जहाज का चालक दल समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया, समुद्री खोज एवं बचाव, और समुद्री कानून प्रवर्तन पर ध्यान केंद्रित करते हुए पेशेवर बातचीत में शामिल होगा। वहीं, गतिविधियों में क्रॉस-डेक प्रशिक्षण, विषय वस्तु विशेषज्ञ आदान-प्रदान, सामाजिक संपर्क, मार्ग अभ्यास, प्रमुख अग्निशमन अभ्यास, विजिट बोर्ड सर्च एंड सीजर, काउंटर ड्रग्स इंटरडिक्शन और भारतीय तटरक्षक के साथ तेल प्रदूषण प्रतिक्रिया प्रदर्शन शामिल हैं। इस यात्रा का उद्देश्य न केवल वियतनाम तटरक्षक और भारतीय तटरक्षक के बीच संबंधों को मजबूत करना है, बल्कि जहाज निर्माण में भारत की तकनीकी उन्नति को प्रदर्शित करना भी है, जो आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया की अवधारणा का समर्थन करता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारतीय तटरक्षक और वियतनाम तटरक्षक के बीच एक मौजूदा समझौता ज्ञापन है, जिसने दो समुद्री एजेंसियों के बीच सहकारी जुड़ाव को संस्थागत रूप दिया है। वीसीजी जहाज का यह दौरा एमओयू के प्रावधानों के अनुरूप है और इसलिए, यह विदेशी मित्र देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए भारतीय तटरक्षक की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वीसीजी जहाज की यात्रा प्रमुख समुद्री साझेदारों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण है, जो समकालीन समुद्री चुनौतियों का समाधान करते हुए क्षेत्र में समुद्रों की सुरक्षा, संरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। समुद्री सुरक्षा पहलू पर आईसीजी का बढ़ता फोकस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत की वैश्विक नेतृत्व स्थिति को मजबूत करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

खगड़िया में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से तीन महिलाओं की गई जान

खगड़िया/एजेंसी। बिहार के खगड़िया जिले में रविवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से तीन महिलाओं की मौत हो गई और दो महिलाओं समेत चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महेशखूंट पुलिस थाना के प्रभारी धनंजय कुमार ने बताया कि यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर चैधा गांव के पास हुई। थाना प्रभारी ने संवाददाताओं को बताया, दुर्घटना उस समय हुई जब ट्रैक्टर ट्रॉली को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसके बाद चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई, जिससे उसमें सवार कई लोग उसके नीचे दब गए। तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया जिनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। कुमार ने कहा, ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है और अधिकारी ट्रैक्टर के चालक के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं, जो फरार है।

केरल में कार-बस की टक्कर में चार लोगों की मौत

पठानमथिट्टा (केरल)। केरल में कुडल के मुरिंजकल में रविवार तड़के एक बस एवं कार के बीच टक्कर हो जाने से नवदम्पती सहित एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि एक कार की आज तड़के 04.50 बजे कार आंध्रप्रदेश से आ रही श्रद्धालुओं से भरी बस से टक्कर हो जाने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान नवदम्पती निखिल इपेन 29 वर्ष एवं अनु बिजू 26 वर्ष और निखिल के पिता मथाई इपेन और अनु के पिता बीजू जॉर्ज के रुप में की गयी है। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब नवदम्पती मलेशिया से अपना हनीमून मनाकर तिरुवनंतपुरम हवाईअड्डे से वापस अपने घर रन्नी लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना पुनालुर-मुवत्तुपुझा राज्य राजमार्ग पर हुई। दुर्घटना में तीन लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गयी जबकि महिला की पथानामथिट्टा में एक निजी अस्पताल में मौत हो गयी।

आडवाणी की हालत स्थिर, डॉक्टरों की निगरानी में

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी का दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा है। वे फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनका स्वास्थ्य स्थिर बताया जा रहा है। पिछले दो सप्ताह से उनकी तबीयत ठीक नहीं चल रही थी, जिसके बाद उन्हें इंद्रप्रस्थ अपोलो में भर्ती कराया गया था। इंद्रप्रस्थ अपोलो के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, लालकृष्ण आडवाणी को मेडिकल मैनेजमेंट और जांच के लिए इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। वे सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ.विनीत सूरी की देखरेख में हैं और फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

धनखड़ ने किया देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन

उद्घाटन

पृथ्वी एवं मानव जाति की उत्पत्ति और विकास की अनूठी जानकारियां म्यूजियम में उपलब्ध ....

डायनासोर का अण्डा भी देखा जा सकता है म्यूजियम में

प्रात : किरण

ग्वालियर/एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को ग्वालियर में देश के पहले जियो साइंस म्यूजियम (भू-विज्ञान संग्रहालय) का उद्घाटन किया। ग्वालियर के ऐतिहासिक महाराज बाड़ा पर हैरीटेज बिल्डिंग विक्टोरिया मार्केट में स्थापित अत्यधुनिक जियो साइंस म्यूजियम के उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट

एवं सांसद भारत सिंह कुशवाह भी मौजूद थे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने पट्टिका का अनावरण कर एवं म्यूजियम के प्रवेश द्वार पर फीता काटकर देश के पहले अत्यधुनिक जियो साइंस म्यूजियम का उद्घाटन किया। साथ ही ग्वालियरवासियों को इस अनूठी सौगात की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी अतिथियों के साथ म्यूजियम की विभिन्न गैलरियों में दर्शाए गए भू-विज्ञान से संबंधित चित्रों, कलाकृतियों एवं जानकारियों को देखा एवं म्यूजियम की सराहना की। म्यूजियम के उद्घाटन के बाद उप राष्ट्रपति धनखड़ ने महाराज बाड़ा पर स्थित वास्तु शिल्प के उत्कृष्ट नमूनों के रूप में खड़ीं ऐतिहासिक इमारतों को भी देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केन्द्रीय मंत्री सिंधिया एवं विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने उप राष्ट्रपति को महाराज बाड़ा की इमारतों के शिल्प एवं शैलियों से अवगत कराया। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा ग्वालियर नगर निगम के सहयोग से तैयार किए गए देश के इस पहले अत्यधुनिक एवं अद्भुत जियो साइंस म्यूजियम में पृथ्वी की उत्पत्ति, मानव जाति व मानव सभ्यता का विकास व ब्रम्हाण्ड से जुड़ीं अनूठी जानकारियाँ समाहित हैं। म्यूजियम में डायनासोर का अण्डा सहित कीमती वस्तुएँ पर्यटकों को देखने के लिये उपलब्ध हैं। यह म्यूजियम भू-विज्ञान से संबंधित बच्चों से लेकर बड़ों तक की जिज्ञासाओं का समाधान उपलब्ध है। साथ ही वैज्ञानिक दृष्टि से भी यह संग्रहालय ज्ञानवर्धक है। पृथ्वी विज्ञान से संबंधित दुर्लभ भू-वैज्ञानिक नमूनों को मल्टीमीडिया डिस्प्ले के जरिए म्यूजियम में दिखाया गया है।

संग्रहालय में दो गैलरियाँ, एक गैलरी में पृथ्वी की उत्पत्ति व विकास की जानकारी

जियो साइंस म्यूजियम में दो गैलरियों के माध्यम से भू-विज्ञान के बारे में लाइट इफेक्ट के साथ आकर्षक ढंग से जानकारी संजोई गई है। एक गैलरी में पृथ्वी के विकास को दशार्या गया है, जिसमें उल्लेख है कि पृथ्वी अपने मूल स्वरूप में किस प्रकार आई और कौन-कौन सी चीजों से मिलकर पृथ्वी बनी है। वर्तमान में जो पृथ्वी है, असल में वह कैसी दिखती है। पृथ्वी के भीतर लावा किस तरह से तैयार होता है और ज्वालामुखी फूटने से किस तरह पर्वतों का निर्माण होता है। यह सब जानकारियां बखूबी ढंग से संग्रहालय में दशार्यी गई हैं। यहाँ आने वाले पर्यटन भूकम्प का अनुभव भी कर सकेंगे। इसके अलावा वायु मण्डल और महासागर के बारे में भी वर्णन है। लाइट इफेक्ट और अत्यधुनिक मशीनी तकनीक से बड़े बखूबी ढंग से यह सब प्रदर्शित किया गया है।

पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोकने को तैयार : शाह

- नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील
- शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंपा राष्ट्रपति निशान

प्रात : किरण

रायपुर/एजेंसी। छत्तीसगढ़ और राज्य पुलिस के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित बेहद गरिमामय कार्यक्रम में राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला

देश का सबसे युवा राज्य है, जिसने अपने गठन के मात्र 24 वर्षों में ही यह उपलब्धि हासिल की है। श्री शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आगामी 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि इसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा। श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जांबाज पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपना मेरे लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है।

संक्षिप्त खबरें

उधना ले जा रहे तीन बच्चे बरामद, एक गिरफ्तार

दानापुर। खगौल रेल थाना के अंतर्गत प्लेटफार्म नंबर 1 से नाबालिक बच्चों को बहला-फुसलाकर मजदूरी कराने ट्रेन से गुजरात ले जा रहे एक व्यक्ती को आरपीएफ ने गिरफ्तार करते हुए तीन बच्चों को बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार बचपन बचाओ आन्दोलन के द्वारा आरपीएफ को जानकारी दी गई कि कुछ व्यक्ती नाबालिक बच्चों को मजदूरी कराने के लिए उधना, गुजरात जाने वाली ट्रेन से ले जाया जा रहा है। बचपन बचाओ आन्दोलन के स्टाफ एवं सब इन्सपेक्टर विमल कुमार, आरक्षी राजेश चौबे एवं सतेंद्र कुमार सिंह के द्वारा कार्रवाई करते हुए दानापुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 ए पर डरें-सहमे हुए तीन नाबालिग बच्चे बरामद करते हुए एक व्यक्ती को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ती कटिहार का रहने वाला नैमूल हक है। आरपीएफ कानूनी प्रक्रिया के लिए आरोपी व्यक्ती व बच्चों को जीआरपी को सुपुर्द किया है।

जदयू ग्रामीण कार्यकर्ता सम्मेलन पूरी तरह फ्लॉप राजद नेता पलटन सिंह

मसौढ़ी !राजद नेता पलटन सिंह ने शनिवार को संपन्न जदयू का ग्रामीण कार्यकर्ता सम्मेलन को फ्लॉप करार दिया है और कहा है कि सम्मेनल में कार्यकताओं की न्यूनतम भागीदारी यह दशार्ता है।इससे प्रमाणित होता है। कि मुख्यमंत्री जी का विचारधारा जो पहले था वह धोवस्त होते नजर आया।आने वाले विधानसभा चुनावों में जदयू का इन इलाकों में पूरी तरह से आधार खिसक चुका है.बिहार सरकार के मंत्रियों की उपस्थिति के बावजूद मैदान में आये पहले से मौजूद न्यूनतम कार्यकताओं को भी मंच के पास उपस्थित रहने को लेकर भी बार बार अपील की जा रही थी,इसके बावजूद कार्यकताओं में उत्साह नजर नहीं दिखाई पड़ रहा था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जो कहा करते थे कि न्याय के साथ विकाश एवं दलित शोषित का हितैषी है वो इस सम्मेलन में दिखाई नहीं दिया,कारण यह है कि वो दलित, शोषित ,अल्पसंख्यक का विरोधी के साथ गले लगा लिए है। वही राजद राजद नेता पालटन सिंह मुख्यमंत्री से आग्रह करना चाहता हूँ,कि जो महागठबंधन सरकार में एस टी, एस सी एवं पिछड़ों का जो आरक्षण 65% दिए थे तथा जो पिछड़ों का स्कॉलरशिप केंद्र सरकार द्वारा समाप्त किया गया है,वो वापस लिया जाए।साथ ही साथ ओल्ड पेंशन योजना को लागू किया जाए एवं बिहार में उद्योग लगाकर बेरोजगारी दूर किया जाए।अगर ये कार्य मुख्यमंत्री जी के द्वारा नहीं किया गया,तो आने वाले विधान सभा 2025 में जनता डबल इंजन की सरकार को उखाड़ फेकेगा।

सन्नी हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार

मसौढ़ी !सन्नी कुमार की हत्या मामले में पुलिस ने एक और आरोपी प्रिंस कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी।एसडीपीओ नभ बैभव ने बताया कि बताया कि 9 दिसंबर को सन्नी कुमार को चटकारा रेस्टोरेंट वाली गाली में चारमुहनी के पास चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी।मृतक सन्नी कुमार के पिता धर्मेद उर्फ पप्पू केशरी के बयान पर दो नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।तकनीकी शाखा की मदद से प्रिंस कुमार की गिरफ्तारी घर से की गई है।वही घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

सीमा शुल्क ने एक बड़ी कार्यवाई करते हुए रक्सौल में विदेशी मूल के इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट को किया जब्त

जब्त ई सिगरेट की अनुमानित मूल्य पौने तीन करोड़ रुपए

प्रात :किरण संवाददाता

पटना :सीमा शुल्क (निवारण) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एकीकृत चेक पोस्ट (आई सी पी) एवं निवारण रक्सौल के अधिकारियों ने रविवार (15.12.2024) को गुप्त सूचना के आधार पर रक्सौल रेलवे स्टेशन से विदेशी मूल के इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट को जब्त किया, जिसका अनुमानित मूल्य पौने तीन करोड़ रुपए हैक सीमा शुल्क (निवारण) पटना के आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठक ने बताया कि सीमाशुल्क विभाग द्वारा ई सिगरेट की पूरे देश में एक साथ बरामदगी एवं जब्ती की बसे बड़ी कारवाईयों में से यह एक है' उन्होंने बताया कि इतनी बड़ी जब्ती के लिए ने एकीकृत चेक पोस्ट (आई सी पी) एवं निवारण रक्सौल के अधिकारी बधाई के पात्र है । विदित हो के इ सिगरेट भारत मेंपूर्णतः प्रतिबंधित है जो नेपाल के रस्ते भारत में चीन से तस्करी कर लाया जाता है । इस पूरे प्रकरण का अहम पहलू यह है कि एकीकृत चेक पोस्ट (आईसी पी) एवं निवारण रक्सौल के अधिकारियों ने प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर रक्सौल रेलवे स्टेशन से रविवार की सुबह 8:40 बजे रक्सौल से दिल्ली जाने वाली ट्रेन संख्या 15273 सत्याग्रह एक्सप्रेस के ब्रेकभान से भेजे जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट की एक बड़े खेप की तस्करी की कोशिश को नाकाम करते हुए जब्त कर लिया।

कुल 6598 पीस इ सिगरेटजब्त किए गए हैं जो चायनीज मूल के हैं ' जब्त किए गए सिगरेट का मूल्य लगभग 2.7 करोड़ आंकी गई है ' जब्ती के समय कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा जब्ती के करवाई में व्यवधान उत्पन्न करने की कोशिश की गई।लेकिन इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट को सीमा शुल्कअधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया' यह करवाई एकीकृत चेक पोस्ट (आई सी पी) एवं निवारण रक्सौल के सहायक आयुक्त बिनोद कुमार के नेतृत्व में संतोष कुमार, अधीक्षक, जफरआलम अधीक्षक, रौशन कुमार, प्रमोद्कांत, बिमल कुमार, नीरज कुल्लू एवंमनीष तिवारी, सभी निरीक्षक एवं अन्य अधिकारीयों के द्वारा की गई। फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि उक्त इ सिगरेट कहाँसे लाया एवं कहाँ ले जाया जा रहा था एवं इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। इसके लिए आगे अन्य विधि सम्मत जरुरी करवाई की जा रहीहै।

पिछले कुछ समय से सीमा शुल्क (निवारण) पटना के द्वारा तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाये जा रहे हैं। सीमा शुल्क (निवारण) पटना के आयुक्त डॉ यशोवर्धन पाठकने बताया कि तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा और भी अधिक प्रबलता से इसका कार्यान्वयन किया जाएगा एवं इसमें संलिप्त लोगों के विरुध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने यह भी बताया कि हाल के दिनों में आम लोगों खासकर युवाओं में इसिगरेट का प्रचालन काफी बढ़ गया है । इ सिगरेट से स्वास्थ्य पर परने वाले गंभीर दुष्परिणाम को देखते हुए भारत सरकार ने इसिगरेट को भारत में पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है' दिल्ली मुंबई जैसे भारत के बड़े शहरों के नाईट क्लब आदि में नये साल की पार्टियों में इ सिगरेट का मांग बढ़ जाती है इसको देखते हुए सीमा शुल्क विभाग ने नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है एवं अधिकारिओं को चौकस रहने को कहा गया है'इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले व्यक्तियों का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक अभियान में भविष्य में भी बेहतर समन्वय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सकेका

इस सम्बन्ध में आयुक्त ने यह भी बताया की तस्करी विरोधी अभियान में सहयोग करने वाले विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारीयों एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान है।

सोनपुर मेले में लगाए गए विभागीय प्रदर्शनियों में केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना को मिला तीसरा स्थान

- विकसित भारत 2047 : विकसित भारत के पथ पर अग्रसर विषय पर लगाया गया था फोटो प्रदर्शनी

सोनपुर/ हाजीपुर/पटनाः सोनपुर में आयोजित विश्व प्रसिद्ध 32 दिवसीय मेले में केंद्रीय संचार ब्यूरों, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना द्वारा विकसित भारत 2047 : विकसित भारत के पथ पर अग्रसर विषय पर लगाए गए फोटो प्रदर्शनी का समापन रविवार (15 दिसंबर 2024) को सीबीसी के कार्यालय प्रमुख संजय कुमार और डॉल्फिन विशेषज्ञ डॉ गोपाल शर्मा की उपस्थिति में किया गया। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए सीबीसी के कार्यालय प्रमुख संजय कुमार ने कहा कि इस प्रदर्शनी में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी कल्याणकारी योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम आवास योजना आदि के बारें में जानकारी चित्रों के माध्यम से समझाया गया था जिससे मेला में आए लाखों लोग लाभांवित हुए। साथ ही साथ प्रतिदिन योजनाओं पर आधारित क्विज का भी आयोजन किया गया था और विजेता को पुरुस्कृत भी किया जाता था। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन लोक कलाकारों के द्वारा योजनाओं पर आधारित जागरुकता नुक्कड़- नाटक के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और दर्शकों के साथ परिचर्चा का भी आयोजन किया गया था। मौके पर उपस्थित डॉल्फिन विशेषज्ञ डॉ गोपाल शर्मा ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प माननीय प्रधानमन्त्री जी सहित सम्पूर्ण देशवासीयों ने लिया है उस संकल्प को पुरा करने में इस तरह की फोटो प्रदर्शनी सह जागरुकता अभियान की भूमिका अहम रहेगी क्योकि यहां पर आप सरकार की सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत से जान सकते है और उसका लाभ उठा सकते है तभी हमारा भारत विकसित भारत बन सकेगा। विदित हो कि मेले में भारत एवम बिहार सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनीयों में इस प्रदर्शनी को तीसरे स्थान मिला साथ ही साथ शनिवार(14 दिसम्बर 2024) को पर्यटन मंत्री, बिहार सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया कार्यक्रम का संचालन सीबीसी के अधिकारी नवल किशोर झा और धन्यवाद ज्ञापन प्रदर्शनी के नोडल अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विभाग के ईश्वरय, राकेश, बजरंगी, विभागीय कलाकार आदि उपस्थित रहें।

गीता के संदेश को आत्मसात करने से जीवन व जगत का कल्याण : आचार्य चंद्रभूषण

सनातन धर्मसभा भवन में मनी गीता जयंती, प्रतियोगिता के छात्र पुरस्कृत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक स्थित सनातन धर्म सभा परिसर में रविवार को गीता जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सनातन धर्म सभा की ओर से वैदिक मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन भागवत एवं श्रीराम कथावाचक आचार्य चंद्रभूषण मिश्र, साहित्यकार कृष्णकांत ओझा, सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एसए कृष्णा, संयोजक संजीव कुमार यादव एवं कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल ने दीप जला कर किया। इसके बाद श्रीमद् भागवत गीता का पूजन कर उस पर चंदन, अच्छत लगा कर पूजन किया गया। शास्त्रोपासक आचार्य चंद्रभूषण मिश्र ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता जीवन का मार्गदर्शन सूत्र प्रदान करता है। अगर गीता के संदेश को आत्मसात किया जाए, तो हमारे जीवन व जगत दोनों का ही कल्याण हो जाए। दुनिया भर के देशों ने गीता के महत्व को स्वीकार कर उसके निहित संदेशों को आत्मसात करने की वकालत की है। उन्होंने आगे कहा कि गीता के संदेश का शाश्वत एवं कालातीत महत्व है। वरीय संपादक कृष्ण कांत ओझा ने कहा कि गीता ऐसे प्रेरणादायकों व संदेशों का सागर है, जो जीवन से निराशा और अपसाद से मनुष्यों को आशाओं एवं सकारात्मक ऊर्जा से भर देती है। कार्यक्रम में गीता पर लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें सिटी मांटेसरी एवं सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ हो 20 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सभा के अध्यक्ष डॉ टीपी गोलवारा ने अध्यक्षता करते हुए अतिथियों का शॉल, गीता ग्रंथ एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

संचालन समाजसेवी एवं धमार्नुरागी संजीव कुमार यादव और धन्यवाद ज्ञापन रतनदीप राय ने किया। इस अवसर पर महासचिव आत्म बागला, शिव प्रसाद मोदी, विजय कुमार यादव, सुजीत कसेरा, अधिवक्ता अरुण मिश्रा, डॉ राजीव गंगौल, राजेश कुमार टिल्लू, सरोज जायसवाल, साधना गुड़िया, कुमार दिनेश, नवीन रस्तोगी, विवेक माथुर, पप्पू मोदी, मो नैयर इकबाल, विनोद किसलय, अजय यादव, बलराम माथुरी, विजय मिश्रा, प्रभात बहादुर माथुर आदि उपस्थित थे।

अपने हित की रक्षा को लड़ाई लड़ते रहेंगे बुनकर, मिलेंगे सीएम से

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार राज्य बुनकर संघ की बैठक की गई। इसमें पिछली बैठक की समीक्षा की गई और उसमें लिए गए निर्णय का इस बैठक में संपुष्ट किया गया। नौ दिसंबर को राजेंद्रनगर स्थित हैंडलूम भवन के सामने विवादित मुद्दे पर धरना दिया गया और प्रदर्शन भी किया गया था। यह प्रभावकारी रहा। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगे भी इसी तरह की एकजुटता बनाए रखी जाए। कारण कि बुनकरों की संपत्ति को बुनकरों के हित के लिए बनाए रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए यह समिति आगे भी सक्रिय रहेगी। बैठक में मामले को आगे बढ़ाने पर विचार किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मामले की नजाकत को देखते हुए मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें स्थिति की जानकारी दी जाए, ताकि बुनकरों की इस संपत्ति की सुरक्षा हो सके। इसके लिए महासचिव तनवीर अंसारी को अधिकृत किया गया कि वह मुख्यमंत्री से समय लेने की दिशा में पहल करें। रविवार को हुई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जफर इमाम अंसारी ने की। बैठक में सिराजुद्दीन अंसारी, शकील अहमद अंसारी, मो कुदूस, हसनैन अंसारी, तनवीर अंसारी, मुख्तार अंसारी आदि ने विचार रखे।

राजद पटना साहिब विस क्षेत्र में दो लाख से अधिक सदस्य बनाएगा : गांधी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के सदस्यता अभियान की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी तथा संचालन राजद के वरिष्ठ नेता मोहम्मद जावेद ने की। इसमें पटना महानगर के अध्यक्ष महताब आलम एवं पूर्व विधान पार्षद सह प्रभारी आजाद गांधी खासा उपस्थिति रही। बैठक में कार्यकताओं एवं वार्ड अध्यक्षों को रसीद वितरण कर उन्हें दीवार घड़ी देकर सम्मानित किया गया। पूर्व विधान पार्षद श्री गांधी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए युवा वर्ग को अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर बल दिया। पटना महानगर के अध्यक्ष महताब आलम ने कहा कि पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के राजद नेताओं एवं कार्यकताओं ने मिलकर दो लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। पूर्व में भी पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में सदस्यता अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उम्मीद करता हूं कि इस बार भी राजद कार्यकता पटना साहिब में लक्ष्य से भी अधिक सदस्य बनाने का काम करेंगे। बैठक को संबोधित करने वालों में प्रदेश महासचिव प्रदीप मेहता, विनोद यादव, डॉ एकबाल अहमद, सलमान अख्तर, शिव मेहता, अजीत सिंह कुशवाहा, शैलेश यादव, दिनेश पासवान, उमेश पंडित, मो साबिर अली, मुन्ना जायसवाल, संतोष मेहता, कृष्ण कुमार यादव, मो कलाम, हेदायत अहमद, बबलू राम, शकुंतला प्रजापति, संगीता यादव, मुन्ना खान, मो फिरोज, मो पिंकू, महेश महतो, प्रिंस यादव, अख्तर अली, रणधीर यादव, बबलू जायसवाल, असगर अली, जयंती यादव, मनोहर मेहता, दीपक चौधरी, संजय यादव, रामजी सहनी, मो बाबर, मो मुख्तार, मो शोएब आदि थे। धन्यवाद ज्ञापन राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव रजनीश कुमार राय ने किया।

दलहन अनुसंधान केंद्र की सड़क पर ग्रामीणों ने जमाया कब्जा

प्रात :किरण संवाददाता

मोकामा।मोकामा के दलहन अनुसंधान केंद्र तक जाने वाली सड़क पर स्थानीय ग्रामीणों ने कब्जा कर लिया है।लिहाजा,दलहन अनुसंधान केंद्र आने-जाने वाले लोगों के लिए परेशानियों का कारण बना हुआ है। दलहन अनुसंधान केंद्र के अधिकारी और कर्मचारी भी इसी मार्ग का प्रयोग करते हैं।गांव की नाली का पानी भी इसी सड़क पर ही बहता है।लिहाजा अधिकारियों को भी आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।समाज सेवी चंदन कुमार ने कई बार विभाग से लिखित शिकायत भी की,लेकिन अभी तक इसका कोई समाधान नहीं निकल सका है।कई बार वार्ड सदस्यों को भी इसकी जानकारी दी गई मगर नालों की निकासी नहीं रहने के कारण मार्ग पर ही पानी जमा रहता है और स्थानीय लोगों ने भी सड़क पर अपना कब्जा जमा है।चंदन कुमार ने बताया कि अनुसंधान केंद्र में तैनात अधिकारियों को भी चिट्ठी लिखकर सड़क को दुरुस्त करने और अतिक्रमण मुक्त करने का अनुरोध किया गया है। लेकिन विभाग के अधिकारी भी सुस्त पड़े हुए हैं। इन सबों में आम किसानों को दलहन अनुसंधान केंद्र आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मंत्री श्रवण कुमार ने सिगरियावां में खुली सोलर सिस्टम से चलने वाली बिहार की पहली राइस मिल का उद्घाटन किया

बेहतर स्वाद और गुणवत्ता के साथ सत्य शांति चावल भी लोगों को पेश करेंगे : प्रवीण आनंद

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। रविवार को आनंद फैमिली के सत्यदेव एग्रो राइस मिल के भव्य उद्घाटन और इसके प्रीमियम ब्रांड, सत्य शांति चावल के लॉन्च का शुभारंभ ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के साथ नालंदा के सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, आनंद फैमिली के प्रवीण आनंद, सर्वोदय कंस्ट्रक्शन के एमडी डीएन सिंह, पंकज कश्यप, अनुपमा कश्यप, सत्येंद्र और मिस अनामिका सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके साथ ही इस ऐतिहासिक कार्यक्रम ने क्षेत्र के कृषि विकास में प्रगति और नवाचार के एक नए अध्याय की शुरूआत की। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत बुके और शॉल देकर प्रवीण आनंद और उनकी धर्मपत्नी अन्नपूर्णा ने किया। मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा बिहार में भी सौर ऊर्जा के माध्यम से बड़े उद्योगों की शुरूआत हो रही है। जहां पहले सौर ऊर्जा उद्योग देखने के लिए बिहार के लोग बाहर जाते थे। अब बाहर के लोग बिहार आएंगे। उन्होंने प्रवीण आनंद को इसके लिए विशेष धन्यवाद दिया। कहा कि आने वाले समय में सौर ऊर्जा का महत्व और बढ़ना तय है। यह राइस मिल काफी क्षमतावान है। हम आने वाले समय में चावल निर्यातक बन सकते हैं। सत्यदेव एग्रो राइस मिल दनियावां, पटना के सिगरियावां, शाहजहांपुर में आज से चालू हो गई। इसके उद्घाटन के मौके पर बिहार के माननीय मंत्रियों व सांसद सहित कई गणमान्य लोगों का जमावड़ा लगा रहा। वहीं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि इस तरह का उद्योग खोलने के लिए प्रवीण आनंद को विशेष रूप से धन्यवाद। बिहार सरकार का भी यह प्रयास है कि इस तरह की इंडस्ट्री यहां खुले। इसके खुलने से लोगों को रोजगार भी मिलेगा और फायदा भी काफी मिलेगा। इस मौके पर पंकज कश्यप, अनामिका सिंह सहित कई लोगों ने अपने विचार रखें।

दो दिनों से लोमड़ी घुसी है मच्छरहट्टा स्थित मार्केट की दुकान में, डरे हैं लोग

- खाजेकलां थाना के पदाधिकारी वन विभाग से संपर्क करने को कह रहे

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के मच्छरहट्टा स्थित एक मार्केट की दुकान में लोमड़ी घुस आई है। इसे देख कर दुकानदार अली भारती परेशान है। न स्टाफ और न ही दुकानदार दुकान खोल पा रहे हैं। यह लोमड़ी कब और किधर से शुक्रवार को अपराह्न जाकर दुकान में घुस गई, समझ से परे है। यह लोमड़ी शुक्रवार की शाम में दुकान में देखी गई, तब से लेकर अब तक अली इमाम अनेकों बार खाजेकलां थाना जाकर पुलिस से उसे निकलवाने के लिए वन विभाग को सूचित करने के लिए गुहार लगा चुके हैं। दुकानदार की माने, तो थाना पर जाने के बाद वहां पुलिस पदाधिकारी का कहना होता है कि इस दिशा में वह कोई मदद नहीं कर सकते हैं। वह वन विभाग के अधिकारी की शरण में जाएं, वही लोग रेस्क्यू कर उक्त लोमड़ी को ले जा सकेंगे। नतीजतन शनिवार को भी दुकान नहीं खुली और रविवार बंदी का दिन था। उक्त मार्केट में उस दुकान का शटर उठने को लेकर अन्य दुकानदार भी संशय में हैं कि अंदर में रही लोमड़ी भूख-प्यास से छटपटाते हुए जब निकलेगी, तो जाहिर सी बात है अनेक लोगों को घायल कर सकती है। अली इमाम जी की श्रृंगार की दुकान है, जो टेढ़ी घाट मोड़ के पश्चिम मार्केट में है।

बापू परीक्षा केंद्र पर बीपीएससी परीक्षा रद्द कराने को की गई साजिश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार लोकसभा आयोग के द्वारा 13 दिसंबर को 70वीं प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया गया था। अगमकुआं थाना क्षेत्र के पुरानी बाइपास के कुम्हरार स्थित बापू परीक्षा केंद्र में 12 हजार परीक्षार्थियों का केंद्र बनाया गया था। यहां एक हॉल में 273 परीक्षार्थियों को परीक्षा देने की व्यवस्था की गई थी। मगर बीपीएससी के द्वारा एक बंडल में महज 192 प्रश्न पत्र ही भेजा गया था। नतीजतन हर हॉल में प्रश्न पत्र की कमी हो गई। इसे एक-दूसरे कमरे से बंडल को खोलकर प्रश्न पत्र पूरा किया गया। इस दौरान हुई कुछ देरी और प्रश्न पत्र का पैकेट खुला होने का आरोप लगाते हुए कुछ परीक्षार्थियों ने शोर-शराबा और हंगामा करना शुरू कर दिया। ऐसे लोगों ने अपने और दूसरे के प्रश्न पत्र व ओएमआर शीट भी छिनने और फाड़ने की कोशिश की। ऐसे लोग परीक्षा हॉल से प्रश्नपत्र कि पैकेट लेकर बाहर निकल गए और तेजी के साथ शोर मचाते हुए परीक्षा केंद्र के रोड पर से लगते दरवाजे के पास पहुंच गए। यहां जब सुरक्षा में तैनात मजिस्ट्रेट और पुलिस वालों ने उन सबों को अंदर रहने और बाहर नहीं जाने देने की बात कही, तब कुछ उदंड परीक्षार्थी पुलिस से नोकझोंक करने लगे और गेट पर चढ़कर प्रश्न पत्र के खुले बंडल को दिखाना शुरू किया। इसी के बाद लोग खासा आकर्षित हो गए और किसी तरह से गेट को खोलकर बाहर निकल गए और सड़क को जाम कर यातायात को बाधित कर दिया था। जिला प्रशासन के द्वारा बापू परीक्षा भवन में आयोजित शांतिपूर्ण चल रही परीक्षा की कुछ वीडियो साझा की है। जिला प्रशासन की ओर से कहा गया है कि कुछ उपद्रवी परीक्षार्थी के द्वारा सुनियोजित तरीके से शांति व्यवस्था को भंग करते हुए बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा को रद्द करने की साजिश की गई थी। इसे समय रहते कार्रवाई कर विफल कर दिया गया। इस संबंध में अगमकुआं थाना में दो प्राथमिक की दर्ज की गई है। साथ ही साजिशकताओं की पहचान और गिरफ्तारी के लिए दो टीम का गठन भी किया गया है। ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात जिला प्रशासन की ओर से कही गई है।

गुरु गोविंद पथ में तेज रफ्तार पिकअप वैन पलटी, बची जान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह पथ के चौकशिकारपुर के पास आरओबी से उतर रहा तेज रफ्तार एक पिकअप वाहन अचानक पलट गई। रविवार की सुबह करीब 8.05 में घटना हुई। पिकअप वैन, जिस पर पंजीयन संख्या बीआर 01जीएच 7237, लिखा था, के पलटते ही वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह ड्राइवर को गाड़ी के अंदर से बाहर निकाला। चालक के मुंह से शराब सेवन किए का दुर्गंध आ रहा था। इस हादसे में स्थानीय वासी और पूर्व उप महापौर संतोष मेहता, एक और व्यक्ति के साथ दो कुत्ता भी बच गया। इस हादसे में सड़क के किनारे धूप सेंक रहे अन्य लोग भी बाल-बाल बच गए। आसपास के लोगों ने आरोप लगाया है कि पिकअप वैन का ड्राइवर नशे की हालत में था। स्थानीय लोगों ने इसकी चौक थाने की पुलिस को दी। घटना की जानकारी देते पूर्व डिप्टी मेयर संतोष मेहता ने बताया कि रविवार की सुबह वह कुछ सेकंड पहले अपने घर से निकले थे। इस बीच फ्लाईओवर से तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप वैन कुशवाहा मार्केट के पास पहुंचते ही पलट गई। उन्होंने भी आरोप लगाया है कि वाहन का चालक नशे की हालत में था और इसी कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। उन्होंने बताया है कि इससे पहले फ्लाईओवर के नजदीक पूर्व में स्पीड ब्रेकर हुआ करता था। इससे तेज रफ्तार गाड़ी पर अंकुश लगती थी। मगर रोड का निर्माण होता गया और स्पीड ब्रेकर का अस्तित्व समाप्त हो गया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि फ्लाईओवर से उतरते वक्त तेज रफ्तार पर अंकुश के लिए स्पीड ब्रेकर का होना बहुत जरूरी है। आए दिन इस तरह की दुर्घटनाएं यहां होती रहती हैं। घटना के बाद मौके पर काफी देर तक लोगों की भीड़ लगी रही।

फायरिंग में दो अज्ञात पर प्राथमिकी, कारण स्पष्ट नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दीदाचरगंज थाना क्षेत्र के नत्थाचक में एनएच 30 पर गुरुवार की रात बाइक से घर लौट रहे सत्येंद्र कुमार राय को अपराधियों ने गोली मार जख्मी कर दिया था। पुलिस ने बताया कि जख्मी के बयान पर दो अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अपराधियों ने बाइक को ओवरटेक कर सत्येंद्र कुमार को एक गोली पंजरा में मारा। जब वह जान बचाने के लिए वहां से पैदल भागे, तब दो और गोली मारी गई। पुलिस ने बताया कि जख्मी ने घटना का कारण स्पष्ट नहीं किया है। बदमाश हेलमेट थे और अंधेरा के कारण पहचान नहीं हो सकी। इधर शादी की नीयत से बहला-फुसला कर अगवा किए जाने से संबंधित दो प्राथमिकी दीदारगंज में, जबकि एक अन्य प्राथमिकी आलमगंज थाना में दर्ज हुआ है। कच्ची दरगाह के पीड़ित परिजनों ने पुलिस को बताया कि 17 वर्षीया नाबालिग बेटी घर से बैंक नत्थाचक रुपया निकालने के लिए गई थी। इसके बाद वापस नहीं लौटी है। उसने बैंक से 60 हजार रुपए निकाले हैं। छानबीन करने पर पता चला कि नाबालिग लड़का बहला-फुसला कर शादी की नीयत से भगा कर ले गया है। इसमें लड़के के पिता को भी साजिश का आरोपी बनाया है। इसी थाना क्षेत्र से 12 वर्षीया नाबालिग घर से स्कूल के लिए निकली। इसके बाद घर वापस नहीं लौटी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित परिजनों की ओर से लड़का के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि दोस्त ने कॉल कर मामले की जानकारी परिजनों को दी। इधर आलमगंज थाना क्षेत्र से भी 17 वर्षीया लापता है।

राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं, उन्हें गंभीरता लानी चाहिए : ललन सिंह

जदयू सांसद सह केन्द्रीय मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष पर कसा तंज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने रविवार को कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को हल्का आदमी बताते हुए नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि वह विपक्ष के नेता है उन्हें गंभीरता लानी चाहिए। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने साफ लहजे कहा कि कांग्रेस पार्टी कोई काम करना ही नहीं चाहती है। आज तक क्या किया? उन्होंने कहा, कल सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक- एक योजना को बता दिया। प्रधानमंत्री ने तो साफ कहा कि हमने भी संविधान संशोधन किये, लेकिन

वह देश की भलाई के लिए किया, जबकि कांग्रेस ने संविधान संशोधन अपनी गद्दी बचाने के लिए किए।

बिहार के विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के माई -बहिन मान योजना के एलान पर केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि उनके माता-पिता ने 15 साल राज किया था, जरा बता दें, उस समय व कौन सी योजना लाए थे। यह भी उन्हें बताना चाहिए। उस दौर में न सड़क थी, न बिजली थी। उनके राज में अपहरण ही उद्योग था। इस पर भी उन्हें बोलना चाहिए। दरअसल, बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को कहा है कि अगर बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती है तो सरकार माई-बहिन मान योजना शुरू करेगी, जिसके तहत महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिमाह 2,500 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा था कि बिहार का नवनिर्माण महिलाओं की समृद्धि के बिना अधूरा है। इस योजना के तहत बिहार की प्रत्येक महिला के बैंक खाते में प्रत्येक महीने 2,500 रुपए हस्तांतरण किए जाएंगे। तेजस्वी ने कहा कि ये योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करेगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर उमर अब्दुल्ला के एक बयान के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वो क्या कहेंगे। वहां हम लोग रहकर के भी क्या करते, उन लोगों का हाल देख रहे हैं ना, क्या हो रहा है।

पुण्यतिथि पर याद किए गए लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल

● राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने लौह पुरूष को पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की पुण्य तिथि पर राजकीय समारोह का आयोजन पटेल चौक, चितकोहरा पुल के निकट सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा प्रांगण में किया गया। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री शिवशंकर निषाद सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये और उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा दी गई त्याग, बलिदान को याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

नीतीश कुमार ने ईमानदारी से बिहार का किया विकास : संजय

कार्यकर्ता सम्मेलन में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने भरी हुंकार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश जनता दल यू द्वारा रविवार को दरभंगा के लहेरियासराय पोलो मैदान में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि मीडिया चैनलों द्वारा लोकसभा चुनाव से पूर्व हमारे दल के विषय में तरह-तरह के नैरेटिव गढ़े जाते थे और लोगों में भ्रम फैलाया जाता था लेकिन चुनाव परिणाम ने सभी के जुबान पर ताला जड़ दिया। जब भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर षड्यंत्र के तहत सवालिया निशान खड़ा किया जाता है, तब-तब हमारे नेता नए रूप में उभर कर सामने आते हैं क्योंकि जनता का अशीर्वाद उनके साथ है। श्री नीतीश कुमार ने ईमानदारी से बिहार का विकास किया है। आगे उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की पहल से राज्य के दूसरे एम्स के लिए दरभंगा का चयन हुआ और इसका निर्माण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम साबित होगा। उत्तर बिहार के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल के लोगों को इसका खासा लाभ मिलने वाला है। साथ ही उन्होंने कहा कि उड़ान योजना तहत बनने वाले एयरपोर्ट में सबसे सफल एयरपोर्ट दरभंगा का है और आने वाला 5 साल दरभंगा के विकास के लिए अहम होगा। उन्होंने कहा कि बिहार का सर्वांगीण विकास डबल इंजन के एनडीए सरकार की पहली प्राथमिकता है और हम अपने लक्ष्य को हासिल करने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। केन्द्रीय बजट में भी बिहार के विकास को विशेष महत्व दिया गया।

सीएम नीतीश ने प्रदेश की तस्वीर बदली है : उमेश

उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि हमारे नेता का स्पष्ट मानना है कि भारत का विकास बिहार के बिना संभव नहीं है और बिहार का विकास दरभंगा के बिना संभव नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि गत 19 वर्षों के कार्यकाल में हमारे नेता ने प्रदेश की तस्वीर बदली है और दूरदर्शी सोच से सामाजिक न्याय के साथ विकास की लंबी लकीर खींचने का काम किया। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं मानवीय आवश्यकताओं से जुड़े मूलभूत संरचनाओं के क्षेत्र में अमूल-चूल परिवर्तन हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम आप सबों के बीच यह अपील करने आए हैं कि 2025 चुनाव की तैयारी में अब जोर-शोर से जुट जाना है और गलत मंसूबे पालने वाली विपक्षी पार्टियों को सबक सिखाना है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि जिन्होंने बेजुबान पशुओं का चारा लूटकर अपना तिजोरी भर लिया और नौकरी के नाम पर गरीबों का जमीन हड़प लिया, वो आज महिलाओं को झूठा झांसा देकर बरगलाना चाहते हैं। वास्तविकता यह है कि राजद के शासन में चारों तरफ सत्ता पोषित गुंडों का बोलबाला था और बहन-बेटियाँ स्कूल-कॉलेज जाने के नाम पर सहम जाती थीं।

सीएम ने सभी वर्गों के लिए किया काम

बिहार विधान परिषद में उपनेता ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि देश-दुनिया में हमारे नेता की पहचान सुशासन और विकास से होती है, जबकि विपक्ष की एकमात्र पहचान भ्रष्टाचार, जंगलराज और परिवारवाद से है। मंत्री मदन सहनी ने कहा कि हमारी सरकार केवल काम में विश्वास रखती है जबकि विपक्ष का एकमात्र काम झूठ और दुष्प्रचार फैलाना है। मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल में सभी जाति और धर्म के मानने वाले लोगों का विकास किया है। राजद की सरकार ने कभी महिलाओं के हित में कोई काम नहीं किया लेकिन उनके नेता अनाप-शनाप बोलकर महिलाओं को अपमानित करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अनुसूचित जाति और जनजाति समाज को विकास की मुख्यधारा में जोड़ा और राजनीतिक सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित कराकर उन्हें उचित मान-सम्मान दिलाया। समारोह की अध्यक्षता एवं संचालन दरभंगा के जिला अध्यक्ष गोपाल मंडल ने की।

राजद के झूठे वायदों पर भरोसा नहीं करेंगी महिलाएं : मंगल

● एनडीए के पक्ष में महिलाओं की एकजुटता से बेचैन हैं तेजस्वी

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि अपमान करने वाले राजद के झूठे वायदों पर बिहार की महिलाएं कभी भरोसा नहीं करेंगी। राजद नेता तेजस्वी यादव झूठे वायदे का पहाड़ खड़ा कर बिहार की महिलाओं व अन्य वोटरों को झांसा देने की कोशिश कर रहे हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि विगत विधान सभा उपचुनाव में करारी हार के बाद से राजद में बेचौनी है। बिखरते माई और बाप समीकरण की वजह से तेजस्वी यादव तरह-तरह के वायदे करते फिर रहे हैं। 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने के वायदे के बाद उन्हें महिलाओं की याद आई है। तीन दिन पहले सीएम की महिला संवाद यात्रा को लालू प्रसाद ने आंख सेंकने वाला बता कर एक

तरह से बिहार की महिलाओं गाली दी थी। अब तेजस्वी यादव माई-बहिन-मान योजना के तहत महिलाओं को प्रति महीने 2500 रुपये देने का वायदा कर महिलाओं को बहलाना चाहते हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में राजद का कोई तिकड़म नहीं चलने वाला है। बिहार की महिलाओं को अच्छी तरह मालूम है कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिलाओं के सच्चे हितैषी हैं। राजद का तिकड़म काम नहीं आने वाला है।

पूर्व मंत्री कृष्णानंद झा के निधन पर कांग्रेस में शोक

पटना। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं मधुपुर से पूर्व विधायक, शिक्षाविद कृष्णानन्द झा के निधन पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। अपने शोक संदेश में डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि स्व कृष्णानन्द बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित विनोदानन्द झा के सुपुत्र थे। कृष्णानन्द जी सौम्य व्यक्तित्व के धनी इंसान थे। वे पहली वार 1983 में चन्द्रशेखर प्रसाद सिंह के कार्यकाल में सिंचाई एवं राजभाषा मंत्री बनाये गये थे। उन्होंने तीन बार मधुपुर विधान सभा का प्रतिनिधित्व भी किया। उनकी राजनीति क्षेत्र के साथ-साथ समाजिक कार्यो में गहरी अभिरूचि थी । बिहार सरकार के मंत्री के रूप में राजभाषा के उत्थान के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहे। उन्होंने अखिल भारतीय स्तर की संस्था हिन्दी विद्यापीठ के व्यवस्थापक बनकर अंतिम सांस तक आगे बढ़ाते रहे। डा सिंह ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की इस विषम घड़ी को सहने की शक्ति और साहस देने की कामना की। कृष्णानन्द झा के निधन पर विधान मंडल दल के नेता डा शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, नरेन्द्र कुमार, प्रेमचन्द्र मिश्रा, डॉ समीर कुमार सिंह, निर्मल वर्मा, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, लाल बाबू लाल ने भी शोक व्यक्त किया है।

राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीयः दिलीप

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने रविवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन और उनके आदर्श राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं, जो हमें सतत प्रेरणा देते रहेंगे। डॉ. जायसवाल ने कहा, राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए सरदार पटेल का जीवनभर किया गया प्रयास अमूल्य है। उनकी महान सेवाएं, प्रशासनिक कुशलता और राष्ट्र को एकजुट करने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने सरदार पटेल के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आजादी से पहले छोटे-छोटे रियासतों में बंटे भारत को एकजुट करने के उनके प्रयास अतुलनीय थे। उनके प्रयासों से भारत लोकतांत्रिक प्रणाली के अंतर्गत एक संगठित राष्ट्र बन सका। डॉ. जायसवाल ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर संदेश में लिखा, भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता के संरक्षक, देश के प्रथम गृहमंत्री, लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी आज सरदार पटेल के आदर्शों और उनके सपनों को साकार करने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।

राजद कार्यालय में मनी रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं भारतरत्न लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल साहब की पुण्यतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर लौह पुरूष के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल साहब स्वतंत्रता आन्दोलन के अग्रणी नेता थे। वे किसान नेता के रूप में बारदोली के किसान संघर्ष को एक दिशा दी थी। वे छोटे-छोटे रियासत के खिलाफ थे, और करीब 610 रियासतों को मिलाकर उन्होंने एक भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन ने कहा कि लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल ने अपने स्पष्ट, कड़े और बेवाक निर्णय से देश की एकता को मजबूत किया था। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय महासचिव बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवचंद्र राम, प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव ईं अशोक यादव, संजय यादव, फैयाज आलम कमाल,बल्ली यादव, भाई अरुण कुमार, प्रमोद कुमार राम, नंदू यादव,निर्भय कुमार अंबेडकर, महेंद्र प्रसाद विद्यार्थी, उपेंद्र चंद्रवंशी, संजय कुमार वर्मा उर्फ डब्बू, डॉ रामबाबू चौपाल, अफसर नवाब, सैयद लियाकत हुसैन, विद्यानंदभारती, अमरेंद्र चौरसिया, चंदेश्वर प्रसाद सिंह,शिवजन्म यादव, मो अफरोज आलम, इंजीनियर संजय यादव, कुंदन राय, गणेश कुमार यादव सहित दर्जनों कार्यकत्ताओं ने लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

पुण्यतिथि पर लोजपा आर कार्यालय में लौह पुरूष को दी गई श्रद्धांजलि

पटना। लोजपा रामबिलास के प्रदेश कार्यालय एक व्हीलर रोड पटना में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के पुण्यतिथि मनाई गई। उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी और चुनाव अभियान प्रमुख सह मुंगेर प्रमंडल प्रभारी सुरेंद्र विवेक ने संयुक्त रूप से कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के स्वतंत्रता सेनानी, अधिवक्ता तथा कुशल राजनेता थे। उन्हें लोग सरदार पटेल के नाम से भी जानते थे। उन्होंने भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। वे भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई। स्वतंत्र भारत में देशी रियासतों के एकीकरण में महान चुनौती को सफलतापूर्वक हल किया। आज जरूरत है हम सभी को उनके पदचिन्हों पर चलने का। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान, प्रदेश प्रवक्ता अधिवक्ता दिनेश पासवान, अल्पसंख्यक सेल प्रदेश उपाध्यक्ष सरवर अली, युवा पटना महानगर अध्यक्ष कुंदन सिंह यादव, कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश भारती,प्रदेश मीडीया प्रभारी कुंदन कुमार तथा पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

तेजस्वी यादव को अभी सोचने की नहीं घूमने की जरूरत हैः संतोष

नेता प्रतिपक्ष की घोषणा पर बिहार सरकार के मंत्री ने कसा तंज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने महिलाओं के लिए एक बड़ी घोषणा की है। हर महीने 2500 रुपये बैंक खाते में जमा कराने का ऐलान किया है। उनकी इस घोषणा पर बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन ने तंज कसा और सलाह दी कि वो सैर पर निकल जाएं। संतोष कुमार सुमन ने कहा, वो शायद 2040 में इस तरह की योजना लाने की सोच रहे हैं। बिहार में एनडीए की सरकार है। यह सरकार सभी का ध्यान रखती है। तेजस्वी यादव को अभी सोचने की जरूरत नहीं है उन्हें घूमने की जरूरत है। कांग्रेस पर प्रधानमंत्री मोदी के कटाक्ष पर बिहार सरकार में मंत्री ने कहा, कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाया। तेजस्वी यादव के पिता लालू प्रसाद यादव आपातकाल

के दौरान जेल में थे। संविधान का गला घोंटा गया था। उस काले अध्याय पर पीएम मोदी ने कटाक्ष किया है। वहीं, वन नेशन वन इलेक्शन पर उन्होंने कहा, हम लोग इसके समर्थन में हैं। चुनाव के दौरान पैसों की खपत बहुत ज्यादा होती है। हमारी पार्टी ने लिखकर दिया था कि एक साथ चुनाव कराए जाएं। बता दें, तेजस्वी ने एक्स पोस्ट के जरिए ऐलान किया कि अगर बिहार में उनकी सरकार बनती है तो महिलाओं को माई बहिन मान योजना के तहत प्रतिमाह 2500 रुपये बैंक खाते में डाले जाएंगे। पोस्ट में उन्होंने लिखा, महिलाओं का आशीर्वाद जहां है, सुख-समृद्धि का वास वहां है। इसी मंत्र पर चलते हुए बिहार की हर महिला को हम सक्षम बनाना चाहते हैं। जब महिलाओं को ताकत मिलती है, परिवार और समाज खुद मजबूत हो जाते है। उल्लेखनीय है कि महिलाओं को लेकर झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना चला रही है। इस योजना से महिलाओं को काफी राहत मिली है। वहीं, महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस की सरकार माझी लड़की बहिन योजना भी चर्चा में है। इधर, दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी जीत के बाद महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये देने की घोषणा की है।

मैंने चाहा था तुमसे हँस कर मिलूँ, पर ये आँसू हमारे छलक ही पड़े!

● साहित्य सम्मेलन में स्मृतिशेष कवयित्री डा सुभद्रा वीरेन्द्र के गजल-संग्रह का हुआ लोकार्पण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

विदुषी कवयित्री सुभद्रा वीरेंद्र की प्रत्येक रचना में कोई न कोई स्वप्नदर्शी क्षण अवश्य लक्षित होता है। उनके शब्द और संवेदनाएँ पाठकों के हृदय को सहज ही द्रवित करती हैं। वो एक ऐसी तपस्विनी काव्य-साधिका थीं, जिन पर हिन्दी और भोजपुरी भाषाएँ गर्व करती हैं। उनको देखना और सुनना किसी वैदिक-कालीन ऋषिका के मुख से सामवेद की ऋचाओं को सुनने के जैसा पावन हुआ करता था। वो संगीत की एक सिद्धा आचार्या थीं। इसलिए उनके काव्य-पाठ में मर्म-स्पर्शी अनुगूँजभरी भाव-राशि का आनन्द था। यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में स्मृतिशेष कवयित्री डा सुभद्रा वीरेंद्र के गजल-संग्रह हम सफर के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि, नारी-मन की व्यथा की अत्यंत सघन अनुभूति को अभिव्यक्त करती उनकी गजलें नयी पीढ़ी का मार्ग-दर्शन भी करती हैं। उनकी रचनाओं का मूल धर्म उदात्त प्रेम और समर्पण है। उनकी भाव-संपदा कैसी है, उसे उनकी इन पंक्तियों से समझा जा सकता है कि - मैंने चाहा था तुमसे हँस कर मिलूँ/ पर ये आँसू हमारे छलक ही पड़े! कवयित्री के विद्वान पति और सुप्रसिद्ध समालोचक प्रो कुमार वीरेंद्र ने कहा कि सुभद्रा जी की इन गजलों, जिन्हें मैंने गजलिका कहा है, में सन्निहित विषय नितान्त वैयक्तिक न होकर सामाजिक स्थिति की वास्तविकताओं की ईमानदार अभिव्यक्ति है। इसके पूर्व समारोह का उद्घाटन करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री डा सी पी ठाकुर ने कहा कि सुभद्रा जी के साहित्य में समाज का सभी पक्ष प्रमुखता से आया है। समाज का सारा तबका उनका विषय है। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा, डा प्रेम नारायण सिंह, डा रत्नेश्वर सिंह, डा पुष्पा जमुआर, डा सुमेधा पाठक, कुमार अनुपम तथा सुधा मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। गीत के चर्चित कवि आचार्य विजय गुंजन, वरिष्ठ कवि डा सुनील कुमार उपाध्याय आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपने गीत और गजलों के मधुर पाठ से आयोजन को तरल और स्पंदित किया।

चुनावी जुमला छोड़ रहे हैं तेजस्वी यादव : अरविन्द

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पर प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि चारों विधानसभा उप चुनाव में करारी हार के कारण और आगामी 2025 विधानसभा में अपनी प्रत्यक्ष हार को देखते हुए महिलाओं को लुभाने के लिए चुनावी जुमला छोड़ रहे हैं तेजस्वी यादव। जिस राजद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव के शासनकाल में महिलाएं, बच्चियां शाम ढलते घर से बाहर निकलने से पहले दस बार सोचती थी। और बच्चे बच्चियों के लिए स्कूल के नाम पर चरवाहा विद्यालय खोल कर रख दिया गया था वें महिलाओं पर अब प्रवचन कर रहे हैं। मैं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को चुनौति देता हूं कि आपमें दम है तो नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी राजद के किसी महिला कार्यकर्ता को या नहीं तो आपने किसी बहन को दे दें। अपने बड़े भाई का कुर्सी को तो आपने हथिया लिया है। अब कोई अपने सगी बहन को नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी दे दें तो बिहार की जनता को समझ में आ जाएगा कि महिलाओं के प्रति आपके मन में सम्मान है। जिनके शासनकाल में सबसे ज्यादा महिलाएं प्रताड़ित हुई है। वें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिला संवाद यात्रा एवं महिलाओं के उत्थान के बारे में उनके महिला विकास कार्यक्रमों से डर गए हैं। चुनाव में राजद का प्रचंड हार के देख कर यह घोषणा कर रहे हैं।

वायू प्रदुषण नियंत्रण के लिए युद्ध स्तर पर किया जा रहा पानी का छिड़काव

निर्माण एवं विध्वंस सामग्री को जमा करने के लिए पटना नगर निगम की हेल्पलाइन नंबर 155304 पर करें संपर्क

● नियम नहीं मानने वालों पर पटना नगर निगम की तरफ से 1500 रुपए जुमार्ना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाये रखने के लिए निरंतर युद्ध स्तर पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। पटना नगर निगम द्वारा सड़क पर सीएनडी वेस्ट रखने एवं खुले में निर्माण करने वालों पर जुमार्ना लगाया जाता रहा है। इसी कड़ी में पटना नगर निगम द्वारा निर्माण करने वाले नागरिकों को सीएनडी वेस्ट के निष्पादन के लिए प्वाइंट दिया जा रहा है। यहीं नहीं पटना नगर निगम द्वारा भी इस कचरे को कलेक्ट किया जाएगा।

प्रति फेरा 600 रुपए देकर प्राप्त कर सकते है सुविधा

पटना नगर निगम क्षेत्र में इस सुविधा को प्राप्त करने के लिए आम नागरिकों को प्रति फेरा 600 रुपए शुल्क देना होगा। इसके लिए पटना नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर 155304 एवं वाट्सअप चैट बोट नंबर 9264447449 पर वाट्स से संपर्क कर सकते है।

अवैध मलवा फेंकने पर 1500 रुपए का लगेगा जुमार्ना

इसके साथ ही पटना नगर निगम द्वारा नियम का उल्लंघन करने वालों को 1500 रुपए जुमार्ना लिया जाएगा। कहीं भी मलबा नजर आने पर न सिर्फ उसे जब्त किया जाएगा बल्कि जिम्मेदार को जुमार्ना भी देना होगा।

सभी निर्माणकताओं को दिया जाएगा आइइसी मेटेरियल

पटना नगर निगम द्वारा वार्डों में घूमकर निर्माण करने वाले निजी एवं सरकारी सभी एजेंसी की न सिर्फ जांच की जाएगी। बल्कि नगर निगम कर्मियों द्वारा आइइसी मेटेरियल भी पैम्पलेट के रूप में शेयर किया जा रहा है जिससे उन्हें सीएनडी वेस्ट के निष्पादन के लिए स्थल और निगम की सुविधाओं की जानकारी मिल सके।

निरंतर मशीनीकृत तरीके से किया जा रहा पानी का छिड़काव

मशीनीकृत सफाई के माध्यम से पटना नगर निगम द्वारा रोड की धुलाई, पानी का छिड़काव सहित अन्य सफाई के कार्य किए जाते हैं। शहर के विभिन्न सार्वजनिक जगहों पर स्वीपिंग मशीन, एंटी स्मॉग गण एवं वाटर स्प्रिंकल के माध्यम से दो पाली में सफाई एवं धुलाई की जा रही है। विशेषकर गांधी मैदान के आस पास के क्षेत्र में विशेष रूप में दो पाली में छिड़काव किया जा रहा है। मैदान के बाहरी क्षेत्र के साथ ही मैदान के अंदर में भी पानी का छिड़काव किया जा रहा है। गौरतलब है कि गांधी मैदान के आसपास निर्माण के साथ मैदान परिसर में विभिन्न मेला एवं छात्र-छात्राओं की भीड़ होती है। ऐसे में पटना नगर निगम द्वारा निरंतर छिड़काव कर धूलकण को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रतिदिन रात्रि एवं दिन की पाली में अशोक राजपथ, बोरिंग रोड, बेली रोड, बाड़ी पथ, पोलो रोड, अटल पथ, डाकबंगला चौराहा, मीठापुर, कंकड़बाग सहित अन्य सड़को पर एंटी स्मॉग गण द्वारा छिड़काव किया जा रहा है।

इन सेकेन्ड्री प्वाइंट पर जमा कर सकते है सीएनडी वेस्ट

1.पाटलिपुत्रा कॉलोनी : पानी टंकी के पास
2.नूतन राजधानी अंचल : खगौल रोड, गर्दनीबाग
3.कंकड़बाग अंचल : एनआरएल पेट्रॉल पंप के पास, ट्रांसपोर्ट नगर
4.बांकीपुर अंचल- महाराणा प्रताप मैरिज हॉल के पास, आर्य कुमार रोड

सेवादल कांग्रेस की रीढ़, इसकी मजबूती जरूरीः अखिलेश

101 वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस सेवादल के सम्मेलन में बोलें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

पटना। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के 101 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रांतीय सम्मेलन में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक लालजी देसाई, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह प्रभारी शाहनवाज आलम एवं विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान विशेष रूप से मौजूद रहें। सेवा दल के प्रांतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस सेवादल के कार्यकताओं को पार्टी का आधार बताते हुए कहा कि सेवादल हमारे दल का आंख-कान हैं। कालांतर में पार्टी की मजबूती सेवादल के कार्यकताओं का सेवा भाव ही निर्धारित करता था और देश के किसी भी आपदा के वक्त सेवादल के कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी से कार्य करते रहें हैं। उन्होंने कार्यकताओं को आगे बढ़कर दल के मजबूती के लिए कर्तव्यनिष्ठा और जिम्मेदारी का एहसास कराते हुए नेतृत्व करने की मांग की। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आप सब लोग बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जी जान से जुट जाएं ताकि आने वाले समय में सेवादल पार्टी को और मजबूती प्रदान करें। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक लालजी देसाई ने कहा कि सेवादल अनुशासन और जिम्मेदारी का प्रतीक है। कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए सेवादल को मजबूत बनना होगा। सेवादल में कार्यकताओं को तैयार कर विचारक बनाया जाएगा जो गांव-गांव जाकर कांग्रेस और गांधीवादी विचारधारा से लोगों को अवगत कराएंगे। विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पिछले विधानसभा चुनाव में संगठन और कार्यकताओं के संघर्ष और मेहनत के कारण ही सफलता पाई थी। प्रांतीय सम्मेलन में कांग्रेस सेवादल प्रभारी अफरोज खान, कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक प्रोफेसर डॉ. संजय यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियां सेवादल ने शुरू कर दी है और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशन में बेहतर परिणाम देगी। प्रांतीय सम्मेलन में सचिव सह प्रभारी शाहनवाज आलम, पूर्व अध्यक्ष प्रो रामजतन सिन्हा, कौकब कादरी, कृपानाथ पाठक, वीणा शाही, अफाक आलम, डा समीर कुमार सिंह, प्रेमचन्द्र मिश्रा, प्रतिमा कुमारी दास, पूर्व सांसद अजय निषाद, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

केंद्र की एनडीए सरकार में बिहार का बड़ा योगदान है : संजय झा

दरभंगा जिला जदयू कार्यकर्त्ता सम्मेलन में जुटे सांसद, मंत्री व विधायक

समस्तीपुर, प्रात :किरण संवाददाता

दरभंगा। लहेरियासराय पोलो मैदान में जिला जदयू के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुये जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व सांसद संजय कुमार झा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में जदयू का क्या प्रदर्शन अच्छा रहा, आप सभी लोगों ने देखा है। दिल्ली में एनडीए सरकार चल रही है, उसमें बिहार का बहुत बड़ा योगदान है। नीतीश कुमार को बिहार की जनता ने अपार ताकत दी। बिहार को पहले साल में सात हजार करोड़ मिला है। हिसाब जोड़िएगा, कहां खर्च होगा। यह सभी आप जनता के बीच में ही खर्च होगा। इसके पहले उन्होंने जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, मंत्री लेशी सिंह, मदन सहनी,विधायक विनय कुमार चौधरी आदि के साथ सम्मेलन का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष झा ने कहा कि नीतीश कुमार ईमानदार मुख्यमंत्री थे, तब ने साइकिल दिए। रोड़ बनाए, बिजली की सुविधा दिए। यदि बेईमान लोग रहता तो क्या होता। पहले सरकार नहीं था क्या, पैसा कहां चला जाता था, क्यों नहीं स्कूल बनता था, व्यवस्था ठीक होती थी। बिहार का असली टाइम अभी आया है और दरभंगा का खासकर। आजकल लोकसभा या राज्यसभा में संविधान के ऊपर चर्चा चल रही है। इस चुनाव में भारी कन्फ्यूजन किया था कि संविधान खतरे में है। इस देश में संविधान कब खतरे में आया। नीतीश कुमार 19 महीने जेल में रहे हैं। कांग्रेस के लोगों ने जेल में रखा। संविधान खतरे में तभी रहा जब कांग्रेस की सरकार आई है। नरेन्द्र मोदी तो 11 साल से प्रधानमंत्री हैं, इतना सपोर्ट है, कहां संविधान खतरा में आया। इस पर डिबेट चल रहा है संसद में। लोकसभा में खत्म हो गया, अब राज्यसभा में चलना है। पार्टी की ओर से उन्हें भी संविधान के ऊपर बात रखना है। उन्होंने कहा कि पिछला विधानसभा का चुनाव हुआ अगर दरभंगा, मधुबनी,समस्तीपुर, सुपौल और कोसी के साथी मदद नहीं करते तो नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं बनते। जो आज तक नीतीश कुमार को वोट नहीं दिए खासकर उनसे अपील करते हुए कहा कि यदि आपको लगता है कि नीतीश कुमार ने काम किया है आप लोगों के लिए, यदि नहीं लगता है अपनी आत्मा से पूछ लीजिए। नीतीश कुमार ने सबके बाल बच्चे का ध्यान रखा। सबके लिए काम किया तो एक बार मौका है 2025 में सब हिसाब बराबर कर दीजिए। आप काम करने वाले के साथ नहीं खड़ा होइएगा, बेईमान के साथ खड़ा होइएगा तो आप उन्हीं के साथ चले गए। महाभारत में क्या हुआ था। कुछ ईमानदार लोग भी बेईमान लोगों के साथ खड़े थे। डबल इंजन सरकार का फायदा हम लोगों को तभी मिलेगा जब ईमानदारी से साथ देंगे। दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर में सिचाई की सुविधा के लिए भारत सरकार पैसा देने जा रही है। उसका प्रस्ताव बनकर जा रहा है ।कार्यक्रम में जदयू के जिला अध्यक्ष गोपाल मंडल, महानगर अध्यक्ष माधव कुमार झा, ईश्वर मंडल, नीतीश प्रभाकर,कमरे आलम जी, दीपक सिन्हा जी, शशि चंद्र पटेल, श्याम मंडल जी, मनोज साह जी, ठाकुर ईश्वर प्रसाद,जितेन्द्र राम, प्रीतम बिहारी, मनोज ठाकुर, नवाब अख्तर, इमाम, इकबाल, मोजमिल, सद्दाक, रौशन महतो, गौरी पासवान, पुरुषोत्तम चौधरी,अरविंद झा, अशरफ, नौशाद, धर्मेश साह, अवधेश पासवान, अनिल पासवान, सराफत आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

दरभंगा जिला कांग्रेस कमिटी ने किया नये सिरे से संगठन का विस्तार

दरभंगा। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के निर्देशानुसार दरभंगा जिला कांग्रेस संगठन का नये सिरे से विस्तार कर दिया गया है। संगठन में पूर्व मेयर श्रीमती मुन्नी देवी, उप महापौर नाजिया हसन, अंबर इमाम हाश्मी, जीवन झा, रघुवंश कु. सिंह, परमानंद झा, रीता सिंह, रीता मिश्रा सहित एक दर्जन उपाध्यक्ष तो वहीं महासचिव के पद पर शुशील कुमार सिंह, धनंजय सिंह सहित दो दर्जन से अधिक महासचिव व जिला सचिव बनाए गए हैं। वहीं जिला मीडिया प्रभारी के पद पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मो.असलम को एक बार फिर से जिम्मेदारी सौंपी गई है। रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी ने सभी पदाधिकारियों को चिट्ठी सौंपा है। इससे पूर्व सभी पदाधिकारियों को संविधान का सपथ भी दिलाया गया। वहीं जिलाध्यक्ष ने आकाशवाणी दरभंगा को केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा बंद किए जाने के खिलाफ 24 दिसंबर को आकाशवाणी दरभंगा के द्वार पर एकदिवसीय धरना देने की घोषणा की है।

अब्दुल बारी सिद्दीकी का अभिनंदन समारोह होगा ऐतिहासिक : राकेश नायक

दरभंगा।संघर्ष और सामाजिक न्याय के अग्रदूत, अब्दुल बारी सिद्दीकी, जो मेहनतकश जनता के हक और इंसाफ की आवाज हैं, को इंडिया गठबंधन के समर्थन से राजद कोटे से बिहार विधान परिषद का मुख्य सचेतक चुने गये हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए दरभंगा के जुबली हॉल में एक भव्य जनअभिनंदन समारोह को ऐतिहासिक बनाने हेतु महानगर युवा राजद दरभंगा के अध्यक्ष राकेश नायक के नेतृत्व में युवा राजद के क्रांतिकारी एवं कर्मठ साथियों के साथ बैठक कर उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में शिक्षा में आरक्षण जैसे क्रांतिकारी और प्रासंगिक विषय पर संवाद भी होगा, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में समानता की लड़ाई और सामाजिक न्याय के मूलभूत सवालों पर चर्चा की जाएगी।

किसानों की आर्थिक तरक्की के बिना देश का विकास संभव नहीं : सांसद

दरभंगा ।रबी फसल को देखते हुए किसानों को बगैर किसी परेशानी के बैंकों के द्वारा कृषि ऋण उपलब्ध कराने के मुद्दे पर दरभंगा सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने आज बिहार के उप मुख्यमंत्री सह बिहार सरकार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी से पटना स्थित आवास पर पहुंचकर मुलाकात किया तथा इस मुद्दे के साथ दरभंगा के विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर विस्तार चर्चा की ।इस क्रम में सांसद डा ठाकुर ने उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी के साथ साथ बिहार विधानपरिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह को भी पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया। सांसद डा ठाकुर ने उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री श्री चौधरी से रबी फसल में किसानों को आसान तरीके से कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए बैंकों को आवश्यक सुझाव देते हुए कहा कि लघु एवं सीमांत किसानों को कृषि ऋण खासकर किसान क्रेडिट कार्ड देने में बैंकों के द्वारा कागजी औपचारिकता के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है जबकि ससमय यदि किसानों को कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाए तो फसल पैदावार में वृद्धि की जा सकती है। देश की अर्थव्यवस्था कृषि तथा किसानो की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत की आत्मा खेत खलिहानों में बसती है

अटल की जयंती पर भाजपा करेगी संकल्प सभा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जयंती के मौके पर आगामी 29 दिसंबर को कांटी क्षेत्र के पानापुर हाई स्कूल मैदान में संकल्प सभा आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में दस हजार से अधिक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं का जुटान होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल करेंगे। वही इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजन कुमार करेंगे। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए रविवार को पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार के बीबीगंज स्थित आवास पर मुखिया इंद्र मोहन झा की अध्यक्षता में कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस कार्यक्रम को यादगार व ऐतिहासिक बनाने के लिए आज से ही कार्यकताओं को लग जाने का निर्देश दिया गया। बैठक के बाद पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने बताया की संकल्प सभा ऐतिहासिक होगा। इस कार्यक्रम में केंद्र व राज्य के पार्टी के कई वरिष्ठ नेतागण भी शामिल होंगे। कार्यक्रम स्थल पर संकल्प सभा के उपरांत सामूहिक भोज का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए मैं स्वयं अपने टीम के साथ कांटी व मड़बन प्रखंड के सभी गांव में उपस्थित होकर लोगों को दरवाजे-- दरवाजे जा कर निमंत्रण देंगे। श्री कुमार ने कहा कि इस संकल्प सभा में क्षेत्र के लोगों की बड़ी भागीदारी होगी एवं पिछले सभी भिड़-भाड़ वाले कार्यक्रम का रिकॉड टूटेगा। बैठक में पूर्व मुखिया नंद किशोर सिंह , जय किशन कुमार चौहान, मुरारी झा, मोहम्मद शमीम, पूर्व मुखिया मोतिउर रहमान , अजय चौधरी, राम जपु यादव, साजन सहनी, नंदन महतो , रंजीत चौधरी, राजेश कुमार सिंह, अरविंद सिंह, नवल प्रसाद यादव , पवन सिंह, सुरेंद्र सिंह , मिट्ठू पांडे, नीरज कुमार साह, सरोज सिंह, अमन कुमार सिंह, पप्पू गुप्ता , नीरज सिंह , राजू सिंह , पूर्व सरपंच मनोज कुमार सिंह , राजकुमार शाह , सुधीर कुमार सिंह , प्रभाकर चौधरी , मुकेश शाह, मंकू पाठक , उपेंद्र शाह , रवि शाह आदि लोगों ने अपना अपना विचार व्यक्त करते हुए 29 के कार्यक्रम को ऐतिहासिक व असमरणीय बनाने का लोगों से अपील किया।

नीतीश कुमार के कार्यकाल में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जो विकास से अछूता हो : प्रो विनय चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।बेनीपुर विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लगभग दो दशक के कार्यकाल में बिहार ने नित्य नई ऊंचाइयों को छुआ है और इनका तुलना किसी से किया जाना ही व्यर्थ है ।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का शासन काल न भूतों ना भविष्यति की तर्ज पर काम कर रही है ।कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जो विकास से अछूता हो ।बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सहित सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर ससमय उतारने का काम किया गया है ।जो काम आज बिहार सरकार पूरा कर लेती है उस पर कई राज्य के प्रतिनिधि आकर काम का मुआयना करते हैं फिर अपने यहां लागू करने की बात सोचा करते हैं। उन्होंने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि विरोधी दल के पास तो आजकल कोई मुद्दा नहीं रह गया है ।अनाप-शनाप बक रहे हैं केवल झूठ बोल रहे हैं ।जहां तक वह रोजगार और नौकरी की बात तेजस्वी यादव कर रहे हैं सो उन्हें सोचना चाहिए संविधान की प्रति दिखाने के लिए नहीं होती है उसका अध्ययन भी करें उसमें स्पष्ट उल्लेखित है की सरकार मुख्यमंत्री की होती है और मंत्रिमंडल उनके सहयोगी के रूप में काम करते हैं ।तो मुख्यमंत्री के रूप में नितीश बाबू पदासीन है तो फिर तेजस्वी यादव कहां से रोजगार और नौकरी देने की बात करते हैं ।उनके छलावे का समय बीत चुका है अब बिहार की जनता उनके छलावे में फसने वाली नहीं है ।अब वह समय नहीं रहा जब कोई जाति या धर्म के नाम पर बिहार के लोगों को बांटने का काम करेंगे। बिहार में नितीश बाबू ने यह साबित कर दिया है कि विकास ही बिहारी का मुख्य मुद्दा है ।और रोजगार एवं नौकरी का सरकार ने जो वादा किया है वह आधे से अधिक पूरे कर लिए गए हैं और शेष बचे हुए हर विभाग में रिक्ति लेकर वैकेंसी निकाली जा रही है और सभी खाली पदों को शीघ्र भरा जा रहा है।

बड़ी बहन के स्थान पर अवैध रूप से सीटीईटी परीक्षा दे रही फर्जी महिला अभ्यर्थी गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के सीपीएस में आयोजित सीटीईटी परीक्षा में अवैध रूप परीक्षा देने के आरोप में स्कूल के प्रिंसिपल की शिकायत पर नगर थाना पुलिस ने एक फर्जी महिला अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार फर्जी महिला अभ्यर्थी दरभंगा जिले की बताई गई है। जो कथित रूप से अपनी बड़ी बहन के स्थान पर गैरकानूनी ढंग से सीटीईटी की परीक्षा दे रही थी। सीटीईटी प्रथम पाली परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक एवं आधार चेकिंग के दौरान उसे पकड़ा गया। प्रमाणपत्र एवं कागजात की जांच के बाद उसे तत्काल परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया। उसने लिखित व मौखिक रूप से अवैध रूप से परीक्षा देने की बात स्वीकार की है। उसे पकड़ कर पुलिस को इसकी सूचना देकर सौंप दिया गया। वहीं स्कूल के प्रिंसिपल के आवेदन पर नगर थाना में मामला दर्ज किया गया है। वहीं इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर गिरफ्तार फर्जी अभ्यर्थी के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

एसआईटी ने पिकअप लूट मामले का किया खुलासा, चार अपराधी गिरफ्तार

लूटी गई पिकअप के साथ एक स्कार्पियो व तीन मोबाइल बरामद

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस की एसआईटी टीम ने सरायरंजन थाना क्षेत्र के वरुणा पुल के पास बीते 13 दिसंबर की रात हथियार के बल पर लूट की गई एक पिकअप मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी संतोष सहनी गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लूटी गई पिकअप, एक स्कार्पियो व तीन मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान सरायरंजन थाना क्षेत्र के गंगसारा वार्ड नंबर 13 के दुखन गिरी के पुत्र मिथुन गिरी, रायपुर बुजुर्ग के अनिल पुरी के पुत्र रजनीश पुरी, ताजपुर थाना क्षेत्र के सौंगर के अरविन्द गिरी के पुत्र रौशन गिरी एवं कपूरींग्राम थाना क्षेत्र के विक्रमपुर बांदे के नागेश्वर राय के पुत्र संजय कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के द्वारा की गई पूछताछ में गिरफ्तार बदमाशों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार इस घटना को सक्रिय व पेशेवर अपराधी संतोष साहनी के गिरोह सात अपराधियों के द्वारा अंजाम दिया गया था। सभी अवैध शराब के कारोबार से भी जुड़े हुए हैं। फरार अन्य अपराधियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के संबंध में पिकअप चालक जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के प्रताप बिगहा गांव निवासी सुबोध कुमार के पुत्र रवि कुमार के द्वारा घटना के संबंध में सरायरंजन थाना में मामला दर्ज कराया गया था। एएसपी सह सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पिकअप चालक रवि कुमार अपने पिकअप पर नशामुक्त बिहार से संबंधित पंपलेट का बंडल लोड कर पटना से समस्तीपुर होते हुए मधेपुरा उत्पाद थाना जा रहे थे। इसी दौरान वरुणा पुल के पास 13 दिसंबर की रात करीब 10 बजे एक बाइक सवार दो अपराधी व स्कार्पियो सवार एक अपराधी के द्वारा पिस्तौल के बल पर उनका पिकअप लूट लिया था। इसकी सूचना मिलने पर सरायरंजन थानाध्यक्ष विकाश कुमार आलोक ने इस घटना के संबंध में वरीय पदाधिकारियों को इससे अवगत कराया। इसके बाद एसपी अशोक मिश्रा के निर्देश पर एएसपी सह एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया था। सभी थानों को अलर्ट किया गया और आसपास के थानों के आपसी समन्वय व संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई में चार बदमाशों को लूटी गई पिकअप के साथ विक्रमपुर बांदे से गिरफ्तार किया गया।

लक्ष्मी टॉकीज में चोरी करते एक चोर को लोगों ने पकड़ा, चोरी के सामान के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के मगरदही घाट के पास स्थित बंद पड़े लक्ष्मी टॉकीज में लाखों रुपए मूल्य के समानों की चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का कुछ सामान भी बरामद किया गया है। इस घटना के संबंध में लक्ष्मी टॉकीज के संचालक रोशन कुमार ने मामला दर्ज करने को लेकर नगर थाना में आवेदन दिया है। दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि उनका सिनेमा हॉल लक्ष्मी टॉकीज पिछले साल से ही बंद है। जिसमें 15 दिसंबर को चोरी होने की सूचना आसपास के लोगों के द्वारा दी गई। लोगों ने एक चोर को भी पकड़ कर रखा हुआ था। जिसकी पहचान चीनी मिल चौक के बांध किनारे के रहने वाले गुड्डू राम के पुत्र सागर राम के रूप में बतायी गई है। इससे पहले भी चोरों ने सिनेमा हॉल से कई कुंटल लोहा, ताम्बा, साउंड का सामान, लोहे का पाइप व छड़ आदि की चोरी कर ली थी। पूछताछ में उसने चोरी की घटना में संलिप्त अपने एक सहयोगी का नाम भी बताया है। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद किया है। इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है और इसमें एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

वीर शिवाजी टी ट्वेंटी क्रिकेट कप पहले दिन जयनगर और सरलाही के बीच होगा मैच

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी मधवापुर रविवार को प्रखंड मुख्यालय मधवापुर स्थित आरएनजेडिग्री कॉलेज ग्राउंड रामपुर मधवापुर में वीर शिवाजी टी ट्वेंटी क्रिकेट कप आयोजन समिति के द्वारा टूनार्मेंट आयोजन को लेकर क्षेत्रीय विधायक सुधांशु शेखर की गरिमामय मौजूदगी में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। जहां इस आयोजन को लेकर सभी सूचनाएं सार्वजनिक की गई। जानकारी देते हुए समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्ष 2017 में स्थापना के बाद से ही भारत नेपाल सीमावर्ती इलाके के इस प्रसिद्ध क्रिकेट टूनार्मेंट में दोनो देशो की टीमे जीत के लिए खेलती रही है। इस बार भी इस आयोजन में नेपाल के महोत्तरीसरलाही लादोबेलाधनुषा रौतहट सोनम 11 तो भारत के उत्तर प्रदेश के बनारस और आगरा बिहार की पटना शेखपुरा नवादा मुजफ्फरपुर सुपौल पलामू जयनगर और मधवापुर की टीमें सहित कुल 16 टीमें खेल रही है ।जहां 22 से 29 दिसंबर तक लीग मैच 2 जनवरी से 5 जनवरी तक क्वार्टर फाइनल 7 और 8 जनवरी को सेमीफाइनल मुकाबला जबकि 11 जनवरी को फाइनल महामुकाबला खेला जाएगा। आयोजन को लेकर पिच निर्माण ग्राउंड लेवलिंग टीम मैनेजमेंट सहित सभी प्रकार की तैयारियां अंतिम चरण में है। टूनार्मेंट का उद्घाटन स्थानीय से लेकर सदन तक के दोनो देशो के जनप्रतिनिधियो एवं वरीय अधिकारियो की गरिमामय मौजूदगी में होगा। वही अभिभावको की मार्गदर्शक कमिटी आयोजन की देखरेख एवं मार्गदर्शन करेगी ।कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष पीतांबर मिश्र ने की। मौके पर विशिष्ट अतिथि प्राचार्य प्रो जयमंतमिश्र सचिव राजेश कुमार साह, उपाध्यक्ष अतिबूल रहमान संयोजक अमरेंद्र मिश्र बबलू, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी निखिल मिश्रा संरक्षक शिवकुमार साह गणेश साह कोषाध्यक्ष सतीश कुमार उपकोषाध्यक्ष शैलेन्द्र साह व्यवस्थापक लाल किशोर कुमार राकेश कुमार झा जितेंद्र कुमार रजवन साह मो मुस्तकिम राजेश मिश्र छोटू सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

पिस्टल सफाई के दौरान चली गोली, इलाज के दौरान मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे शनिवार के देर संध्या रहिका थाना क्षेत्र के मारर गांव में घर के अंदर दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे थे। तीन युवक जहां पार्टी में पिस्टल सीखने के दौरान गोली चल गई ।उक्त गोली युवक के पेट के पजरे में लगी। जिससे लड़का गंभीर रूप से जख़्मी हो गया था ।गंभीर जख़्मी देख परिजन ने आनन फानन सदर अस्पताल मधुबनी लाया गया चिकित्सक ने नाजुक हालत देखते हुए रेफर कर दिया। रेफर के दौरान परिजन ने शहर के क्रिब्स अस्पताल लाया गया ।क्रिब्स अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गया। मृतक युवक की पहचान अजीत पासवान के रूप में किया गया था। वही घटना होने से रहिका थाना रविन्द्र कुमार राजनगर थानाध्यक्ष घटना स्थल पर जाकर मामले की जांच में जुट गए थे। जबकि मृतक के मां मंजू देवी ने अपने फर्द बयान मे चार युवक को नामजद करते हुए रहिका थाना को आवेदन दिया.थानाध्यक्ष के द्वारा फर्द बयान के आधार पर कांड अंकित कर लिया गया.वही घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक मधुबनी के द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया टीम मे शामिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर,पुलिस निरीक्षक विक्रम आचार्य, रहिका थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार,राजनगर थानाध्यक्ष सचिन कुमार,अपर थानाध्यक्ष रहिका संदीप कुमार सिंह,एएसआई मो0मोईन,तकनिकी कोषांग सुरेश कुमार मनोहर कुमार,शिवशंकर उरांव को टीम गठित कर घटना में संलिप्त युवक को पकड़ने हेतु छापेमारी का निर्देश दिया गया था। पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर उक्त बातें बताई है ।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि, मृतक अजीत कुमार पप्पू पासवान के यहां नौकरी करता था। नौकरी करने के बाद मृतक अपने घर के लिए चला गया। उसी दिन मृतक अपने घर पर मछली बनवाया और अपने एक दोस्त सोनू साह एवं मेरा भाई विकास पासवान को दावत पर बुलाया ।तीनों युवक खाना खाने के बाद एक कमरे में दरवाजा बंद कर अवैध हथियार दो पिस्टल जो कि मृतक अजीत पासवान पप्पू पासवान संभवतः के यहां से लाया था। मृतक अजीत पासवान इस हथियार को खोलजोर एवं कॉक करने के क्रम में अजीत पासवान के द्वारा ही गलती से गोली चल गया। तथा उसके पेट में एक गोली लग गई। एसपी ने बताया कि घटित घटना के बारे में मृतक के दोस्त सोनू शाह ने रहिका थाना पर उपस्थित होकर पुलिस को सारी सच्चाई बताया। जबकि उसके निशान देही पर मृतक अजीत पासवान के घर से पुलिस ने एक पिस्टल,एक मैगजीन एवं एक खोखा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चार युवक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि सतलखा पाठक टोल निवासी जय प्रकाश का पुत्र सोनू शाह को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास है। वही अन्य को गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है ।कांड मे संलिप्त अपराधिओं को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा.

अपर सचिव ने योजना संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने का नप को दिया कड़ा हिदायत

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा) ।नगर परिषद बेनीपुर कार्यालय कई विवादों को लेकर बहुचर्चित बना हुआ है। एक मामले में नगर विकास व आवास विभाग के अपर सचिव ने प्रभारी ईओ को योजना संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने का कड़ा हिदायत दिया है। नप क्षेत्र के 29 वार्ड में पार्षदों को खुश करने के लिए नप प्रशासन ने 15-15 लाख रुपए का विभागीय कार्य आवंटित किया है। विभागीय टेंडर से निकाला गया 82 योजना में से 32 में संवेदक ने भाग लिया लेकिन 32 योजनाओं का अब तक सी.एस(तुलनात्मक विवरणी) नहीं कराया गया है। जानकार सूत्रों के मुताबिक नगर विकास एवं आवास विभाग पटना के अपर सचिव दयाशंकर झा ने नप के प्रभारी ईओ से पूर्व साइनेज बोर्ड के निविदा एवं कार्यदेश संवेदक को मिलने के बाद बगैर रद्द किये पुनः निविदा की अध्ययतन जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। सूत्र बताते हैं कि 28 जून 2023 को एक करोड़ 45 लाख रुपए का साइनेज बनाने के लिए फाइव ब्रो मैन्युफैक्चरिंग कंपनी राजस्थान के संवेदक को निविदा के बाद कार्यदेश मिला। निविदा जेम पोर्टल पर निकाला गया था। इसमें 325 पीस साइनेज बोर्ड बनाने का कार्यदेश राजस्थान के एजेंसी को मिला। बेनीपुर नप के लिए 140 नगर पंचायत बहेड़ी 95 तथा नगर पंचायत कुशेश्वर पूर्वी के लिए 90 कुल 325 शामिल है। एजेंसी के प्रोपराइटर विजेंद्र कुमार ने बताया कि बेनीपुर नप प्रशासन फंड उपलब्ध नहीं होने का बहाना बनाकर लंबे समय तक डालता रहा। उन्होंने कहा कि इस बीच नप के ईओ ने 3 नवंबर को जेम पोर्टल पर साइनेज बोर्ड बनाने के लिए निविदा प्रकाशित कर दिया। जानकार बताते हैं कि अधिसूचित नप के ईओ दीपक कुमार के 5 माह के लंबी छुट्टी पर जाने के दौरान विभाग ने दरभंगा नगर निगम के उपायुक्त जय कुमार को बेनीपुर के ईओ का प्रभाव सौंप दिया। इस बीच पार्षद को खुश करने के लिए नप प्रशासन ने सशक्त स्थाई समिति की बैठक कर प्रत्येक वार्ड में 15-15 लाख रुपए का सड़क, नाला, प्रोटक्शन वॉल, फबेर ब्लॉक लगवाने के लिए विभागीय कार्य करवाने की स्वीकृति दे दी। इसके कार्य के लिए अभिकर्ता जेई एवं नपकर्मी को बनाया गया। चर्चा है कि पार्षद को खुश करने के लिए नप प्रशासन विभागीय कार्य दिखाकर इसका लाभ पार्षद को दिलाने में लगे हैं। विभिन्न वार्ड में आधा अधूरा विभागीय काम किया गया है लेकिन पूरा राशि निकालने के लिए नपकर्मी दिन-रात एक किए हुए हैं। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होने पर नपकर्मी के ऊपर कारवाई की तलवार लटक रही है ।प्रभारी ईओ जय कुमार ने पूछने पर बताया कि विभागीय 32 निविदा कार्य का सीएस नहीं हुआ ।उन्होंने कहा कि विभागीय कर्मी द्वारा विभिन्न वार्डों में चल रहे कार्य कुछ हुआ है और शेष अधूरा रह गया है।

सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने सीमावर्ती गांव में लगाया नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल48वी वाहिनी जयनगर द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत समवाय मधवापुर के कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले गाव रामपुर कजरा एवं हनुमाननगर में आयोजन गोविंद सिंह भण्डारी कमांडेंट 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के निदेर्शानुसार निशुल्क पशु-चिकित्सा शिविरो का आयोजन किया गया ।इन पशु चिकित्सा शिविर में डा॰ एस.एन. सिंह,कमांडेंट पशु-चिकित्सक के द्वारा गाव रामपुर कजरा एवं हनुमाननगर के आस-पास के गांवों के लोगों के मवेशियो की जांच कर आवश्यकतानुसार दवाइयो का वितरण किया एवं उन्हे बदलते मौसम में पशुओ की देखरेख संबंधी जानकारिया दी गयी ।इन पशु चिकित्सा चिकित्सा शिविर में 96 ग्रामीणो के 300 से अधिक मवेशियो का इलाज किया गया । डा॰ एस.एन. सिंह कमांडेंट (पशु-चिकित्सक) के द्वारा पशुपालकों को पशुओं की उन्नत नशलो के बारे में भी जानकारी दी गयी ।स्थानीय लोगो द्वारा सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमाक्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कल्याण कारी कार्यो हेतु बल की प्रशंसा की जा रही है एवं भविष्य में इसी प्रकार के शिविरो का आयोजन करने हेतु आव्हान भी किया गया है ।सशस्त्र सीमा बल अनवरत रूप से जन सरोकार के तथा आम जनता के हित के लिए सदैव प्रयत्नशील रही है ।

समस्तीपुर के संजय कुमार सिंह बने ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के मैनेजिंग कमेटी सदस्य

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिला मोटर व्यावसायी संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह का मोटर व्यवसायियों के अखिल भारतीय संगठन ह्लऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेसह्न के मैनेजिंग कमेटी के सदस्य के रूप में निर्वाचित होने पर जिले के परिवहन व्यवसायियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के मुख्य चुनाव पदाधिकारी डॉ जीआर शणमुगुप्पा ने पत्र जारी कर संजय कुमार सिंह के निर्विरोध निर्वाचित होने की सूचना दी। विदित हो कि वर्षों से श्री सिंह स्थानीय संगठन के जिलाध्यक्ष होने के साथ-साथ बिहार ट्रक ओनर एसोसिएशन के भी प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। जिला मोटर व्यवसायी संघ के महासचिव संजीव कुमार सुमन ने श्री सिंह के निर्वाचित होने पर खुशी जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय संगठन में पहली बार बिहार को प्रतिनिधित्व मिला है ये समस्तीपुर के साथ-साथ बिहार के लिए गौरव की बात है। अब बिहार के मोटर व्यवसायियों की समस्याओं को प्रमुखता से राष्ट्रीय स्तर पर भी उठाया जा सकता है। इनके निर्वाचन पर मनीष अग्रवाल, मनोज कुमार सिंह, सुजीत राय, संतोष कुमार सिंह, राजबाला राय, अमरजीत सिंह, अरविंद राय, धीरज कुमार, विशाल गौरव, उमेश राय, मोहम्मद मकसूद आलम अंसारी, रामकृष्ण, रिंकू सिंह, विनय कुमार सिंह, संजय राय, सुनील राय, मिथिलेश यादव, मोहम्मद शकूर, कुंदन कुमार सहित कई मोटर व्यवसायियों ने खुशी जाहिर की है।

संक्षिप्त खबरें

एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट कर किया घायल मामला हुआ दर्ज

जमुई [झाझा] एक व्यक्ति के साथ दो लोगों के द्वारा मारपीट कर घायल कर देने का मामला थाना में दर्ज किया गया । अपने दर्ज आवेदन में बुढनेर गांव निवासी गोपाल यादव ने बताया कि शनिवार को दस दिन बजे दिन में मेरे पिताजी जगदीश यादव अपने खेत पर बकरी चरा रहा था तभी वहां पर बैठ मेरे गांव के ही कुशल यादव और औरैया गांव निवासी द्वारिक यादव दोनों मिलकर हमारे पिताजी के साथ गंदी-गंदी गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा से मारपीट करने लगा जिससे मेरे पिताजी घायल हो गया । रास्ते से गुजर रहे राहगीर की नजर हमारे पिता पर पड़ी तो उन्होंने वहां पर आकर बीच बचाव किया उसके बाद उन्हें रेफर अस्पताल ले जाकर इलाज करवाया । इन लोगों ने पुराने रंजीश को लेकर हम लोगों को प्रताड़ित करते रहता है । मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई ।

सस्ता और सुलभ न्याय का साधन है : राष्ट्रीय लोक अदालत

जमुई : राष्ट्रीय लोक अदालत भारतीय न्यायिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो त्वरित, सुलभ, और निःशुल्क न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित होती है । इसका आधार गांधीवादी सिद्धांत है, जो समाज के वंचित, शोषित, और गरीब तबके को न्याय सुलभ कराने पर जोर देता है । लोक अदालत के फायदे और उद्देश्यः 1. सस्ता और त्वरित न्यायः मुकदमों का शीघ्र निपटारा, जिससे वादी को तारीख पर तारीख से मुक्ति मिलती है ।न्यूनतम खर्च और समय की बचत। 2. आपसी सुलह और सौहार्दः वादों का निपटारा बातचीत और सुलह के आधार पर किया जाता है । इसमें हार-जीत का प्रश्न नहीं होता, बल्कि आपसी सहमति से विवादों का समाधान होता है । 3. निःशुल्क कानूनी सहायताः कमजोर वर्गों और गरीबों को मुफ्त में कानूनी सेवाएं उपलब्ध कराना। 4. विविध मामलों का समाधानः बीमा, बैंक ऋण, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना, वैवाहिक विवाद, राजस्व, और अन्य दीवानी मामलों का निपटारा। 5. अंतिम और चुनौती रहित निर्णयः लोक अदालत में दिए गए फैसले अंतिम होते हैं और इनके खिलाफ अपील नहीं की जा सकती।

पंचायत सहित विद्यालयों में बनने वाले खेल मैदान की प्रगति देखने पहुंचे डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । राज्य सरकार द्वारा मनरेगा योजना के तहत जिले के विभिन्न पंचायतों में बनने वाले खेल मैदान के विकास कार्यों का शनिवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने उच्च विद्यालय पाटम, नौवागढ़ी मैदान, उत्क्रमित उच्च विद्यालय +2 चड़ौन के मैदानों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां प्रारंभ होने वाले वाले खेल मैदान के विकास कार्यों का जायजा लिया। इसके अलावे उन्होंने उत्क्रमित उच्च विद्यालय $2 चड़ौन तथा मध्य विद्यालय चड़ौन का भी औचक निरीक्षण किया। वहीं चड़ौन में बन रहे नए पंचायत सरकार भवन का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की उपस्थिति पंजी आदि का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे ।जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार वर्तमान में युवाओं में खेल को बढ़ावा देने व उनके प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से कई कार्य योजना चला रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न पंचायतों में खेल मैदान का भी निर्माण किया जाना है। इस परिपेक्ष्य में आज उच्च विद्यालय पाटम, नौवागढ़ी खेल मैदान, उत्क्रमित उच्च विद्यालय +2 चड़ौन के मैदानों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां प्रारंभ होने वाले खेल मैदान के कार्य योजना का जायजा लिया गया। सभी मैदानों में निर्माण कार्य को एक माह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। इन मैदानों में बॉस्केट बॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन के कोर्ट के अलावे एथलिटों के दौड़ने के लिए ट्रैक का भी निर्माण किया जाना है। जिलाधिकारी ने बताया कि इन मैदानों के निर्माण से निश्चित रूप से युवाओं में एक अलग उर्जा का संचार होगा और वे अपने निकटम मैदानों में प्रैक्टिस कर अपने खेल प्रतिभा को और ज्यादा निखार सकेंगे।

उन्होंने सभी युवा खिलाड़ियों से अपील करते हुए कहा कि वे पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी अवश्य रूची रखें। यदि उन्हें लगता है कि वे खेल में ही अपना भविष्य निखार सकते हैं तो वो निश्चित तौर पर संबंधित खेलों में अपनी प्रतिभा को निखारें और अपने खेल के बेहतरीन प्रदर्शन से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाकर अपने राज्य का नाम रौशन करें। राज्य सरकार द्वारा संचालित मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को नौकरी भी दी जाएगी। मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा अब तक कई खिलाड़ियों को नौकरी दिया जा चुका है, इस लिए ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी खेल में भी अपनी प्रतिभा को अवश्य प्रदर्शित करें। जिले के लगभग सभी पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण होना प्रस्तावित है, ऐसे में स्थानीय खिलाड़ियों को निश्चित रूप से इसका लाभ मिलेगा।

जिला क्रिकेट लीग के सातवें मैच में स्टेशन क्लब झाझा ने 111 रनों से सुपर कैट को हराया

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] नगर के चंदवारी मैदान में चल राज जिला क्रिकेट का सातवें मैच रेलवे स्टेशन क्लब झाझा एवं सुपर कैट टीम के बीच खेला गया स्टेशन क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 30 ओवरों में स्टेशन क्लब 207 रनों का लक्ष्य रखा जिसमें विराट रितेश 58 रनों एवं अमित राय 51 रनों एवं अभिषेक कुमार 38 रनों की पारी खेली वहीं पर सुपर कैट की ओर से बोलिंग करते हुए आयुष 3 विकेट एवं रौनक गुप्ता 3 विकेट लेने में सफल रहे लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपर कैट की टीम 23 वे ओवर के अंदर 95 रन बनाकर सिमट गई सुपर कैट की ओर से प्रिंस सैनी 26 रनों एवं गुलशन कुमार सिंह 10 रनों बनाएं वहीं पर स्टेशन क्लब क्लब की ओर गेंदबाजी करते हुए नीतीश कुमार 3 विकेट एवं अमित 2 विकेट एवं ऋतिक 2 विकेट लेने में सफल रहे हैं अंपायर के भूमिका वसीम अकरम एवं दिलखुश कुमार मौके पर कपिल डेंटल क्लीनिक के चिकित्सक संयुक्त सचिव डॉक्टर राकेश कुमार, सुमन कुमार, गौरीशंकर पाल, शशि कुमार सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे ।

दर्जनभर से ज्यादा किसान के बथान पर रखे धान की पुंज में लगी आग

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] करहरा पंचायत के भेलविंदा गांव के बगल खेत मे रविवार को रखे आधा दर्जनभर किसानों का भारी मात्रा में रखे धान की पुंज में अचानक आग लग गया जिसके कारण क्षेत्र में लोगों के बीच हड़कंप मच गया और पीड़ित किसानों को भारी मात्रा में क्षति पहुंचा। अगलगी की घटना में लगभग 10 लाख रुपये से अधिक का नुकसान किसानों को हुआ है। वही आग लगने का कारण सामने नही आ सका। अगलगी की घटना के बाद पीड़ित किसान को लाखों की क्षति होने के बाद बुरा हाल बना हुआ है और सरकार से मुआवजा देने की गुहार लगाया है। इसकी सूचना लोगों के द्वारा तुरन्त अग्निशमन विभाग को सूचना दिया जिसके बाद अग्निशमन विभाग घटना स्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुट गए। अग्निशमन विभाग और ग्रामीणों की मदद से फैली आग पर करीबन 3 घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दरअसल खेत से किसान धान काटकर खेत के बथान में धान लगे पुंज को अलग अलग टाली बनाकर रखे हुए था जिसके बाद किसान पुंज से धान को झाड़कर अलग करता उससे पहले किसानों के रखे धान के पुंज में अचानक आग लग गई जिससे किसानो के बीच हड़कम्प मच गया। मनोज यादव, सनोज यादव, बालकिशुन यादव, कुशल यादव, चुरामन यादव, सौदागर यादव, सुधीर यादव, सुनील यादव सहित करीबन 17 किसान अपने अपने खेत से धान काटकर एक जगह अलग अलग धान की पुंज एकत्रित कर रखे हुए था वही अचानक आग लगने के बाद सभी एकत्रित धान की पुंज में आग लगने के बाद आग की लपेटे चारों तरफ फैलना शुरू कर दिया जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके स्थल पर लग गई और लोगों ने आग पर पानी डालना शुरू कर दिया ।

जमीन विवाद में दम्पति के साथ हुई मारपीट

जमुई [झाझा] जमीन विवाद को लेकर थानाक्षेत्र के सिकरडीह गांव में दम्पति ल साथ गांव के ही एक परिवार के सदस्यों के द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल की पहचान आलमगीर अंसारी और उसकी पत्नी हसिरा खातून के रूप में हुई है। घायल दम्पति इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टर के द्वारा घायल दम्पति का इलाज किया गया। घायल आलमगीर ने बताया कि गांव के ही रहने वाले वहाब अंसारी और उसके दोनो बेटा सहित घर के अन्य सदस्य से बीते छह माह से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और उसी बात को लेकर रविवार को वे लोग हमलोगों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है।

ब्राउन शुगर की बिक्री पूरे जिला में धड़ल्ले से

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर प्रमंडल में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जुटे को ब्राउन शुगर का एक नेटवर्क बड़े पैमाने पर काम कर रहा है विगत कई महीनों से यह तस्कर मुंगेर जिले के जमालपुर मुंगेर सदर मुंगेर शहर बरियारपुर खड़गपुर तारापुर संग्रामपुर असरगंज आदि शहरों में घूम-घूम कर ब्राउन शुगर बेच रहा है जो समय-समय पर पुलिस के गिरफ्त में अभी तक आता गया है मुंगेर प्रमंडल के खगड़िया बेगूसराय शेखपुरा जमुई आदि जगहों में ब्राउन शुगर कॉलेज के क्षेत्र के आसपास छात्रावास के लड़कों को यह ब्राउन शुगर तस्कर जहर का सेवन कर रहे हैं और आदत डलवा रहे हैं आरक्षी अधीक्षक मुंगेर सैयद इमरान मसूद ने बताया कि वासुदेवपुर थाना ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को काला पत्थर के समीप ब्राउन शुगर के साथ जड़े हीरा गांव का निवासी अमन कुमार पिता रमेश यादव को गिरफ्तार किया है पुलिस ने एक मोबाइल भी बरामद किया है गिरफ्तार युवक मादक पदार्थ बेचने वाला डीलर है जो घूम घूम कर युवाओं को ब्राउन शुगर बेचने का काम करता था एसपी ने आगे बताया कि गिरफ्तार अमन ने पूछताछ में बताया कि उसे 2800 में मुगल बाजार निवासी गोलू मंडल के सहयोग से चंडिका स्थान निवासी शिव सनी से युक्त ब्राउन शुगर मिल है बासुदेवपुर थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध वासुदेवपुर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिक की दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है साथ ही गिरफ्तार युवक द्वारा बताए गए दोनों ड्रग्स सप्लायर के विरुद्ध भी नाम जड़ प्राथमिक की दर्ज कर दोनों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है सपा ने बताया कि मादक पदार्थ की सूचना पर पुलिस काला पत्थर के समीप वाहन चेकिंग कर रही थी तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे के कर पकड़ने के बाद तलाशी ली गई तो उसके पैकेट से 14 छोटे-छोटे पुड़िया में पीला रंग का मादक पदार्थ मिला जो 144 ग्राम ब्राउन शुगर है युवक के पास से एक मोबाइल भी बरामद किया गया है।

रेल कारखाना में पदस्थापित अधिकारी ही कारखाना को कर रहे हैं खोखला : संघर्ष मोर्चा

हमारी मांगों पर रेलवे मंत्रालय ने नहीं लिया संज्ञान तो होगा 19 को चक्का जाम : पप्पू

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जमालपुर रेल कारखाना को पूर्व मध्य रेलवे में शामिल, कारखाना को निर्माण का दर्जा देते हुए कोच का कार्यभार, डीजल शेड को अभिलंब इलेक्ट्रिक शेड में तब्दील, वाईलेग पर लेकर स्टेशन निर्माण सफियाबाद हॉल्ट की पुनर्स्थापना, पूर्वी एवं पश्चिम दिशा से स्टेशन को जोड़ते हुए निकास सहित कई सवालों को लेकर वर्षों से संघर्षरत जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा में शामिल विभिन्न राजनीतिक सामाजिक संगठन के नेताओं की एक अति आवश्यक बैठक माले के वरिष्ठ नेता पूर्व पीपी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित की गई जिसका संचालन मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव कर रहे थे बैठक में उपस्थित नेताओं ने केन्द्र सरकार पर जम कर भरास निकालते हुए आर पार की लडाई का शंखनाद किया । अध्यक्षता करते हुए अशोक कुमार सिंह ने कहा कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता व क्षेत्रीयता बाद के कारण जमालपुर रेल कारखाना के विकास पर ग्रहण लग गया है ऐसी परिस्थितियों में संघर्ष मोर्चा को आर पार की लड़ाई की घोषणा करना लाजिमी होगा

बैठक में उपस्थित एनसीपी (शरद) के जिला अध्यक्ष मोहम्मद जाबिर हुसैन जन स्वराज के वरिष्ठ नेता दिनेश कुमार सिंह ने कारखाना के वर्तमान स्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व रेलवे के अधिकारी रेल नगरी और जमालपुर रेल कारखाना को उगाही और ऐशगाह का केंद्र बना लिया है अगर रेलवे का यही रवैया रहा संघर्ष मोर्चा इसे बर्दाश्त नहीं करेगी बसपा के जिला प्रभारी कृष्णानंद राउत जेपी सेनानी दीपक सिन्हा ने कहा कि हम लोग वर्षों से कारखाना को पूर्व में मध्य में शामिल करने पूर्व दिशा की ओर स्टेशन का निकास सफियाबाद हॉल्ट सहित अपने महत्वपूर्ण मांगों को लेकर संघर्षरत है और रेल प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा जिनका परिणाम रेलवे के भ्रष्ट पदाधिकारी को भुगतना होगा वही संचालन करते हुए मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि भष्ट्र पदाधिकारियों के सिंडिकेट के द्वारा साजिशन कारखाना के विकास को अवरूद्ध और हमारी मांगों को दरकिनार किया जा रहा है जिसे हम सहन नहीं करेंगे और अब रेल चक्का जाम के लिए ट्रैक पर उतरेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से 11 जनवरी को धरना एवं 19 जनवरी को रेलवे चक्का जाम का निर्णय लिया गया । बैठक में रविकांत झा मनोज कुमार मधुकर नकुल यादव अमरशक्ति मिथलेश यादव मनोज क्रांति सत्यजीत पासवान दिनेश साहू अशोक शर्मा सोनू यादव मो फुटूश गौतम मंडल चंदन राऊत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

23 दिसंबर से होगी कक्षा 9वीं की मासिक परीक्षा

गिद्धौर। जिले के सभी हाई स्कूलों में कक्षा 9वी में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की मासिक परीक्षा 23 दिसंबर से शुरू होगी। जिन छात्र- छात्राओं का 9वीं का बोर्ड से रजिस्ट्रेशन हो चुका है,उन्हें इस परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। विद्यालय स्तर पर होने वाली यह परीक्षा 26 दिसंबर तक चलेगी। पहली पाली में सुबह 10 से 11:30 बजे तक चलेगी। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 12:45 से 2:15 तक चलेगी। बिहार बोर्ड ने 6 दिसंबर तक परीक्षा परिणाम तैयार करने का भी निर्देश दिया है। वहीं सैद्धांतिक परीक्षा के आयोजन के लिए 17 से 20 दिसंबर की अवधि में गोपनीय एजेंसी की ओर से जिला शिक्षा कार्यालय में प्रश्न पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। जिले के मान्यता प्राप्त हाई स्कूलों के प्रधान 20 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से प्रश्न-पत्र प्राप्त करेंगे। 23 दिसंबर को मातृभाषा और द्वितीय मातृभाषा की परीक्षा होगी। 24 दिसंबर को पहली पाली में विज्ञान और दूसरी पाली में सामाजिक विज्ञान तथा 26 दिसंबर को पहली पाली में गणित और दूसरी पाली में अंग्रेजी की परीक्षा होगी।

खेती : अनुदानित बीजों का उपयोग करने में रुचि नहीं दिखाते किसान, पारंपरिक खेती हो रही विलुप्त

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र के कैश क्रॉप के बढ़ते प्रचलन के कारण पारंपरिक खेती लगभग विलुप्त हो रही है। कभी खेतों में गेहूं,चना,अरहर,मसूर आदि की बालियां लहराती थी, लेकिन अब वह सब इतिहास की बात है। इतना ही नहीं क्षेत्र में पिछले दो दशक पूर्व तक तीसी जिसे स्थानीय भाषा में चिकना भी कहते हैं,की खेती अपने पूरे शबाब पर था। लेकिन नई शताब्दी के आगमन के साथ आलू,मक्का व्यापारिक फसलों की आवक ने क्षेत्र के खेती किसानी का पूरा परिदृश्य बदल दिया है। यही हाल सरसों की खेती का भी है हालांकि इक्का-दुक्का किसान सरसों की खेती अभी करते हैं लेकिन क्षेत्र में सरसों की फसल देखना अब एक दुर्लभ दृश्य हो गया है। ज्वार बाजरा आदि की तो बात ही छोड़े। यह सभी अब किसानों की प्राथमिकता सूची में दूर-दूर तक नहीं है। बड़े हैरत की बात है कि एक तरफ सरकार कृषि विभाग के माध्यम से मशहूर एवं सरसों के बीज उपलब्ध करा रही है दूसरी और किसानों को ऐसी खेती में कोई रुचि नहीं है। दलहन फसलों में इस क्षेत्र में उगाई जाने वाली फसल कुलथी, स्थानीय भाषा में कुरथी का अहम स्थान रहा है जो अब कहीं दिखाई नहीं पड़ता है। मक्का जैसी फसल को मिले प्राथमिकता गिद्धौर,पतसंडा व रतनपुर के प्रगतिशील किसान दरोगी पासवान बताते हैं कि यह क्षेत्र मक्का उत्पादक क्षेत्र है इसलिए यहां मकई के बीज और उसमें लगने वाले उर्वरकों पर अनुदान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े हैरत की बात है कि बाजार में बिकने वाले मकई के बीजों में शिकायत आती रहती है लेकिन इसको लेकर विभागीय स्तर पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती है। बीजों का उत्पादन,वितरण और मार्केटिंग में भारी पैमाने पर गड़बड़ होती है। दरअसल कैश क्रॉप होने के कारण मकई के बीज का एक बड़ा कारोबार और नेटवर्क है। ज्यादातर कंपनियां मुनाफे के लिए तयशुदा मानकों की अनदेखी करते हैं और इसका नतीजा किसानों को भुगतना पड़ता है। नाम नहीं छापने की शर्त पर किसी विभाग से जुड़े कुछ सूत्रों ने बताया कि किसान दलहन तिलहन या गेहूं जैसी फसल के अनुदानित बीज कृषि विभाग से ले ले तो जाते हैं लेकिन इसका इस्तेमाल वे या तो स्वयं खाने में करते हैं या फिर जानवरों के चारे के रूप में इस्तेमाल करते हैं। क्रॉप सेंपलिंग से बन सकती है बात दरअसल किसान पारंपरिक बीजों का इस्तेमाल करने से इसलिए बचते हैं क्योंकि इसमें उनकों आमदनी नहीं होती। पारंपरिक फसलों के बेहतर उत्पादन और इसमें किसानों को मुनाफे की संभावना के प्रति आश्वस्त करने के लिए क्रॉप सैंपलिंग या स्मार्ट सैंपलिंग पर कार्य करने की जरूरत है। उर्वरकों एवं हानिकारक रसायनों के उपयोग से मिट्टी की प्रकृति में आए बदलाव से फसल की उत्पादकता का फर्क साफ महसूस किया जा सकता है इसलिए इस प्रक्रिया को अपना कर पारंपरिक खेती को पुनजीवित किया जा सकता है। यह एक लंबी प्रक्रिया हो सकती है लेकिन इससे भविष्य में कृषि को बहुत फायदे होंगे।

हत्यारे को गिरफ्तार कराने के लिए पिता ने परिवार के लोगों के साथ थाने के समने अनशन पर बैठे आज छठा दिन भी रहा जारी

मुंगेर। जिले के धरहरा थाना क्षेत्र के दक्षिणी पंचायत के इंद्रजीत हत्याकांड का उद्वेदन को लेकर हत्यारे की गिरफ्तारी अभी तक नहीं होने के कारण पिता सरपंच राकेश रंजन सिंह तथा करणी सेवा के प्रदेश सचिव संजीव कुमार ने हत्यारे की गिरफ्तारी को लेकर और न्याय की मांग करते हुए अनशन पर बैठ गए हैं आज पांचवा दिन अनशन जारी है इधर शुक्रवार की शाम एसडीपीओ राजेश कुमार पहुंचे और अनशनकारी को समझने का प्रयास किया परंतु अनशनकारी नहीं माने एसडीपीओ ने कहा कि फॉरेंसिक टेस्ट एवं टेक्निकल जांच में देरी के कारण अनुसंधान में व्यवधान हो रहा है मोबाइल को लैब में भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद कांड का उद्वेदन किया जाएगा अनशन पर बैठे मृतक के पिता ने आज पांचवा दिन तबियत हल्का बिगड़ गई थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाठक ने एंबुलेंस बुलाकर चौथे दिन अस्पताल चलने का आग्रह किया लेकिन लोगों ने अनशन स्थल पर ही इलाज करने को कहा इसके बाद चिकित्सक को बुलाकर श्री पाठक ने उनका स्वास्थ्य की जांच करवाई और आवश्यक दवाइयां दिलवाई गई।

हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र में 40 लीटर देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। पुलिस सूत्रों के अनुसार खड़गपुर थाना और श्यामपुर थाना ने अलग-अलग जगह पर गस्ती के दरमियान देसी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है खड़गपुर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि खड़गपुर पुलिस की गश्ती टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के नगर परिषद के अंम्बेदकर चौक के समीप से 10 लीटर देसी शराब के साथ एक धन्यवाद को गिरफ्तार किया थाना प्रभारी ने बताया गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति थैली में शराब लेकर अंबेडकर चौक के समीप खड़ा है मिलते ही थाना की गैस की टीम अंबेडकर चौक के पास पहुंची जो धनबाद पुलिस को देखकर भागने लगा लेकिन पुलिस के जवानों ने उसे खड़े कर दबोचा उसके थैला से 10 लीटर देसी शराब बरामद किया गया गिरफ्तार धन्यवाद कांटिया बाजार निवासी अरुण मंडल है मामले में पुलिस ने उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्द के अरुण मंडल को न्याय हिरासत में भेज दिया। वहीं श्यामपुर थाना क्षेत्र के पुलिस ने गोवाड़ा ताड़ी मुख्य मार्ग पर से 30 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक धन्यवाद को बाइक के साथ गिरफ्तार किया है उपयुक्त बातों की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया की गस्ती के दौरान को बड़ा ताड़ी मुख्य मार्ग पर एक व्यक्ति की बाइक से 30 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया है और एक बाइक जप्त किया गया है निवासी धन्यवाद श्यामपुर थाना क्षेत्र के तनी गांव निवासी रामकुमार है जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया नासा का कारोबारी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है लेकिन धन्यवाद आज तक शराब न बेचने और ना उत्पादन करने से बाज आ रहे हैं।

रात में बड़ी कनकनी, दिन में धूप से लोगों को राहत

- आज न्यूनतम पारा 10 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। ठंड का असर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। रविवार को प्रखंड का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस के बिंदु पर टिका रहा। दिन में चटख धूप खिली लेकिन 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के कारण अधिकतम तापमान में भी एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है ।रविवार को प्रखंड का अधिकतम तापमान 22 और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। हालांकि इस बीच धूप से निकलने वाली गर्मी का असर धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। एक सप्ताह पहले तक दिन में लोग गर्मी का एहसास कर रहे थे। अचानक मौसम में बदलाव आया और ठंड का असर बढ़ने लगा। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मौसम विशेषज्ञ उमेश कुमार के मुताबिक आने वाले दिनों में ठंड का प्रकोप और भी बढ़ सकता है। जबकि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी उतार-चढ़ाव होने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को भी प्रखंड का अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इस दौरान 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है ।प्रखंड सहित ग्रामीण इलाकों में शाम ढलते ही ठंड का असर बढ़ने से लोग ठिठुरने को मजबूर हो गए। प्रखंड सहित ग्रामीण इलाकों में ठंड में बचने के लिए जगह-जगह लोग आग जलाकर सेकते नजर आए। जबकि प्रखंड इलाकों में लोगों ने हीटर का सहारा लिया है।

जमुई के 27 वें उप विकास आयुक्त के पद पर पदभार ग्रहण किए राकेश कुमार सिंह

- टीम वर्क के द्वारा जिले का सर्वांगीण विकास संभव

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई : जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के निदेशक राकेश कुमार सिंह ने जमुई के 27वें उप विकास आयुक्त (डीडीसी) के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान डीडीसी सुमित कुमार से यह जिम्मेदारी ली, जिन्होंने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण के बाद डीडीसी की प्राथमिकताएं: 1. विकास कार्यों को गति देनाः श्री सिंह ने निवर्तमान डीडीसी के कार्यों को आगे बढ़ाने और उन्हें तेजी से क्रियान्वित करने का संकल्प लिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, विद्यालयों की बाउंड्री वॉल और स्वच्छता अभियान जैसी योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। 2. खेल मैदान निर्माण पर जोरः हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान के निर्माण की योजना को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने इसे धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्धता जताई। 3. पारदर्शी क्रियान्वयनः सभी योजनाओं को पारदर्शिता और कुशलता के साथ लागू करने का निर्देश दिया। डीआरडीए के कर्मियों और प्रखंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) के साथ मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। 4. टीमवर्क और सहयोग की अपीलः डीडीसी ने कर्मियों से परिचय प्राप्त किया और उनसे सामूहिक प्रयासों के लिए सहयोग मांगा।उन्होंने कहा कि जमुई जिले का प्रदर्शन कई क्षेत्रों में सराहनीय है, और इसे बनाए रखते हुए टीमवर्क के माध्यम से और बेहतर किया जाएगा। बैठक और निदेर्शः श्री सिंह ने डीआरडीए कर्मियों के साथ पहली बैठक की और वांछित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संचालित योजनाओं की गति को और तेज करना और उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करना उनकी प्राथमिकता होगी। स्थानीय प्रतिक्रियाः नए डीडीसी से ग्रामीण विकास और कल्याणकारी योजनाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। खेल मैदान, स्वच्छता अभियान और ग्रामीण सड़कों के विकास जैसे कार्यों को नई दिशा मिलने की संभावना है। श्री राकेश कुमार सिंह का नेतृत्व जमुई के समग्र विकास में सकारात्मक भूमिका निभाएगा।

नेटवर्क की समस्या से आयुष्मान कार्ड बनाने में कर्मियों को आ रही है समस्या

जमुई [झाझा] जिलाधिकारी के आदेशानुसार आयुष्मान कार्ड से वंचित राशन कार्डधारी का आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में आशाकर्मी, सीएचओ, एएनएम को जिम्मेवारी सौंपी गई। क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड बनाने में जुटे आशाकर्मी ने बताया कि हमलोग ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे ऐसे सुदूर क्षेत्र में जा रहे हैं जहां मोबाइल में इंटरनेट सही रूप से कार्य नही कर पा रहे हैं। एक एक आयुष्मान कार्ड बनाने में हमलोगों को काफी समय लग जा रहा है। हथिया पंचायत की आशाकर्मी उर्मिला देवी ने बताया कि हमलोगों के पास विभाग के द्वारा काफी पुराना मोबाइल सेट दिया गया जिसके कारण मोबाइल में सही रूप से नेटवर्क काम नही करता है और आईडी भी नही खुलता है। जिसको लेकर लोगों के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए किए जा रहे कार्यो में इंटरनेट की धीमी गति आयुष्मान कार्ड बनाने की गति में धीमी ला रहा है। खुरण्डा पंचायत में कार्यरत आशाकर्मी निशा कुमारी ने बताया की हमलोगों के सामने सबसे बड़ी समस्या नेटवर्क का आ रहा है और साथ ही साथ कई राशनकार्ड धारकों का राशनकार्ड का केवाईसी नही हुआ है। आशाकर्मी ने आगे बताया कि नेटवर्क सही रूप से नही रहने के कारण आईडी भी नही खुल पाता है जिससे एक आयुष्मान कार्ड बनाने में काफी समय लग जाता है।

सम्पादकीय

फंदे के आकार की गर्दन ढूंढने की कवाइद

देश के आन्तरिक हालातों की स्थिति निरंतर बिगडती जा रही है। अनेक उत्तरदायी लोक सेवकों ने कर्तव्यों को हाशिये पर रखकर अधिकारों का मनमाना उपयोग शुरू कर दिया है। बेंगलुरु के इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या ने पुलिस से लेकर कानून व्यवस्था तक को कटघरे में खडा कर दिया है। न्यायाधीश पर रिश्वत की मांग के आरोप लगाते हुए अतुल ने उनके पेशकार को भी रेखांकित किया है जिनका नाम न्यायाधीश रीता कौशिक तथा पेशकार माधव बताया जाता है। पुलिस व्दारा पक्षपात करने से लेकर तानाशाही तक के अनेक पक्ष उजागर हुए हैं। महिलाओं के पक्ष में हमेशा आन्दोलन करने वाली राजनैतिक पार्टियां, समाजसेवी संगठन और कथित बुध्दिजीवियों की जमात अतुल को न्याय दिलाने के लिए पूरी ताकत से सडकों पर नहीं उतरी, नारे नहीं लगे और न ही विपक्ष ने धरना-प्रदर्शन ही किये। तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों ने मीडिया के पूछने पर औपचारिक वक्तव्य देकर अपने कर्तव्यों की इति कर ली। इस दुखःद घटना के लिये अतुल ने पहला नाम पारिवारिक न्यायालय की न्यायाधीश का लिखा था परन्तु न्यायालयों की शीर्ष व्यवस्था व्दारा विशेषाधिकार का प्रयोग करके कठोर कार्यवाही से आज तक आम आवाम को अवगत नहीं कराया। भीख मांगो, कर्जा लो या चोरी करो, चाहे जो भी करो, मेन्टीनेंस तो देना ही होगा। पुरुषों के प्रति इस तरह की टिप्पणी करने वालों की मानवता केवल और केवल महिला पक्ष के प्रति संवेदना में कैसे बदल जाती है, यह यक्ष प्रश्न स्वाधीनता के बाद से निरंतर अपनी समीक्षा के लिए उत्तरदायी लोगों को आमंत्रित करता रहा है। कानून और कानून की रोशनी में होने वाली कार्यवाही, दौनों पर एक बार फिर किसी व्यक्ति ने अपनी मौत के साथ सवालिया निशान लगाये हैं। मगर परिणाम अभी तक ढाक के तीन पत्तों से आगे नहीं बढ़ सके। अतुल को आत्महत्या के लिए प्रेरित वाले सभी नामजद लोगों के विरुध्द प्रकरण दर्ज करने में भी लम्बे समय तक कोताही बरती जाती रही। सरकारी महकमों के उत्तरदायी लोगों तक कानून का शिकंजा पहुंचना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। 34 वर्षीय इंजीनियर ने मृत्यु को गले लगाने से पहले 24 पेज लिखकर स्वयं का दर्द और देश की वर्तमान व्यवस्था पर 80 मिनिट का वीडियो संदेश भी रिकार्ड किया था। उसके अक्षरों तथा शब्दों की मनमानी व्याख्या करके पुलिस ने अपने ढंग से कार्यवाही करने की औपचारिकता प्रारम्भ कर दी ताकि मुद्दे की गर्माहट को समय की ठंड के साथ समाप्त किया जा सके। काश, अतुल को न्याय मिला होता। उसकी चिता की आग ठंडी भी नहीं हुई थी कि हैदराबाद में एक फिल्म स्टार को हथकडियां पहना दी गईं। पूर्व सूचना के बाद भी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण संध्या थियेटर में पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान हुई भगदड में 38 वर्षीय महिला रेवती की सांस घुटने के कारण मौत हो गई थी। पहले से अवगत होने के बाद भी सुरक्षा के उपाय न करने वाले उत्तरदायी अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज करने के स्थान पर चिक्कड़पल्ली पुलिस स्टेशन में फिल्म के अभिनेता अल्लू अर्जुन सहित आयोजकों के विरुध्द बीएनएस की धारा 105 तथा 118(1) के तहत मामला पंजीबध्द कर किया और अभिनेता को उसके घर से गिरफ्तार कर स्वयं की पीठ ठोक ली। इसी प्रकरण में थियेटर के मालिक, मैनेजर और बालकनी के सुपरवाजर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। अनुमति लेकर थियेटर पहुंचे अल्लू अर्जुन के संबंध में मृतका के पति भास्कर ने स्पष्ट किया कि वह अपने बेटे के अनुरोध पर फिल्म देखने हेतु संध्या थियेटर गये थे, अभिनेता का भगदड या पत्नी की मौत से कोई संबंध नहीं है। यानी कि भगदड का कारण पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का न होना था। इतना सब होने के बाद भी किसी सरकारी मुलाजिमों के खिलाफ जांच तक के आदेश नहीं दिये गये। ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि फंदे के आकार की गर्दन ढूंढने की कवाइद में लगे रहने वाले अधिकांश उत्तरदायी अधिकारियों पर उनके वरिष्ठ का वरदहस्त रहता है। ईमानदाराना बात तो यह है कि न्याय की वास्तविक परिभाषा के अवतरित होते ही अनेक उत्तरदायी अधिकारियों गर्दनें स्वयं ही कानून के शिकंजे में फंसकर रहम की भीख मांगती दिखेंगीं परन्तु ऐसा होना भालू के बाल गिनने जैसा है। एक ओर तो राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अभिनेता को भगदड के लिये जिम्मेदार मान लिया जाता है वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक मंचों से 15 मिनिट के लिये पुलिस हटाने की चुनौती देकर साम्प्रदायिकता के लिए खून बहाने वालों के विरुध्द न तो पुलिस ही प्राथमिकी दर्ज करती है और न ही न्यायालय स्वयं संज्ञान लेता है।

एक साथ चुनाव से सशक्त बनेगा देश

सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमेशा चलने वाले चुनावों पर विराम लग जाएगा। सरकारों का ध्यान विकास कार्यों की ओर होगा। आचार संहिता की वजह से विकास कार्य ठप्प नहीं होंगे। और सबसे ऊपर हर बार चुनाव में होने वाले बेहिसाब खर्चों पर लगाम लगेगी। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों का चुनावों पर बेहिसाब खर्च होता है। एक साथ चुनाव से इन खर्चों में कटौती होगी। सुरक्षा बलों को भी लगातार इस राज्य से उस राज्य तक यात्रा करनी पड़ती है। आम लोगों का ध्यान भी चुनाव पर लगा रहता है। यह सब कुछ एक निर्णय से बदल जाएगा। देश सचमुच बदल रहा है। न सिर्फ बदल रहा है, बल्कि शक्तिशाली हो रहा है। लोकतंत्र सशक्त हो रहा है। वैश्विक स्तर पर देश का मान बढ़ रहा है। देश में आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता आई है। अभी जिस समय देश संविधान अंगीकार करने के 75 साल पूरे होने का उत्सव मना रहा है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय किया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ह्यएक देश, एक चुनावह्ल के लिए बनाए गए दो विधेयक को मंजूरी दे दी है। संसद के शीतकालीन सत्र में इसके लिए सरकार दो विधेयक पेश करेगी। इनके जरिए संविधान के अनुच्छेद 82ए, 83, 172 और 327 में संशोधन का प्रस्ताव रखा जाएगा। इससे लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने और लोकसभा व सभी विधानसभाओं के कार्यकाल से जुड़े जरूरी बदलाव किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने इससे पहले सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट मंजूर कर ली थी, जिसकी सिफारिशों के आधार पर ये विधेयक तैयार किए गए हैं। श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार विमर्श किया था। उनकी समिति के सामने अनेक विपक्षी पार्टियों ने सारे चुनाव एक साथ कराने के प्रस्ताव का विरोध किया था, लेकिन ज्यादातर पार्टियां इस विचार के समर्थन में थीं। चुनाव आयोग और आम लोगों से भी समिति ने राय ली थी। इसके बावजूद सरकार अपने संपूर्ण बहुमत के दम पर एकतरफा तरीके से इन विधेयकों को नहीं पास कराने जा रही है। सरकार इस मामले में आम राय बनाने का प्रयास कर रही है। इसलिए संविधान संशोधन के विधेयक पेश करने के बाद उसे संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी को भेजा जा सकता है, जहां सभी पार्टियों के सांसद इस पर विचार करेंगे। यह समिति सभी संबंधित पक्षों से सलाह मशविरा करेगी और आम लोगों की राय भी लेगी। उसके बाद सहमति बना कर इसे पास कराया जाएगा। वैसे सरकार जब चाहती तब इसे पास करा सकती थी क्योंकि ये साधारण संशोधन हैं, जिनके लिए संसद में साधारण बहुमत की जरुरत है और राज्यों की विधानसभा से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी सरकार आम सहमति का रास्ता अपनाएगी। जिस समय श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई गई थी तभी से इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष पूछ रहा है कि इसका क्रियान्वयन कैसे होगा? अगर 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ सभी राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव कराने हैं तो अगले चार साल में होने वाले विधानसभा चुनावों का क्या होगा? यह भी पूछा जा रहा है कि अगर लोकसभा और सभी विधानसभाओं का कार्यकाल तय कर दिया जाएगा तो बीच में सरकार ने बहुमत गंवाया या सरकार गिरी तब क्या होगा? क्या वहां राष्ट्रपति शासन लगा रहेगा और अगले लोकसभा चुनाव के साथ ही वहां चुनाव होगा? वैसे इन सभी सवालों का जवाब सरकार की ओर से प्रस्तावित विधेयक में मिल जाएगा। परंतु अगर राजनीतिक पूर्वाग्रह छोड़ दें तो इन सवालों के जवाब बहुत मुश्किल नहीं हैं। कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल बढ़ा कर और कुछ के कार्यकाल घटा कर सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा के साथ कराए जा सकते हैं। जहां तक बीच में सरकार गिरने का सवाल है तो पिछले काफी समय से मध्यावधि चुनाव का चलन समाप्त हो गया है। पिछले एक दशक से ज्यादा समय से दिल्ली के एक अपवाद को छोड़ दें तो किसी राज्य में मध्यावधि चुनाव की नौबत नहीं आई है। यह लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रतीक है। फिर भी इस संभावना को देखते हुए सकारात्मक अविश्वास प्रस्ताव का प्रावधान किया जा सकता है। यानी सरकार गिरने के साथ ही नई सरकार बनाने का प्रस्ताव भी रखा जाए। इसके बावजूद अगर कहीं सरकार गिरती है

संविधान पर बहस में सब कुछ तहस-नहस

बहरहाल इस देश के संविधान की अनदेखी करना किसी भी सरकार को महंगा पड़ सकता है। कांग्रेस ने यदि संविधान के बाहर जाकर काम करने की कोशिश की तो जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया और यदि यही गलती भाजपा करेगी तो उसे भी सत्ता से बाहर जाना ही पड़ेगा। साम, दाम, दंड और भेद एके सीमा तक ही काम आते हैं। देश के लिए एक देश एक चुनाव उतना आवश्यक नहीं है जितना कि एक देश एक दाम आवश्यक है। देश में किसानों की फसल के दाम का मामला हो या देश के बेरोजगारों को रोजगार दिलाने का मामला एकसाथ चुनाव करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। सरकर और सरकारी पार्टी बार-बार मंदिर-मस्जिद करके देश की समस्याओं से बचकर नहीं निकल सकती।

राकेश अचल
लेखक



लोकसभा में संविधान पर बहस के बाद माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का उत्तर सुनकर समझा में आ गया कि उन्होंने संघ की साखा में संविधान के बारे में जो कुछ पढ़ा-लिखा उससे ज्यादा वे संविधान के बारे में जानते नहीं हैं। संविधान पर बहस के दौरान उठाये गए एक भी सवाल का उत्तर देने के बजाय वे अपने सिर पर सवार जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गाँधी और राजीव गांधी के भूत को बिदारते नजर आये। वे नहीं बता पाए कि उनके युग में संविधान कैसे मजबूत हो रहा है? मै माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदार दास मोदी के भाषण को दत्त-चित्त होकर सुनता हूँ। शनिवार को भी मैंने उन्हें लोकसभा में सुना। वे प्रधानमंत्री के स्तर का भाषण देने में हमेशा की तरह विफल हुए, उन्होंने संविधान पर भाषण देते समय संविधान पर अपने गहन अध्ययन का प्रदर्शन करने के बजाय सिर्फ वो सब उद्घाटित किया जो संघ की शाखाओं में स्वयं सेवकों को पिछले 100 साल से दीक्षित किया जा रहा है। मोदी जी संघ के प्रचारक हैं ये हकीकत है लेकिन वे देश के प्रधानमंत्री हैं इसलिए उन्हें शाखाओं के ज्ञान से ज्यादा सिखने की जरूरत है। उन्हें देश को बताना चाहिए था कि पिछले दस साल में उनकी सरकार में संविधान की रक्षा के लिए क्या कदम उठाये? संविधान संशोधनों को लेकर माननीय मोदी जी ने पिछली सरकारों के कामकाज को संविधान के साथ खिलवाड़ बताया, लेकिन जोर देकर कहा कि उनकी सरकार ने संविधान के साथ जो भी किया तो डंके की चोट किया। यानि वे परोक्ष रूप से कह रहे हैं कि -वे करें तो करेक्टर ढीला, हम करें तो रास लीला। संविधान के साथ किस पार्टी और सरकार ने खिलवाड़ किया ये पूरा देश जानता है। कांग्रेस ने आपातकाल लगाया ये सभी को पता है। मोदी जी कहते हैं कि आपातकाल का कलंक कांग्रेस के माथे से कभी मिट नहीं सकता, लेकिन वे भूल जाते हैं कि इसी देश की जनता ने, विपक्ष की खिचड़ी जनता सरकार के गिरने के बाद मशीन और मशीनरी के बिना हुए आम चुनाव में कांग्रेस को विजय श्री देकर इस कलंक को मिटा दिया था। मेरा दृढ विश्वास है कि मोदी जी जब तक प्रधानमंत्री रहेंगे तब तक उनके सिर से जवाहर लाल नेहरू का, इंदिरा गाँधी का, राहुल गांधी का यहां तक की राहुल गांधी का भूत उतरने वाला नहीं है और जब तक ये भूत उनके सर पर सवार रहेगा वे न चैन से काम कर पाएंगे और न संविधान के विधान को समझ पाएंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी देश को आश्वस्त नहीं कर पाए कि उनके लिए संविधान बड़ा है या मनु स्मृति? वे ये स्पष्ट नहीं कर पाए की उन्हें धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद शब्द से तकलीफ है या नहीं? वे ये भी नहीं बता पाए की संविधान को लेकर वीर सावरकार साहब जो सोचते थे, क्या वे उससे सहमत हैं या नहीं? वे तमाम प्रश्नों का उत्तर देने के बजाय जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने को ही अपनी सबसे बड़ी संविधान की सेवा बताते हुए नहीं थकते। संविधान का सम्मान करना और संविधान की धज्जियां करना दो अलग-अलग काम हैं। मौजूदा सरकार ने पिछले एक दशक में संविधान की सेवा किस तरह से की है, देश और दुनिया जानती है। जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा छीनना, मणिपुर को डेढ़ साल से अनाथ छोड़ना संविधान की सेवा नहीं है। देश में अल्पसंख्यक समाज को आतंकित करना, उन्हें लक्ष्य बनाकर बुलडोजर दौड़ा देना संविधान की सेवा नहीं है। तमाम मंदिरों-मस्जिदों की खुदाई का अभियान चलाना संविधान की सेवा नहीं है। संविधान समदृष्टा है, लेकिन सरकार नहीं है। सरकार लगातार हिन्दू-मुसलमान का खेल खेलती आ रही है। सोमवार को राज्य सभा में भी यदि संविधान पर बहस हुई तो आप तय मानिये कि केंद्रीय गृहमंत्री भी प्रधानमंत्री जी के भाषण को ही दोहराएंगे। विसंगति ये है कि संविधान को लेकर डींगे हांकने वाले लोग वे हैं जिनकी मात्र संस्थाओं का, पूर्वज नेताओं का देश के संविधान के निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा। वे तो दूसरे तरह का संविधान चाहते थे। यानि आज का संविधान आज की सरकार के मन का संविधान नहीं है। संविधान की प्रस्तावना ही आज की सरकार को पसंद नहीं है। आज की सरकार को पूर्व की सरकारों द्वारा किये गए संशोधन पसंद नहीं है। संसद में संविधान की प्रति का लहराना पसंद नहीं है, लेकिन दुर्भाग्य ये है कि सरकार के पास इतनी ताकत नहीं है कि वो विरासत में मिले संविधान को बदल सके। संसद में माननीयों के भाषण से ये जाहिर हो गया है कि आज की सरकार के लिए कल का संविधान केवल शपथ लेने की एक किताब है, लेकिन कोई भी संविधान में लिखे विधान का अनुशरण करना नहीं चाहता। इस समय देश की सरकार के सिर पर एक देश, एक चुनाव का भूत सवार है। सरकार देश में एक विधान, एक निशान, एक भाषा, , एक धर्म और अंत में एक नेता के सिद्धांत पर आगे बढ़ना चाहती है। केंद्र सरकार का हर कदम देश के सांविधान के खिलाफ उठाया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के भाषण से उनकी संविधान के प्रति आस्था और समर्पण का अनुमान लगाया जा सकता है। मोदी जी की तकलीफ है कि आजादी के बाद सरदर पटेल के बजाय नेहरू को प्रधानमंत्री बना दिया गया था। लेकिन वे भूल जाते हैं कि उन्हें भी लालकृष्ण आडवाणी को धकियाकर प्रधानमंत्री बनाया गया था। यानि जो कल हुआ, वो ही आज भी हो रहा है। यदि कांग्रेस अपनी पार्टी के संविधान को नहीं मान रही तो भाजपा कौन से आपने संविधान को मान रही है। भाजपा भी कांग्रेस का अनुशरण करते हुए अपनी पार्टी के संविधान की धज्जियां उड़ा रही है।

विश्व हिन्दू परिषद् : कल आज और कल

परन्तु इससे भी आगे बढ़कर आज का विश्व हिन्दू परिषद तो गोया संविधान विरोधी संवाद को भी हवा देने वाला एक मंच बन चुका है। इनदिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर यादव व्दारा दिया गया एक ह्यअसवैधानिक भाषण ह्य जो कि गत 8 दिसम्बर को इलाहाबाद हाई कोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में वीएचपी के विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया गया था वह न केवल चर्चा में है बल्कि उसी भाषण को लेकर जस्टिस शेखर यादव के विरुद्ध महाभियोग चलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। वीएचपी के लीगल सेल के इसी आयोजन में जस्टिस शेखर यादव ने ह्यसमान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अनिवार्यता विषय पर बोलते हुए कहा था कि देश एक है



तनवीर जाफरी
लेखक

इलाहाबाद कभी न केवल कांग्रेस बल्कि समाजवादी व आर एस एस व विश्व हिन्दू परिषद् के भी वरिष्ठ व राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का गढ़ हुआ करता था। नेहरू-गाँधी परिवार की तो यह कर्मस्थली थी ही इसके अतिरिक्त पुरषोत्तम दस टंडन, मदन मोहन मालवीय जैसी अनेक विभूतियाँ भी इसी शहर से सम्बद्ध रहीं। इसी तरह दक्षिणपंथी विचारधारा के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख रहे राजेंद्र सिंह उर्फ रज्जु भैय्या का नाम भी इलाहाबाद से ही जुड़ा हुआ है। ऐसा ही एक नाम था जस्टिस शिव नाथ काटजू का जोकि 1980 के दशक में विहिप के अध्यक्ष भी चुने गये थे। जस्टिस काटजू ने अयोध्या में विवादित बाबरी मस्जिद की जगह पर राम मंदिर के निर्माण के लिए शुरूआती अभियान चलाया था। और इसी दौरान उन्हें नजरबंद भी कर दिया गया था। चूँकि मेरी भी औपचारिक शिक्षा इलाहाबाद में ही हुई इसलिये उस दौर के अनेक विशिष्ट जनों के साथ संबंध रखने का भी सौभाग्य मिला। जस्टिस काटजू भी उन्हीं में एक थे जिनके पास अक्सर मेरा आना जाना रहता था। जस्टिस काटजू विहिप के अध्यक्ष तो जरूर थे परन्तु वे पूर्णतयः धर्मनिर्पेक्ष थे। इस्लामी इतिहास का भी उन्हें जबरदस्त ज्ञान था। शिया -सुन्नी विवाद और करबला की घटना जैसे विषयों पर तो वे अक्सर मेरे साथ बातें किया करते और मेरा ज्ञान वर्धन किया करते थे। बात 1977-78 की है उस दौरान मैं इलाहबाद के मुहल्ला दरियाबाद के इमामबाड़ा सलवात अली खान नामक एक ट्रस्ट से परिवारिक रूप से जुड़ा हुआ था। यहाँ अनेक धार्मिक आयोजन हुआ करते हैं। इन्हीं में एक चालीसवें का जुलूस (मुहर्रम के चालीस दिन बाद) भी इसी इमामबाड़े से निकला जाता है। इसी जगह से निकलने वाले चालीसवें के जुलूस का प्रारंभिक संबोधन करने के लिये जब मैंने जस्टिस काटजू से निवेदन किया तो वे खुशी खुशी तैयार हो गये। हालांकि उन्होंने अयोध्या में मंदिर के निर्माण के लिए शुरू हुये विहिप आंदोलन तथा दरियाबाद की घनी मुस्लिम आबादी को भी रेखांकित किया। परन्तु मेरे संपूर्ण सुरक्षा व शांतिपूर्ण आयोजन के आश्वासन के बाद वे कार्यक्रम से पूर्व स्वयं अपनी एम्बेसडर कार चलाकर बिल्कुल अकेले ही दरियाबाद पधारे। यहाँ दरियाबाद चौराहे पर मौजूद मेरे साथियों ने उनका स्वागत किया व पूरे सम्मान के साथ उन्हें इमामबाड़ा सलवात अली खान लेकर गये। यहाँ मौजूद समूह के बीच जस्टिस काटजू ने कर्बला की घटना का जिक्र करते हुये न केवल अपनी तरफ से बल्कि विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की हैसियत से विहिप की तरफ से भी हजरत इमाम हुसैन व करबला के शहीदों को बड़े ही भावपूर्ण शब्दों में श्रद्धांजलि अर्पित की। शेरवानी, टोपी और चूड़ीदार पैजामा जैसा परिधान प्रायः धारण करने वाले काटजू साहब सभी धर्मों का पूरा ज्ञान रखते थे तथा उन्हें सम्मान भी देते थे। वे विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष होने के बावजूद सभी धर्मों में परस्पर मेल जोल व सद्भाव के पक्षधर थे। उन्हें उर्दू आरबी फारसी का भी पूरा ज्ञान था। यह था उस दौर के विश्व हिंदू परिषद का वह चेहरा जिससे भारत का गैर हिन्दू समाज कभी भयभीत नहीं होता था। उसके बाद जबसे गुजरात को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रयोगशाला कहा जाने लगा तब से इसी विश्व हिंदू परिषद ने खुलकर इस्लाम व अल्पसंख्यकों के प्रति अपनी आक्रामकता दिखानी शुरू कर दी। इसी विश्व हिंदू परिषद में बजरंग दल नामक एक और संगठन तैयार हो गया जो समय समय पर आक्रामक होते नजर आया। आज पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल पर अनेक आपराधिक मुकददमे चल रहे हैं। इसी विश्व हिंदू परिषद ने योजनाबद्ध तरीके से गुजरात से शुरू कर कॉरोनकाल के दौरान देश के कई राज्यों में मुस्लिम दुकानदारों के प्रति नफरत फैलाकर उनसे सब्जी फल व अन्य सामान खरीदने के लिये हिन्दू समाज के लोगों को मना किया। सीधे शब्दों में मुस्लिमों का व्यवसायिक बहिष्कार करने की कोशिश की गयी। इसी विहिप ने ह्यबेटी बचाओ बहू लाओह्ल नामक एक अभियान भी चलाया जिसके अंतर्गत किसी हिन्दू लड़की के मुस्लिम लड़के से प्रेम संबंध होने की स्थिति में उस रिश्ते में दखल देना तथा वह अंतर्धार्मिक सम्बन्ध परवान न चढ़ने देना है। जबकि साथ ही हिन्दू लड़कों को इस बात के लिये आमादा करना है कि वे मुस्लिम लड़कियों से दोस्ती कर उनको बहू बनाकर लाएं। गुजरात सहित और भी कई राज्यों से ऐसी खबरें भी आती रही हैं जबकि विहिप के लोगों ने किसी मुस्लिम को किराये पर मकान देने का विरोध किया तो कभी खरीदे हुये फ़्लैट में भी कब्जा लेने व उनके रहने का विरोध किया। कई जगहों पर विश्व हिंदू परिषद के लोग मुस्लिमों की मॉब लिंचिंग करने वालों का साथ देते यहाँ तक कि उनके समर्थन में सड़कों पर उतरते, उग्र होते व हत्यारों को सम्मानित करते नजर आये। आज का विश्व हिंदू परिषद तो पूरी तरह से अपने उन बुनियादी सिद्धांतों से दूर होता नजर आ रहा है जिसे लेकर हिंदू राष्ट्रवाद पर आधारित इस भारतीय दक्षिणपंथी हिंदू संगठन की स्थापना 1964 में की गयी थी। उस समय इसका घोषित उद्देश्य ह्लहिंदू समाज को संगठित व मजबूत करना और हिंदू धर्म की सेवा और सुरक्षा करनाह्ल था न कि किसी अन्य धर्म के विरुद्ध आक्रामक होना या भारतीय लोगों में अफवाहबाजी के द्वारा नफरत हिंसा व विद्वेष भड़काना और किसी भारतीय नागरिक को दूसरे दर्जे का नागरिक समझना। न ही किसी की मस्जिद मजार गिराना व अन्य धर्मों की ध्वजा उतारकर अपनी धर्मध्वजा लहराना। न ही इस तरह के अभियान चलाना। परन्तु इससे भी आगे बढ़कर आज का विश्व हिन्दू परिषद तो गोया संविधान विरोधी संवाद को भी हवा देने वाला एक मंच बन चुका है। इनदिनों इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर यादव द्वारा दिया गया एक ह्यअसंवैधानिक भाषण ह्य जो कि गत 8 दिसम्बर को इलाहाबाद हाई कोर्ट के लाइब्रेरी हॉल में वीएचपी के विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया गया था वह न केवल चर्चा में है बल्कि उसी भाषण को लेकर जस्टिस शेखर यादव के विरुद्ध महाभियोग चलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है। वीएचपी के लीगल सेल के इसी आयोजन में जस्टिस शेखर यादव ने ह्यसमान नागरिक संहिता एक संवैधानिक अनिवार्यताह्ल विषय पर बोलते हुए कहा था कि देश एक है, संविधान एक है तो कानून एक क्यों नहीं है? उन्होंने इसी मंच पर यह भी कहा कि ह्लहिंदुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार ही देश चलेगा, यही कानून है। आप यह भी नहीं कह सकते कि हाई कोर्ट के जज होकर ऐसा बोल रहे हैं। कानून तो भैय्या बहुसंख्यक से ही चलता है।

विजय दिवस : पराक्रमी भारतीय सेना का साहस

हेमेन्द्र क्षीरसागर

भारत ने पाकिस्तानी सत्ता और सेना के अत्याचार से पीड़ित पूर्वी पाकिस्तान की जनता को अपना सहयोग देकर बांग्लादेश के रूप में एक नए राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1971 का युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच एक सैन्य संघर्ष था जिसमें पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। इसका आरंभ पश्चिमी पाकिस्तान और तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के बीच सशस्त्र संघर्ष के बीच 3 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान द्वारा भारतीय वायुसेना के 11 स्टेशनों पर रिक्तिपूर्व हवाई हमले किए जाने के परिणामस्वरूप भारतीय सेना पूर्वी पाकिस्तान में बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम में बंगाली राष्ट्रवादी गुटों के समर्थन देने के निर्णय के कारण हुआ। जिसमें पाकिस्तान को अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा। इसमें भारतीय सेना द्वारा 93 हजार पाकिस्तानी सैनिक बंदी बना लिए गए और पूर्वी पाकिस्तान, पाकिस्तान के नियंत्रण से मुक्त होकर बांग्लादेश बन गया।

ये युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक युद्ध माना जाता है। इसीलिए देश भर में भारत की पाकिस्तान पर जीत के उपलक्ष में 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि वर्ष 1971

के युद्ध में तकरीबन 3, 900 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे और लगभग 9, 851 घायल हुए। युद्ध के 8 महीने बाद अगस्त 1972 में भारत और पाकिस्तान ने शिमला समझौता 1972 किया। इसके अंतर्गत बंदी बनाए गए पाकिस्तानी सैनिकों को वापस पाकिस्तान भेज दिया गया था।

भारत की पराक्रमी सेना के साहस ने पाकिस्तान की सेना के 97, 368 सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए विवश किया। इस गौरवशाली दिवस पर स्वयं सेवकों के बल और सामर्थ्य में वृद्धि करने हेतु संघ प्रतिवर्ष 16 दिसम्बर को प्रहार महायज्ञ का आयोजन करता है। इस दिन स्वयंसेवकों को यह स्मरण दिलाया जाता है कि महाराणा प्रताप की भुजाओं में इतना बल था कि उन्होंने तलवार के एक ही वार से बहलोल खान को जिरह-बख्तर, घोड़े सहित काट डाला। रानी दुर्गावती युद्ध के मैदान में घोड़े की लगाम मुँह में थाम कर दोनों हाथों में तलवार लेकर उतरी थीं और शत्रुओं को नाकों चने चबवा दिए। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी तलवार के बल पर आदिलशाही और मुगलशाही से टक्कर लेते हुए हिन्दू साम्राज्य की स्थापना की थी। हम उन्हीं महान पूर्वजों के वंशज हैं। हमारी भुजाओं में वैसा ही बल चिर स्थाई रहे, हम क्षमतावान बने रहें।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और नेपाल में प्रदर्शन

बढ़ती असहिष्णुता का गंभीर परिदृश्य देखा गया

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। हाल के दिनों में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा और उनके मठ-मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाओं ने एक बार फिर से धार्मिक असहिष्णुता के मुद्दे को उजागर किया है। हिंदू समुदाय पर हो रहे इन हमलों के खिलाफ नेपाल के बीरगंज में व्यापक प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार से हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

नेपाल के बीरगंज में प्रदर्शन की शुरूआत मुख्य चौक से हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए जिला प्रशासन कार्यालय के सामने सभा में तब्दील हो गई। इस दौरान नेपाल की सेना भारी संख्या में जुलूस के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सफल रही। हिंदू समाज के नेताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को धार्मिक असहिष्णुता का स्पष्ट उदाहरण बताया और इसकी कड़ी निंदा की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने का आह्वान किया। नेपाल हिंदू स्वयं सेवक संघ के विरगंज कार्यवाहक प्रमुख रंजीत शाह ने कहा कि बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं के घरों, दुकानों और मंदिरों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने बांग्लादेश सरकार से मांग की कि वह हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करे और हिंसा फैलाने वालों को सख्त सजा दे।

बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल के अनुसार, बांग्लादेश के कुल 64 जिलों में से 45 जिलों में हिंदुओं पर हमले किए गए हैं।

इन घटनाओं में कई घरों, दुकानों और मंदिरों को तोड़ा और लूटा गया। हिंसा के दौरान एक स्कूल शिक्षक समेत कई लोगों की हत्या

कर दी गई, जबकि 45 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बांग्लादेश की आबादी लगभग 17 करोड़ है, जिसमें हिंदू केवल 8% हैं। ये अल्पसंख्यक मुख्य रूप से शेख हसीना की सेक्युलर आवामी लीग पार्टी के समर्थक रहे हैं, लेकिन शेख हसीना के सत्ता से हटने और देश छोड़ने के बाद, कट्टरपंथी ताकतों ने हिंसा का सहारा लिया है। बांग्लादेश के हिंदू समुदाय के लोग जान बचाने के लिए भारत की ओर भागने की कोशिश कर रहे हैं। बांग्लादेश-भारत सीमा पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

गहवा माई रथ पुजा समिति के महासचिव लक्ष्मी नारायण उर्फ पप्पू गुप्ता ने कहा कि इस समस्या का समाधान केवल स्थानीय सरकार के भरोसे छोड़ना उचित नहीं है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से मानवाधिकार संगठनों और संयुक्त राष्ट्र को बांग्लादेश की स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और हिंसा के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव अत्यंत आवश्यक है।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद सह राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला इकाई प्रमुख दिग्विजय पार्थ ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमले केवल धार्मिक असहिष्णुता का मामला नहीं हैं; यह एक अल्पसंख्यक समुदाय के अस्तित्व और उनके अधिकारों पर हमला है। नेपाल और अन्य पड़ोसी देशों में हो रहे विरोध प्रदर्शन दिखाते हैं कि यह मुद्दा क्षेत्रीय अस्थिरता का कारण बन सकता है। ऐसे में बांग्लादेश सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की संयुक्त कार्रवाई अत्यावश्यक है, ताकि धार्मिक सौहार्द और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

कोपा में नौ दिवसीय रामकथा व सतसंग के लिए निकला गया भव्य कलश यात्रा

कलश यात्रा में हाथी ,घोड़ा, बैंड बाजा के साथ हजारों महिलाएं शामिल हुई

प्रात: किरण, संवाददाता

कोपा ।कोपा नगर पंचायत के दखिन टोला राम-जानकी जोड़ा मंदिर में आयोजित रामकथा व सगीत मय सत्संग के लिए रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कलश यात्रा में हाथी घोड़ा बैंड बाजा के साथ हजारों की संख्या में महिलाएं पीला वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुई। पूरे कोपा नगर पंचायत जय श्री राम तथा जय माता दी के नारे से गूंज उठा। कलश यात्रा कोपा जोड़ा मंदिर से कोपा काली मंदिर पंचायत रोड होते हुए कोपा थाना के समीप संकट मोचन मंदिर कोपा बाजार होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। आयोजन समिति से जुड़े समाजिक कार्यकर्ता सतेंदर कुमार यादव ने बताया कि 24 दिसम्बर तक चलने वाले नव दिवसीय रामकथा सह सत्संग में प्रत्येक दिन दोपहर 2 बजे से संध्या 5 बजे तक अयोध्या से आए श्री बाल कृष्ण दास जी महाराज के द्वारा संगीतमयी श्री राम कथा का वाचन किया जाएगा। 24 दिसम्बर को विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया है। कलश यात्रा में कोपा थानाध्यक्ष पिन्टू कुमार सहित सावित्री देवी, अखिलेश कुमार, कुन्दन कुमार, तार के श्वर साह, सलीम खान, टंडल प्रसाद, संतोष सिंह, प्रदीप महतो, राजू मिश्रा, साहू सिंह, बुस्तामी खां, माधुरी सिंह, सतेन्द्र यादव, राजा सिंह, बलवंत सिंह, राहुल कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

कोपा बस स्टैंड से देशी शराब के साथ एक धंदेवाज गिरफ्तार

प्रातः किरण, संवाददाता

जलालपुर / कोपा थाना क्षेत्र के कोपा बस स्टेंड से गुप्त सूचना के आधार पर कोपा थाना अध्यक्ष पिन्टू कुमार ने पाँच लीटर देशी शराब के एक धंदेवाज को गिरफ्तार किया गिरफ्तार धंदेवाज कोपा चट्टी निवासी अदालत मिया बताया गया।कोपा थाना अध्यक्ष ने बताया कि एक झोला में शराब लेकर धंदेवाज बस स्टैंड में ही खड़ा था तभी गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार धंदेवाज से आवशय पूछ ताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

चोरी के बाइक के साथ दो गिरफ्तार

कोपा / कोपा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दाउदपुर थाना क्षेत्र के बलेशरा गाँव मे छापेमारी कर चोरी के बाइक के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया आपको बताते चले कि कोपा बाजार से हीरो होंडा एस्प्लेनेड दस दिन पहले चोरी हुई बाइक के साथ दो युवल को गिरफ़्तार कर लिया दोनों गिरफ्तार युवक दाउदपुर थाना क्षेत्र के बलेशरा गाँव निवासी शिव कुमार सिंह के पुत्र रोहित कुमार सिंह तथा गनीदेव के पुत्र सूरज कुमार सिंह बताया गया।कोपा थाना पिन्टू कुमार ने बताया बलेशरा से ही छापेमारी कर दिनों को गिरफ्तार किया गया दिनों बाइक चोरी में अपना संलिप्त स्वीकार किया है।दोनों गिरफ्तार युवक से आश्यक पूछ ताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

बैट्री दूकान से पुलिस ने किया शराब बरामद

लहलादपुर। जनता बाजार थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की संध्या अपने थाना क्षेत्र के जनता बाजार स्थित कृष्णा बैट्री एजेंसी एंड इलेक्ट्रोनिक्स दूकान में छापामारी कर दूकान से टिन के दो बक्से में रखे 26 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया. जिसमें एक बक्से में 375 एमएल अंग्रेजी शराब से भरे 16 बोतल, जबकि दूसरे बक्से में 750 एमएल अंग्रेजी शराब से भरे 10 बोतल शामिल है. पुलिस ने शराब रखे दोनों बक्से के साथ दूकानदार छोटेलाल प्रसाद को भी थाने लायी. जहां सुसंगत धाराओं के तहत छोटेलाल प्रसाद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया.

आपसी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट

बनियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के लौवा छतवा मठिया गाव मे आपसी विवाद मे दो पक्षों मे जमकर मारपीट हों गयी है,जिस घटना मे दर्जन भर लोग जख्मी हों गए है। घटना के प्राथमिकी मे प्रथम पक्ष के रंजीत गिरी ने पट्टीदार राकेश गिरी पंकज गिरी प्रभावती कुँवर को नामजद किया है।वही दूसरे पक्ष के प्रभावती कुँवर ने आधा दर्जन लोगो को आरोपित करते मारपीट कर जख्मी करने का मामला दर्ज कराई है।घटना की प्राथमिकी के बाद पुलिस अनुसंधान मे जुट गयी है।

चोरी की मोटरसायकील के साथ एक गिरफ्तार

लहलादपुर। जनता बाजार थाना की पुलिस ने शनिवार की रात्रि अपने गस्ती के दौरान ताजपुर बिहारी मोड़ से गुजरने वाले एक मोटरसायकील चोर को गिरफ्तार किया.

ताजपुर बिहारी मोड़ पर खड़े गस्तीदल पुलिस को एकमा की ओर से आता हुआ एक मोटरसायकी सवार दिखाई दिया.

पुलिस ने मोटरसायकी सवार को रोकना चाहा मगर पुलिस को देखकर वह अपनी मोटरसायकील मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा. पुलिस ने अपने दल-बल के साथ उसे पकड़ लिया.

स्वास्थ्य मंत्री ने किया अखंड ज्योति लैब्स का शुभारंभ

कहा: पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार के सपने को साकार करने में जुटा है यह अस्पताल

- **अखंड ज्योति लैब्स का शुभारंभ: विजन 2030 के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम**

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल ने अपने महत्वाकांक्षी विजन 2030 की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, अखंड ज्योति लैब्स का शुभारंभ किया, जिसका उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के हाथों संपन्न हुआ। यह अत्याधुनिक नेत्र अनुसंधान प्रयोगशाला नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में शोध और साक्ष्य आधारित सेवाओं को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर, बिहार सरकार के माननीय स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने मुख्य अतिथि के रूप में अखंड ज्योति के प्रयासों की सराहना की और कहा, यह प्रयोगशाला बिहार के नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति लाने का काम करेगी और इसे पूरे देश में एक उदाहरण के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार का आभार व्यक्त करता हूं, जो स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से राष्ट्र की सेवा को संकल्पित हैं। इनके द्वारा सुदूर देहात में 500 बेड का यह अस्पताल सराहनीय है, जिसका लाभ ना सिर्फ बिहार बल्कि दूसरे प्रदेशों के लोगों को भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज मुझे इस अस्पताल में नए लैब के उद्घाटन का सौभाग्य मिला है। यहां यकीनन बेहतर परीक्षण होगा और यह अस्पताल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वस्थ समाज के सपने पर खड़ा उतरने का काम कर रहा है। साथ ही यहां आयुष्मान योजना का भी लाभ गरीबों को मिल रहा है। उद्घाटन के उपरांत माननीय मंत्री ने इस क्षेत्र में आई सेंटर स्थापित करने का भी सुझाव दिया और कहा कि इसमें जो भी मदद की जरूरत होगी, उसके लिए बिहार सरकार तत्पर है।

आपको बता दें कि अखंड ज्योति लैब्स में मॉलिक्यूलर बायोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, हिस्टोपैथोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री और हेमेटोलॉजी जैसी उन्नत परीक्षण सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यह प्रयोगशाला नेत्र स्वास्थ्य में साक्ष्य आधारित उपचार को बढ़ावा देगी और विजन 2030 के तहत हर साल 50 शैक्षणिक शोध पत्र प्रकाशित करने की क्षमता विकसित करेगी।पिछले सप्ताह अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल ने अपने ऐतिहासिक विजन 2030 की शुरूआत की थी, जिसका उद्देश्य है बिहार को अंधता मुक्त बनाना और लाखों लोगों की आँखों की रोशनी लौटाना। उस अवसर पर गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी की 50 फीट ऊँची जागृत प्रतिमा का अनावरण भी किया गया था। अखंड ज्योति लैब्स विजन 2030 के उन लक्ष्यों को साकार करने का एक सशक्त माध्यम बनेगी, जिनमें उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र स्वास्थ्य सेवाएँ, साक्ष्य आधारित उपचार और नेत्र अनुसंधान को बढ़ावा देना शामिल है।

अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के इस प्रयास का उद्देश्य न केवल बिहार के नेत्र स्वास्थ्य में सुधार लाना है, बल्कि इसे पूरे देश के लिए एक उदाहरण बनाना है। इस लैब के माध्यम से नेत्र स्वास्थ्य अनुसंधान को नई दिशा दी जाएगी और ग्रामीण बिहार को विश्व स्तरीय चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

पर्यावरण स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरणविदों ने की पौधारोपण की मांग

विभिन्न तटबंधों,नदी किनारे, परती जमीन,सार्वजनिक स्थलों पर हो पौधारोपण

बगहा। पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने हेतु ह्रवृक्षारोपणह्व को जन अभियान बनाने के लिए समाज के संवृद्ध लोगों को आगे आना होगा।नदी नालों,नहरों के तटबंधों,खाली पड़े जमीनों पर ब्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाना चाहिए।इसके लिए समाज के संवृद्ध लोगों को आगे आना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ऐसा समाज व पर्यावरण चिंतक अश्वनी ठाकुर ने वन अधिकारियों और संवेदनशील पत्रकारों से अनुरोध किया है कि इस मिशन को आगे बढाने में सहयोग करें।बतादें की पर्यावरण के स्वच्छता के लिए पेड़ पौधे का होना हमारे जीवन मे कितना असर डालता है। वृक्षों द्वारा प्रदत्त प्राणवायु के साथ हमारे सांसों के तार जुड़े हैं जिनके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है । इसी भाव से वृक्षों को अपना मित्र, संरक्षक एवं परिजन मान कर वर्ष के सभी प्रमुख त्योहार जैसे होली,दीपावली और रक्षाबंधन वृक्षों के साथ मनाने की परम्परा का निर्वहन किया जाना चाहिए।बतातें चलें कि वृक्षारोपण के जन अभियान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले गजेंद्र यादव ने अबतक नदी नालों और गंडक नदी किनारे,सार्वजनिक जमीनों पर व तटबंधों पर जन सहयोग से लाखों वृक्षों का रोपण किया है।ज्योतिर्मय वसुधा का यह आंचल सबको आहलादित कर यह संदेश दे रहा है कि हमे प्रकृति के साथ तादात्म्य स्थापित कर पर्यावरण की सुरक्षा एवं संबर्धन के लिए आगे बढ़कर बढ़ते वैश्विक तापमान एवं जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न संकट का एक मात्र निदान ह्रवृक्षारोपणह्व द्वारा धरती को आच्छादित कर भावी चुनौतियों से धरा पर स्थित जीव मात्र की रक्षा के लिए सामुहिक प्रयास की सार्थक भूमिका निभाने के लिए तत्पर होना पड़ेगा।

मटियारिया थानाध्यक्ष की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, रामनगर पीएचसी में कराया गया था भर्ती

बगहा।मटियारिया थानाध्यक्ष अंकित दास की अचानक तबियत बिगड़ते ही रामनगर पीएचसी में भर्ती कराया गया। बिगड़ती हालत को देखते हुए बेतिया के जीएमसीएच ले जाया गया।समझा जाता है कि उनकी मौत हार्ट अटैक के वजह से हुई है लेकिन उनके मौत का सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चल सकेगा। बतादें की मृतक सब इंस्पेक्टर 2018 बैच के अंकित दास किशनगंज जिले के निवासी बताए जा रहे है।बेतिया लाइन डीएसपी देवानंद राउत ने घटना की पुष्टि की है।

विद्यार्थियों को अपना कैरियर बनाने में पढ़ाई के साथ खेल कूद में भी भागीदारी जरूरी:गरिमा

- **एमजेके कॉलेज में 15 वर्षों के अंतराल पर आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता का महापौर ने किया उद्घाटन**
- **महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय को बताया बेतिया के लिए एक ऐतिहासिक धरोहर**

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया। आगामी 21 दिसंबर तक चलने वाली एमजेके कॉलेज की वार्षिक खेलकूद सह योगदान स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आरंभ की गई.आयोजन की मुख्य अतिथि महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कॉलेज प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार बताया कि पूरे 15 वर्षों के अंतराल पर यह वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।अपने उद्घाटन भाषण में महापौर ने कहा कि आप विद्यार्थियों को अपना बेहतर कैरियर बनाने में अच्छी पढ़ाई के साथ खेल कूद और अन्यान्य विधाओं में भी भागीदारी जरूरी है। क्योंकि आज के दौर में हर क्षेत्र की तरक्की का आंकलन ग्लोबल रूप में किया जा रहा है। इसके साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि अपना यह महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय को बताया हमारे बेतिया नगर निगम के लिए एक ऐतिहासिक धरोहर है। मैं इसकी तरक्की और इसके सहयोग के लिए सर्वथा तत्पर रही हूं और आजीवन रहूंगी। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि अपने महाविद्यालय में संचालित विश्वविद्यालय का एक्सटेंशन काउंटर आगे चल कर महारानी जानकी कुंवर विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हो जाय। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. (डॉ) रवींद्र कुमार चौधरी और संचालन हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार चंदेल ने किया।

राधेश्याम सिंह मेमोरियल ट्रस्ट की बैठक सम्पन्न

प्रातः किरण, संवाददाता

डोरीगंज।जिले के गरखा प्रखण्ड अंतर्गत राधेश्याम सिंह मेमोरियल ट्रस्ट धनौरा की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्र सिंह एवं संचालन हरेंद्र सिंह ने किया।

इस बैठक में आगामी 22 दिसम्बर को मेधा छात्रवृत्ति सह कम्बल वितरण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया गया इसके साथ ही

उपस्थित सदस्यों को कार्यक्रम की सफलता के लिए जिम्मेवारी दी गई। ट्रस्ट द्वारा नामित सदस्यों द्वारा गरीब असहाय जरुरतमंद लोगों का नाम समयपूर्व उपलब्ध कराने की बात कही गई। अबतक हुए कार्यों पर संतोष वयक्त किया गया।

बैठक में उपस्थित होने वालों में गगन देव नरायण सिंह उच्च विद्यालय धनौरा के प्रधानाचार्य जयप्रकाश सिंह, नरावं पंचायत के वर्तमान सरपंच ओम कृष्ण सिंह उर्फ ठाकुर साहब, भरत सिंह, हरिवंश सिंह, विजय सिंह, विनय सिंह, विरेंद्र सिंह, रामविनोद उपाध्याय शिक्षक नेता राकेश कुमार सिंह शामिल हुए।

सियासी बयानबाजी के बीच मुख्यमंत्री का महिला संवाद यात्रा अगले घोषणा तक टला

प्रातः किरण, संवाददाता

बगहा। सियासी ब्यानबाजी के बीच मुख्यमंत्री की संभावित महिला संवाद यात्रा जो 15 दिसंबर से प्रस्तावित थी वह फिलहाल टल गया है और अभी सीएम के संभावित यात्रा की अगली तिथि निश्चित नहीं है बावजूद उसके विकास कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं और जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है।लिहाजा वाल्मीकिनगर के सन्तपुर घोटवा टोला की महज कुछ दिनों में तस्वीर बदल गई है। खुद पश्चिम चम्पारण के जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय दल बल के साथ कार्यों का जायजा लें रहें हैं और कई गांवों का चयन कर मुख्यमंत्री को प्रस्ताव भेजा गया है। डीएम की माने तो मुख्यमंत्री कि जब भी यात्रा होगी तो यहां पूरी व्यवस्था चाक चौबंद हो चुकी रहेगी। ऐसे में यह देखने वाली बात होगी की इस कड़ाके की ठंड में मुख्यमंत्री के आगमन का कौन सा दिन व तारीख सुनिश्चित होता है और प्रशासन द्वारा कराए गए विकास कार्य का कब मुख्यमंत्री निरीक्षण करनें पहुंचते हैं।

बताया जा रहा है की आदिवासी थारू बहुल क्षेत्र में जीविका द्वारा अपनी आय को बढ़ाने में जुटी महिलाओं से मुख्यमंत्री की मुलाकात होगी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बार क्या सौगात देंगें इसपर लोगों की टकटकी लगी हुई है। बात करें वाल्मीकिनगर के इस घोटवा टोला की जो बिल्कुल वीटीआर जंगल से सटा हुआ क्षेत्र है और इस गांव में इसके पहले विकास कार्यों की शुरूआत भी नहीं हुई थी लेकिन मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर यह गांव वैलनेस सेंटर और खुला जिम व आंगनबाड़ी केंद्र सहित तमाम मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित हो चुका है। बाढ़ बरसात में पानी निकासी को लेकर लचका पुलिया बनाया गया है ताकि ग्रामीणों को जल निकासी में कोई दिक्कतें न हों। इस गाँव से सटे अन्य गांव के लोगों की भी अब उम्मीदें बढ़ गई हैं लिहाजा उनके गांव में भी ऐसे हीं विकास कार्य करवाए जाने की महिलाएं मांग कर रहीं हैं वहीं जिला परिषद के अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो का दावा है की आनन फानन में नहीं ये विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगें जो सीएम के जाने के बाद भी यहां दिखेंगें।

वाल्मीकिनगर पंचायत में जलनल समस्या से लोग हो रहे दो चार

बगहा। वाल्मीकिनगर पंचायत के ग्रामीण इन दिनों जलनल से जलापूर्ति नहीं होने को लेकर परेशान हो रहे है। लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। बतादें की पंचायत के वार्ड नम्बर 6 और 14 के लोग जलापूर्ति को लेकर परेशान थे ही इधर वाल्मीकिनगर पंचायत के हवाई अड्डा चौक वार्ड नम्बर 5 के भी लोग जलापूर्ति नहीं होने से दो चार हो रहे हैं।हवाई अड्डा चौक निवासी लालबाबू गुप्ता ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा बिजली तार बिछाने के लिए जमीन खुदाई मशीन से कार्य करते समय जलनल का मुख्य पाइप छतिग्रस्त हो गया है जिस वजह से वार्ड नम्बर 5 के लोगों को पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

12 वी बिहार राज्य सीनियर महिला हैंडबॉल में ऐतिहासिक प्रदर्शन कर सारण हुआ विजेता

- **उपविजेता बेगुसराय, पटना एवं सीवान को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान की ट्रॉफी**

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। 12 वी बिहार राज्य सीनियर महिला हैंडबॉल का फाइनल मैच रविवार को सारण और बेगुसराय के बीच हुआ। जिसमें सारण ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पूरे बेगुसराय को 17 - 09 गोल के बड़े अंतर से पराजित कर चैंपियन विजेता ट्रॉफी अपने नाम किया । पूरे प्रतियोगिता में अजेय रहकर सारण ने पहली बार महिला हैंडबॉल के इस राज्य प्रतियोगिता में चैंपियन ट्रॉफी पर अपना नाम लिखा। बिहार हैंडबॉल संघ के तत्वाधान में मधेपुरा जिला हैंडबॉल संघ द्वारा कामेश्वर मध्य विद्यालय घैलाढ, मधेपुरा के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में लगातार उम्दा प्रदर्शन करने वाली सारण की राष्ट्रीय खिलाड़ी निधि कुमारी को बेस्ट गोलकीपर का अवॉर्ड जबकि सारण से दूसरी राष्ट्रीय खिलाड़ी रागिनी कुमारी को प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का खिताब मिला । जो संत जलेश्वर एकेडमी बड़ा लौवा बनियापुर की छात्रा है। टूर्नामेंट का उपविजेता ट्रॉफी बेगुसराय जबकि तृतीय स्थान की ट्रॉफी संयुक्त रूप से पटना एवं सीवान को मिला। प्रतियोगिता के समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला पार्षद वी के आर्यन , आरपीएम डिग्री कॉलेज मधेपुरा के प्राचार्य सह आयोजन अध्यक्ष नरेंद्र चंद्र नवीन , बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा बीडीसी सुमन कुमार, बालेश्वर उच्च विद्यालय के प्रधान सुभाष चंद्र , जहानाबाद सचिव आलोक कुमार सहित ने विजेता , उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार बांटा।रोमांचक मैच नेशनल रेफरी चंदन कुमार के साथ रेफरी बबलू कुमार , संजीव कुमार , आलोक कुमार अभिषेक कुमार सिंह सहित अन्य सफलतापूर्वक करा रहे है। प्रतियोगिता का संचालन मधेपुरा जिला हैंडबॉल सचिव दीपक कुमार ने किया । सारण के इस ऐतिहासिक जीत पर जिला हैंडबॉल संघ के सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि संत जलेश्वर एकेडमी बड़ा लौवा बनियापुर में राष्ट्रीय खिलाड़ी सह कोच अभिषेक कुमार सिंह के देखरेख में बेहतर आवासीय कोचिंग कैंप एवं प्लस टू उच्च विद्यालय मशरक में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक के साथ राष्ट्रीय खिलाड़ी आकाश एवं राजा के देखरेख में खिलाड़ियों का प्रशिक्षण सहायक रहा।

एक दिवसीय दिवारात्रि बॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

उदघाटन मैच राजपूत सपोर्टिंग क्लब इनई बनाम छपरा स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया, इनई ने छपरा को 20 से हराय

प्रातः किरण, संवाददाता

रिविलगंज । प्रखंड के इनई में राजपूत स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय दिवारात्रि बॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजसेवी युवराज सुधीर सिंह के द्वारा किया गया।

बता दे कि उदघाटन मैच राजपूत सपोर्टिंग क्लब इनई बनाम छपरा स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया जिसमें इनई ने छपरा को 20 से हराया । दूसरा मैच बसडीला ने मुखरेरा को 21 से हराया । तीसरा मैच गाजीपुर बनाम सिवान युवराज सुधीर सिंह ने कहा कि यह वालीवाल खेल से इनई, मुकरेरा छपरा जिले के सैकड़ो युवा रेल,सचिवालय,बिहार पुलिस ,आर्मी में नौकरी प्राप्त किया है। खेल से शारीरिक व्यायाम के साथ सभी वर्गों को जोड़ता है। यही एक बॉलीबाल खेल है जो कम खर्च कम जगह में खेला जाता है।

समाजसेवी चांदनी प्रकाश ने कहा कि बॉलीबाल खेल बहुत ही आकर्षण का खेल है एज खेल में बहुत ही दसको का रोमांस देखने को मिला है ।

टूनार्मेंट का उदघाटन के बाद उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा झिझियां नृत्य का प्रस्तुति किया गया। इस टूनार्मेंट में छपरा, गाजीपुर,बनारस,बसडीला, आजमगढ़,सिवान, सहित 10 टीम भाग लिया है। कुल 10 मैच खेला जाएगा।

उदघाटन में मुख्य रूप से समाजसेवी धर्मेन्द्र सिंह, इनई मुखिया प्रतिनिधि जय प्रकाश सिंह, भाजपा जिला मुख्य प्रवक्ता धर्मेन्द्र सिंह चौहान, भाजयुमो उपाध्यक्ष किशन सिंह,वार्ड पार्षद पप्पू सिंह ,सरपंच प्रतिनिधि चांद किशोर सिंह रास्ट्रीय कोच कुणाल कुमार, बॉलीबाल जिला सचिव अमित सौरभ आदि गणमान्य उपस्थित थे। सभी अतिथियो को अंग वस्त्र बुके देकर सम्मानित किया गया।

इस टूनार्मेंट को दिन रात को सफल बनाने के लिये अमित कमर,विवेक कुमार,रणधीर सिंह कुणाल किशोर पूर्व मुखिया प्रतिनिधि नवीन सिंह सहित दर्जनों खिलाड़ी का योगदान भरपूर रहा । टूनार्मेंट का निर्णायक रास्ट्रीय निर्णायक अभिषेक केशव, स्मिथ कर्षव,मुरारी कुमार ,स्नान अहमद ने बहुत ही बेहरतीन खेलाया। टूनार्मेंट देखने के लिये जिले के साथ ,सिवान,बलिया के दर्शक हजारो लोग शामिल हुए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय लोक अदालत में 766 मामलों का हुआ निष्पादन

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) शनिवार को सुबह 10:30 बजे से आयोजित उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला जज अनुज कुमार जैन, जिला पदाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह, पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार, एडीजे प्रथम शैलेंद्र कुमार पांडा, रोहतास जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार, रोहतास बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुक्ति नारायण तिवारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव सुरभि श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर सभी न्यायिक पदाधिकारी, संबंधित बैंकों एवं विभागों के पदाधिकारी, अधिवक्ता व पक्षकार मौजूद थे। राष्ट्रीय लोक अदालत के मद्देनजर कुल 10 बेंचो का गठन किया गया था। जहां फरियादीयों के आवश्यकताओं का विशेष प्रबंध किया गया था। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सासाराम में कुल 766 मामलों का निबटारा किया गया। सबसे ज्यादा बैंको के 5 करोड़ रूपए के ऋणों का सेटलमेंट किया गया। जिसमें बैंको के ऑन स्पाट 90 लाख रूपए रिकवर हुए ।

राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु गठित दस बेंचो में निष्पादित मामलो की सूची

बेंच संख्या -1 में वैवाहिक वाद एवं बैंक ऑफ बडौदा, बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक इलाहाबाद बैंक एवं चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी हेतु एडीजे प्रथम शैलेंद्र कुमार पांडा एवं अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह ने 100 मामलों का निष्पादन किया।

बेंच संख्या- 2 में यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, सिंडिकेट बैंक, कोऑपरेटिव बैंक, भूमी विकास बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, हीरो मोटोकॉर्प फाइनेंस एवं केनरा बैंक हेतु अपर जिला जज रजनी कुमारी एवं अधिवक्ता विश्वजीत कुमार ने 73 मामलों का किया निष्पादन।

बेंच संख्या - 3 में सभी कंपनियों के दावा वादों हेतु अपर जिला जज दीपांशु श्रीवास्तव एवं अधिवक्ता अजय कुमार ने 14 मामलों का किया निष्पादन।बेंच संख्या -4 में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक करगहर, कोचस, नोखा, सासाराम, शिवसागर एवं चेनारी तथा सब जज 6 एवं सब जज आठ के सुलहनीय वादों हेतु अपर जिला जज उमेश राय एवं अधिवक्ता मनोज कुमार पाठक ने किया 140 मामलों का निष्पादन।

बेंच संख्या - 5 में पंजाब नेशनल बैंक, पानी बिल एवं जेएम प्रथम चंदन कुमार एवं प्रियांशवी सिंह के न्यायालय के सुलहनीय मामलों हेतु एडीजे प्रमोद कुमार पांडेय एवं अधिवक्ता सीताराम चौबे ने 268 मामलों का किया निष्पादन।

बेंच संख्या -6 में भूमि अधिग्रहण वाद, ट्रैफिक चालान, लेबर कोर्ट के वादों एवं सीजेएम कोर्ट के सभी सुलहनीय फौजदारी मामले हेतु सब जज प्रथम राकेश कुमार एवं अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार सिंह ने किया 39 मामलों का निष्पादन।

बेंच संख्या- 7 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं सबजज 7 के न्यायालय के सुलहनीय मामलों हेतु सबजज सात विद्यानंद सागर एवं अधिवक्ता प्रतिभा पल्लवी ने 53 मामलों का किया निष्पादन।

बेंच संख्या-8 में मुंसिफ कोर्ट के सभी सिविल वाद, एनआई ऐक्ट, बिजली वाद, टेलीफोन एवं ग्राम कचहरी के वादों हेतु मुंसिफ दामोदर कुमार एवं अधिवक्ता राधेश्याम सिंह ने 27 मामलों का किया निष्पादन।

बेंच संख्या-9 में अपने कोर्ट, एसडीजेएम कोर्ट एवं मजिस्ट्रेट आकाश कुमार के कोर्ट के सुलहनीय फौजदारी मामलो हेतु प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अमित कुमार पांडेय एवं अधिवक्ता मीना कुमारी ने किया 31 मामलों का निष्पादन।

बेंच संख्या-10 में नापतोल एवं सभी मजिस्ट्रेट के सुलहनीय मामले हेतु जेएम प्रथम गीतिका त्रिपाठी एवं अधिवक्ता श्रीराम गुप्ता ने किया 21 मामलों का निष्पादन।

भोजपुरी आंदोलन को नई दिशा देने के उद्देश्य के साथ भिखारी ठाकुर लोकोत्सव का कल से आगाज

अभिनेता विजय खरे को दिया गया श्रद्धांजलि

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भोजपुरी लोककलाकार भिखारी ठाकुर की जयंती के उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय भिखारी ठाकुर लोकोत्सव का आगाज कल स्थानीय पटेल बस पड़ाव स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर होगा। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के बैनर तले इस साल लगातार 24 वें संस्करण का आयोजन होगा। इस बार त्रिदिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य भोजपुरी जनांदोलन को नई दिशा देना तथा भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता दिलाने के लिए अंतिम और निर्णायक संघर्ष का आह्वान करना है। भिखारी ठाकुर लोकोत्सव का मुख्य आकर्षण पारंपरिक गोंड, कठघोड़वा, धोबिया नाच, चर्चित कलाकारों अंकिता पंडित, आशीष दूबे का गायन, बक्शी विकास का भोजपुरी गीतों पर शास्त्रीय नृत्य, स्थानीय स्कूली बच्चों की तथा भोजपुरी भाषा की अस्मिता और संवैधानिक मान्यता के सवाल पर परिचर्चा होगी। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के 20 वार्षिक सम्मानों को भी भोजपुरी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को दिया जाएगा। कल कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के बाद परिचर्चा और गोंड नाच का आयोजन होगा। कार्यक्रम की विधिवत जानकारी देते हुए अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र सिंह ने कहा कि इस बार वार्षिक स्मारिका का भी प्रकाशन होगा जिसके कवर पेज की मुंहदिखाई कल होगी। 200 से ऊपर फिल्मों में काम कर चुके भोजपुरी के मशहूर चरित्र अभिनेता विजय खरे के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। वरिष्ठ कवि जनार्दन मिश्र और संस्कृतिकर्मी अमरदीप कुमार राय ने विजय खरे से जुड़े प्रसंगों को साझा किया। आज की बैठक में रविन्द्र नाथ सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार शर्मा, कृष्ण प्रताप सिंह, कवि राज कवि, रंजन यादव, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा, चंद्रभूषण पांडेय, सोहित सिन्हा और रवि प्रकाश सूरज ने लोकोत्सव की सफलता के लिए रणनीति पर विचार किया और लोकोत्सव से जुड़ने और सहयोग करने की अपील की।

बोस फाउंडेशन ने पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया, दी श्रद्धांजलि

प्रातः किरण संवाददाता

सासाराम(रोहतास) । नेताजी सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन के तत्वावधान में कचहरी मोड़ पर स्थापित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर लोगों ने उन्हें नमन किया दी श्रद्धांजलि। मौके पर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने कहा सरदार पटेल किसान नेता के रूप में बारडोली किसान संघर्ष को एक दिशा दी। वे 665 रियासतों को एकजुट कर देश की एकता को मजबूत किया। वे स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेता थे। 15 दिसंबर 1950 को उनकी मृत्यु हुई थी। आज 74वां पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हैं । कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाहनवाज हुसैन अधिवक्ता, बबन विद्रोही ,अशोक कुमार एपीपी, रमेश कुमार रमन एपीपी, कुमारी शकुंतला सिंह अधिवक्ता, संगीता सिंह अधिवक्ता, प्रो० सुरेंद्र सिंह, प्रो० दिनेश प्रसाद सिंह, संजय तिवारी अधिकवक्ता, राम सुरेश सिंह ,उमेश सिंह सहित दर्जनों संभ्रांत व्यक्तियों व बुद्धिजीवियों ने पटेल को नमन किया।

विशेष कैम्प का आयोजन कर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से किया गया लाभान्वित, दी गई अन्य योजनाओं की जानकारी

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के निर्देश के आलोक में आज मझौलिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज-धोकराहा अवस्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, शिकारपुर में विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। विशेष कैम्प में सभी विभागों के अंतर्ग संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को आच्छादित/ जानकारी प्रदान करने एवं समस्याओं का निराकरण किया गया है।

इस कैम्प में शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, राजस्व पशुपालन आरटीपीएस, कृषि, महिला हेल्पलाइन, उद्योग विभाग, जिला अल्पसंख्यक कल्याण, आयुष्मान कार्ड, खाद्य आपूर्ति, बाल विकास परियोजनाओं आदि समस्याओं से संबंधित लोगों का समस्या का निपटारा किया गया।

कैम्प में सुबह 10 बजे से अपनी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक काउंटर पर लोगों का तांता लगा रहा। अलग अलग विभागों के अलग अलग काउंटर लगाए गए थे। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी मॉनिटरिंग कर रहे थे।

विशेष कैम्प का उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन, अंचलाधिकारी राजीव रंजन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हफ्फिजुल रहमान, सीडीपीओ, सहित सभी विभागों के अधिकारी पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

नीतीश कुमार रोजगार देने की बजाय युवाओं पर लाठियां बरसा रही है: शिवप्रकाश रंजन

प्रातः किरण संवाददाता

भोजपुर। भाकपा-माले द्वारा आयोजित बदलो बिहार महाजुटान रैली 9 मार्च 2025 को प्रस्तावित है इस रैली की तैयारी और इंकलाबी नौजवान सभा का संगठन विस्तार पर भी बातचीत हुई। बैठक को सम्बोधित करते इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य सचिव व अगियांव विधायक शिवप्रकाश रंजन ने नौजवानों के समस्यायों पर विस्तार से बात रखते हुए उन्होंने कहा की केंद्र सहित बिहार में डबल इंजन की सरकार नौजवानों के सवालों से पूरी तरह भाग रही है ! शिक्षा, रोजगार और लगातार हो रहे प्रतियोगिता परीक्षाओं में पेपर लीक से छात्र-युवा नौजवान खुद को ठगा और बहताशा महसूस कर रहे हैं !इसलिए सभी वर्गों के नौजवानों को अपने रोजगार और अधिकार के लिए इंकलाबी नौजवान सभा से जुड़कर लड़ाई लड़नी चाहिए और अपने रोजगार और अधिकार के लिए 9 मार्च को पटना में होने वाले बदलो बिहार महाजुटान रैली में नौजवानों का भारी जुटान हो ताकि आने वाले नई सरकार शिक्षा और रोजगार की गारंटी करें !

साथ ही संगठन का विस्तार और प्रखंड व जिला सम्मेलन आयोजित करने पर बात हुई !

बैठक में उपस्थित अगियांव विधायक शिव प्रकाश रंजन सहित जिलाध्यक्ष निरंजन केशरी, माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, जिला सह सचिव विशाल कुमार, अखिलेश गुप्ता, अप्पू यादव, कन्हैया कुमार, अमित यादव, दिलीप कुमार, रितेश पासवान, पंकज कुशवाहा, अभिनव कुमार, प्रदीप कुमार, राहुल कुमार, वीर कुंवर सिंह सहित दर्जनों नौजवान थे।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस ने किया हत्यारे पति को गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। पिछले 23 नवंम्बर को बरियारपुर हटिया ईट भट्ठा के समीप उमा देवी की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाबत पुत्र ने 24 नवंबर को बरियारपुर थाना में अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। आज पुलिस ने मृतिका के पति को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर मामले का उद्भेदन किया। हत्यारे पति ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान के सहारे पुलिस को ये सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि पड़िया निवासी शंकर रजक अपनी पत्नी की हत्या ईंट से कूंच कर अवैध संबंध के शक में कर दिया था। पुलिस को दिये बयान में शंकर रजक ने बताया कि घटना के दिन पत्नी का पीछा किया और दूसरे के घर से बाहर निकलने पर उसे पटक कर ईंट से कूंच कर हत्या कर दी और लाश को ईंट भट्ठा के पीछे फेंक दिया।,

दर्जनों नि:शक्त एवं असहायों के बीच कम्बल वितरण

प्रातः किरण संवाददाता

डोरीगंज। जिले के गरखा प्रखंड के मदनपुर नवतन निवासी वायु सेना के जवान आशीष सिंह उर्फ दीपक सिंह ने अपने पिता की पुण्य तिथि मनाई। इस अवसर पर उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय चंद्रिका सिंह के 16 वें पुण्य तिथि पर गरीब, असहाय, लाचार एवं निःशक्त दर्जनों लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया।लाभुकों को कंबल के साथ आर्थिक राशि देकर भोजन कराया गया। जयंती सह कंबल वितरण समारोह में नरावं पंचायत मुखिया कामख्या सिंह, भाजपा नेता राजेश सिंह, कोठियां पंचायत समिति सदस्य सोनू सिंह,संजय सिंह, अजीत सिंह सर्वजीत सिंह,राजेश कुमार तिवारी,धनंजय सिंह, राहुल सिंह,आदि मुख्य लोग व परिवार के सदस्य शामिल थे।

थाना परिसर में हुआ गुंडा परेड का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

लहलादपुर। सारण पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनता बाजार थाना परिसर में एक गुंडा परेड का आयोजन हुआ. जिसमें जमानत पर जेल से रिहा हुए शराब व्यवसायी तथा अपराधिक चरित्र के 72 लोग शामिल हुए. जिन्हें थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार ने समझाते हुए अच्छे कार्यों को करने तथा अच्छे ढंग से जीवन व्यतीत करने का मार्गदर्शन कराया.

उन्होंने अपने थाना क्षेत्र को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने पर बल दिया.

18 से 24 दिसंबर तक राघोपुर में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

भागलपुर। सरस्वती मंदिर, कचहरी परिसर राघोपुर में 18 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसको लेकर तैयारी जोरों शोरों से की जा रही। कथावाचक आनंदमूर्ति पं. गोपाल भाई ओझा के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को भागवतामृत रसपान का सौभाग्य मिलेगा। विदित हो कि भागलपुर के चर्चित समाजसेवी संजीव सुमन अपने संगठन नव सृजन संघर्ष समिति के सौजन्य से लगातार जिले के विभिन्न पंचायतों में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराते आ रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर संगठन के अध्यक्ष श्री सुमन ने कहा कि सात दिनों तक चलने वाले श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं के लिए उत्तम व्यवस्था की जा रही है। 18 दिसंबर को प्रातः 8 बजे भव्य कलश शोभायात्रा से कार्यक्रम की शुरूआत होगी, जिसको लेकर आज पंचायत वासियों को पूज्य बाबा द्वारा अभिमंत्रित अक्षत निमंत्रण दिया गया। हर रोज संध्या 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक भागवत कथा होगी, इस दौरान भजन और श्रीकृष्ण लीला झांकी का भी आयोजन होगा। बताते चलें कि कार्यक्रम के मुख्य यजमान चंद्रशेखर भगत (बीमा अभिकर्ता) व उनकी पत्नी मधु कुमारी है। वही इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आयोजक समिति बिजय कु.मंडल (पूर्व जिप सदस्य), सुमित कु.सुमन (प्रखंड अध्यक्ष, युवा राजद), मदन कुमार (वार्ड सदस्य), राजीव कुमार (पंचायत समिति), समाजसेवी बिजय कुमार मंडल, विद्यानंद कुमार, अजय कुमार मंडल, डॉक्टर प्रमोद ठाकुर, रंजीत मंडल, बालमुकुंद कुमार, लक्ष्मण मंडल, मिथिलेश कुमार, दिनकर कुमार, वकील मंडल, अजय मंडल, नंदलाल मंडल, नित्यानंद मंडल, महेश मंडल आदि का अहम योगदान है। सहयोगी किरण जायसवाल (शिक्षिका सह मानवाधिकार महिला जिलाध्यक्ष) भी उक्त कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर अपना योगदान कर रही है। श्रीमद भागवत कथा को लेकर पंचायत वासियों में खुशी की लहर है और अभी से माहौल भक्तिमय होने लगा है।

संतोष बने प्राइवेट स्कूल्स एसोशिएसन बड़हरा के प्रखंड अध्यक्ष

प्रातः किरण संवाददाता

बड़हरा । प्रखंड के सरैयां अवस्थित हब टेक कंप्यूटर सेंटर के प्रांगण में प्राइवेट स्कूल्स एसोशिएसन, भोजपुर के बैनर तले सम्मान समारोह सह एसोशिएसन विस्तार का भव्य आयोजन जिला अध्यक्ष मिथिलेश रंजन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मंच संचालन नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने किया ' मुख्य अतिथि के रूप में एसोशिएसन के जिला अध्यक्ष मिथिलेश रंजन,उपाध्यक्ष अविनाश कुमार, सचिव सह प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह, समन्वयक अनंत कुमार सिंह उपस्थित रहें' सर्व सम्मति से प्रखंड अध्यक्ष के पद पर संतोष कुमार यादव, उपाध्यक्ष संतोष सिंह, सचिव अभय सिंह, संयुक्त सचिव विकाश कुमार सिंह, संयोजक बड़हरा पूर्वी अभिषेक सिंह, संयोजक बड़हरा पश्चिमी सह कोषाध्यक्ष कार्तिक कुमार, मीडिया प्रभारी भीम सिंह, गुड्डू कुमार, महावीर कुमार, अभिषेक कुमार, अभय उपाध्याय,प्रशांत कुमार, सद्दाम हुसैन,सद्दाम जी, विष्णु शंकर तिवारी, अभिमन्यू कुमार, मिन्टु कुमार, चंदन तिवारी सहित कई विद्यालयों के निदेशक मौजूद रहें ' सभी ने एक स्वर में एसोशिएस के कार्यो की सराहना की और कदम - से कदम मिलाकर चलने की बात की 'साथ ही सभी उपस्थित निदेशकों और पदाधिकारीगण को अंगवस्त्र, मोमेंटो और पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया।

मुख्य वक्ता मनोज कुमार सिंह (सचिव) ने विद्यालयों की समस्याओ और एसोशिएसन के गठन को लेकर सभी को हर तरह की बातों से अवगत कराया। जिला ईकाई एवं अन्य वक्ताओं ने निजी विद्यालयों की समस्याओ के हल हेतु विचार व्यक्त किए।

समाजसेवी ने ठंड से राहत के लिए दिव्यागों के बीच बांटा गया कंबल

नोखा (रोहतास) नगर परिषद के वार्ड-11 अंतर्गत अभदे आश्रम विश्व मानव उत्थान केंद्र नोखा के नेतृत्व में ठंड से राहत के लिए सैकड़ों गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया। अवसर पर समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार ने प्रत्येक वर्ष के भाति इस वर्ष भी सैकड़ो की संख्या में दिव्यांग असहाय गरीबों के बीच कंबल वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नोखा अंचल अधिकारी मकसूदन चौरसिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि ठंडक के दस्तक देते ही डॉ. मनोज के द्वारा हर साल सैकड़ो दिव्यांग लोगों के बीच कंबल वितरण करना एक मानवता का मिसाल है। ऐसे कार्य को लेकर समाज के सभी लोगों को आगे आना चाहिए। ताकि सभी गरीब असहाय दिव्यांग लोगों को ठंडक में राहत मिल सकें। मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चौहान, मुखिया तृप्ति कुमारी, पूर्व उपप्रमुख कैलाश पासवान, वार्ड सदस्य चौधरी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

आवास बुकिंग के लिए तख्तश्री कमेटी ने जारी किया टोल फ्री नंबर

पटना सिटी। श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 358वां प्रकाश पर्व को लेकर तैयारी जोरों पर शुरू हो गई है। रविवार को फिर कांफ्रेंस हॉल में अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही की अध्यक्षता और महासचिव इंद्रजीत सिंह के संचालन में पदधारकों और कार्यालय से जुड़े पदाधिकारी की बैठक हुई। इसमें सुरक्षा और सफाई से संबंधित प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक में वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, पूर्व महासचिव सरजिंदर सिंह, अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल, हरजीत सिंह, पपिंदर सिंह, महाकांत राय के साथ ही निजी सुरक्षा कंपनी के प्रतिनिधि और निजी सफाई करने वाली कंपनी के प्रतिनिधि के साथ ही कुछ संगतों ने भी भाग लिया। अध्यक्ष एवं महासचिव ने बताया कि संगतों को ठहरने के लिए आवास का पूरा प्रबंध किया जा रहा है। इस दौरान मालसलामी स्थित है ओपी साह भवन का उपयोग 20 दिसंबर से शुरू किया जाएगा। दीदारगंज के कटरा बाजार समिति से सटे पटना साहिब भवन का उपयोग एक जनवरी से होगा। कंगन घाट में बने पर्यटक सूचना केंद्र में आ रही संगतों को ठहराया जा रहा है। फिलहाल कमेटी ने संगत की सुविधा के लिए प्रकाश पर्व के मौके पर रिहाइश (आवास) की सुविधा के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी है। इसके लिए टोल फ्री नंबर 1800 891 8967 जारी किया गया है। 15 दिसंबर से ही प्रकाश पर्व पर आने वाली संगतों के लिए रिहाइश की बुकिंग शुरू कर दिया गया है। इस बार कमेटी संगतों की सुरक्षा के लिए निजी सुरक्षा एजेंसी की मदद ले रही है। विदित हो कि दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का मुख्य प्रकाश पर्व चार से छह जनवरी को मनाया जाएगा। चार जनवरी को बड़ी प्रभातफेरी तख्त साहिब से निकल कर पूरब दरवाजा, मोर्चा रोड, पटना साहिब स्टेशन रोड, गुरु गोविंद सिंह पथ सहित भगत सिंह चौक से होते हुए वापस तख्तश्री पटना साहिब लौटेगा। पांच जनवरी को गुरुद्वारा गायघाट से नगर कीर्तन निकलेगा, जो अशोक राजपथ के रास्ते होते हुए शाम तक तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचेगी। मुख्य प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह छह जनवरी को मनाया जाएगा। इसके पूर्व 25 दिसंबर से प्रभातफेरी निकालने का दौर शुरू हो जाएगा। वहीं गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में सात जनवरी को दशमेश पिता का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

अगहनी पूर्णिमा और रविवार पर हुई की गई पूजा-अर्चना व गंगा आरती

पटना सिटी । अगहन मास की पूर्णिमा और उगनी दूसरे रविवार पर भी श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की इन दो अक्षरों पर श्रद्धालुओं ने गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर स्नान करने के बाद भगवान सूरज को अर्घ देने का काम किया मंदिरों से लेकर घर तक में पूजा अर्चना की गई उगनी इतवार जो पिछले रविवार को नहीं कर पाए थे इस रविवार को उन्होंने व्रत रखा और सूरज की उपासना कर पूजा अर्चना की पूर्णिमा के अवसर पर ही वैष्णो मंदिरों में से लेकर घरों में भी श्री सत्यनारायण स्वामी की पूजा करने के साथ ही कथा का श्रवण किया गया आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण भी किया गया बेगमपुर स्थित दादाबाड़ी जैन मंदिर में भी दर्द धार्मिक अनुष्ठान किया गया यहां दादा गुरुदेव की पूजा अर्चना की गई जिसकी शुरूआत नौकर मंत्र से हुई इसके बाद बड़ी पूजा सामूहिक एक तीसरा पाठ मंगल आरती भी किया गया। इधर कंगन घाट पर गंगा सेवा दल समन्वय समिति के तत्वावधान में समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ राजीव गंगौल की अध्यक्षता एवं समिति के संस्थापक महासचिव राजेश शुक्ला टिल्लू के संचालन में अगहन मास की पूर्णिमा पर मां गंगा की महाआरती आचार्य हिमांशु गिरी द्वारा की गई। इस अवसर पर सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक विजय यादव, विकाश राज आदि थे।

शिव मंदिर में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

प्रातः किरण संवाददाता

जलालपुर। जलालपुर प्रखंड के बिशनपुर पंचायत के मंगोलापुर मंगलेश्वर महादेव शिव मंदिर में रात को चोरी हुई सीसीटीवी में हुआ कैद।

लेकिन इस बार मामला कुछ और हो गया सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तस्वीर कैद हो गई ग्रामीणों ने पड़कर चोर को साफ सुथरा कर पुलिस के हवाले कर दिया हालांकि चोरों ने कई चोरिय की गई मंदिरों पर और जगह-जगह चोरी की बारदातों पर अपने हामी भरी है चोरों ने कई लोगों के नाम भी पुलिस को बताई है उसे पर पुलिस गहन जांच कर रही है इलाके में कई चोरी होने के बाद चोरों की बड़ी नेटवर्क पुलिस के हाथों चली है चोर आर्केस्ट्रा में काम करने वाले कर्मी की है लोगों का यहां तक कहना है की आर्केस्ट्रा संचालक चोर और बदमाश लोगों को अपने पास रखते हैं और बांग्लादेश से आए हुए कितने लोग इन आर्केस्ट्रा वालों के पास कार्यरत है लड़के और लड़कियां यह लोग काम नहीं होने पर रातों में चोरी का काम करते हैं ऐसा ग्रामीणों का कहना है क्योंकि मंगोलपुर में जो चोरी हुई है उसमें कई सामान बरामद हुए हैं जैसे की बैटरी मशीन घंटी घंटा पैसा और मंदिर के कई सामान भी प्राप्त हुए हैं मंगलपुर गांव के तमाम लोगों ने मिलकर दोनों चोर को पुलिस के हवाले कर दिया ताकि उन्हें नए किस हिरासत में भेजा जा सके हालांकि पुलिस इस जांच कर रही है।

जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष का आगमन आज

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा (सारण)। जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती सोमवार को शहर के भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करेंगे।कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर सभी तैयारियों का अंतिम रुप दे दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए जिले में तय रुटमैप पर अनेक तोरणद्वार बनाए गए हैं।जहां जन सुराज के कार्यकर्ता जगह जगह उसका स्वागत करेंगें।उक्त जानकारी देते हुए जनसुराज के जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने एक बयान जारी कर कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन में सर्वप्रथम पंचायत और प्रखंड स्तर के कार्यकताओं को प्रदेश अध्यक्ष संबोधित करेंगे। मध्याह्न काल में एक प्रेस वार्ता आयोजित है जबकि दूसरे पाली में जिला और राज्य स्तर के पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक विचार - विमर्श किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष की पहली बार छपरा आगमन को लेकर कार्यकताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर गाजे-बाजे के साथ निकाली जलयात्रा सह शोभायात्रा,उमड़े श्रद्धालु

प्रातः किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास)। काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी के बाद गांव में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के निमित्त रविवार को भव्य जलयात्रा सह शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र एवं आसपास के हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़चढकर भाग लिया। धार्मिक कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी अदम्य उत्साह व्याप्त था। महिला,पुरुष समेत छोटे-छोटे बच्चों में भी कलश लेने की होड़ मची रही। निर्धारित समय के अनुसार परम पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज के निर्देशन में सांकल्पिक पूजन एवं यज्ञ मंडप परिक्रमा के पश्चात श्रद्धालुओं का जनसैलाब हाथी-घोड़े व गाजे- बाजे के साथ पुण्य सलिला मां गंगा स्वरूप का पावन जल कलश में संग्रहित करने हेतु काराकाट बाजार के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण एवं श्री जीयर स्वामी जी महाराज के जयघोष से पूरा इलाका गुंजायमान होता रहा। अंत में श्रद्धालुओं के भारी भीड़ के बीच वैदिक मंत्रोच्चारण व स्वस्तिवाचन साथ विद्वतजनों ने मोक्षदायिनी मां गंगा स्वरूप काराकाट बाजार मां दुर्गा मंदिर के समीप अवस्थित पोखरा पर षोड्षोपचार विधि से प्रधान कलश समेत सभी कलश का पूजन-अर्चन किया।

इसके पश्चात महायज्ञ के मुख्य यजमान समेत सभी श्रद्धालु कलश में जल अधिग्रहित कर बाद गांव के यज्ञ स्थल पहुंचे। महायज्ञ में निर्धारित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि 13 दिसंबर से महायज्ञ हेतु श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ एवं 20 दिसंबर को महायज्ञ की पूणार्हुति होगी। इस अवधि में 17 दिसंबर से प्रत्येक दिन श्रीलक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज अपने उपदेशों से श्रद्धालुओं को परमानंद की अनुभूति करायेंगे। शोभायात्रा के दौरान काराकाट थाना के एसआई संजय कुमार ठाकुर अपने टीम के साथ मॉनिटरिंग करते दिखे। शोभायात्रा दौरान हजारों की संख्या में नर और नारी मौजूद रहे।

शेरघाटी में सिमरन बस में लगी आग, धू धू कर जला बस, एक सप्ताह से खड़ी थी बस

प्रातः किरण संवाददाता

शेरघाटी।शहर के नया बाजार स्थित एक रिपेयरिंग सेंटर के सामने लगे सिमरन बस गाड़ी नम्बर बी आर 45 पी 4368 में अचानक आग लग जाने से आसपास के लोगो मे मचा हड़कंप आग पर काबू पाने के लिए पहुँची दमकल के दो गाड़ी आती तब तक बस के आधा से अधिक के हिस्से जलकर राख हो गया था।

जानकारी के मुताबिक बस तकरीबन एक सप्ताह से बनाने के लिए खड़ा किया गया था।

लेकिन अचानक रविवार के तकरीबन 4:00 बजे बस में आग लग जाने से आसपास के लोग में अफरा तफरी का माहौल हो गया उक्त स्थान पर तकरीबन कई बड़े एवं छोटे वाहन लगे हुए थे।

जिसका मिस्त्री के द्वारा मरामाती कार्य किया जा रहा था,अचानक आगलगी की घटना से के बाद आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत की लेकिन देखते ही देखते बस के आधे से अधिक हिस्से में आग लग गई।

जिससे बस जलकर गया वहीं घटना के जानकारी मिलते ही पहुंचे दमकल के दो वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, घटना के जानकारी मिलते ही शेरघाटी थाने की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन भी शुरू कर दी है।

इधर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अचानक जब गाड़ी से धुआं निकलने लगा तो हमसब लोग पानी फेंका लेकिन देखते ही देखते तेजी से आग फैलने लगा और बस धुँ धूं कर जलने लगा सबसे बड़ी गाली मत की बात यह रही कि वक्त बस में एक भी पैसेंजर ना कोई व्यक्ति बैठा हुआ था। नहीं तो बड़ी हादसा हो सकती थी। फिलहाल वाहन मालिक के द्वारा थाने में अब तक किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं की गई है।

जिला भाजपा सदस्यता अभियान पर की गई चर्चा

प्रातः किरण संवाददाता

गया।भाजपा सदस्यता महापर्व की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई बैठक लेने के लिए सदस्यता पर्व अभियान की जिला प्रभारी सह विधान पार्षद निवेदिता सिंह उपस्थित हुई है। इस बैठक में सदस्यता पर्व सहयोगी के साथ बैठक की गई है। इस बैठक में सदस्यता पर्व प्रभारी ने कहा कि पार्टी के कार्यकताओं को आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन की मजबूती और रणनीति पर गहन चर्चा की गई भाजपा का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच विश्वास और समर्पण की भावना को मजबूत करना हैं इसके लिए कार्यकर्ता अपने अपने बूथ कमिटी पर सक्रिय रूप से काम करना हैं उन्होंने कार्यकर्ता से आग्रह किया कि जल्द से जल्द बूथ कमिटी बनाया जाए ताकि मंडल अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हो सकें क्योंकि जबतक बूथ कमिटी नहीं बनेगी तब तक मंडल का चुनाव संभव नहीं हैं अगर मंडल का चुनाव नहीं होता तो जिला अध्यक्ष का चुनाव में देरी होगी।चुनाव के बाद कार्यकर्ता जनता से सीधे संवाद स्थापित कर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में अपने अपने बूथों से लेकर मंडल और जिले में चल रही योजनाओं को विस्तृत जानकारी देने में सफलता प्राप्त होगी।संगठन की सफलता का मुख्य आधार कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण हैं।

आगामी चुनावों में पार्टी की जीत के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाना होगा।भाजपा के कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू कर समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क कर भाजपा परिवार से जोड़ने का काम करेंगे।आज के बैठक में जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा, जैनेन्द्र कुमार, अनिल स्वामी,अनंत धीश अमन,मुकेश कुमार अधिवक्ता, हरेराम सिंह,अशोक सिंह,कुमार सत्यशील,राजेश सिंह, सरयू ठाकुर,जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, अजय कुमार,युगेश कुमार, महामंत्री रंजन कुमार सिंह,पप्पू चंद्रवंशी, जिला मंत्री बिनोद सिंह, वंदना कुमारी, कमल सिन्हा, सुधांशु मिश्रा,मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर,राजेंद्र राम,अनंत दांगी,विनय कुशवाहा, सहित सदस्यता पर्व में शामिल हुए हैं।

जदयू कार्यलय में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि मनाया गया

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।जदयू कार्यालय गया में जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद के अध्यक्षता में महान स्वतंत्रता सेनानी,भारत रत्न से सम्मानित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि मनाया गया है। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने कहा की सरदार पटेल का देश के लिए किया गया योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने लगभग 550 अलग अलग रियासतों को एक साथ मिलाने का काम किया था। उनका नारा था की एकता में ही बल है, पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया था। जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने कहा की आज बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने उन्हीं के रास्ते पर चलते हुए नारा दिया की पूरा बिहार हमारा परिवार, आज देश में सरदार पटेल का सच्चे अनुआई कोई है तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार है। इस अवसर पर पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव,अरविंद सिंह, अरुण राव, अरविंद प्रियदर्शी, रामनारायण शर्मा,कमलेश कुमार दिवाकर, शंकर चौधरी ,पप्पू वर्मा,विनोद यादव, मितम्बरा लोहड़े, अरविंद वर्मा,अमर नाथ राय,लालजी प्रसाद,जहांगीर खान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कॉंग्रेस कार्यालय में स्व सरदार बल्लव भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई

प्रातः किरण संवाददाता

गया।जिला कांग्रेस कमिटी गया कार्यालय में आज रविवार 15 दिसंबर को भारत के प्रथम गृहमंत्री स्व सरदार बल्लव भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई है।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह ने की है।उनके साथ पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रामप्रमोद सिंह,प्रदीप शर्मा,राजीव सिंह उर्फ लाबी सिंह,शशिकांत सिन्हा,सत्येंद्र प्रसाद,शिवनाथ प्रसाद,अर्जुन प्रसाद और अन्य कई पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।नेताओं ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के साथ साथ आजादी के बाद सभी 562 छोटी बड़ी रियासतों को एक कर भारतीय संघ में विलीन कर भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया है।वो अपने कड़े और देशहित के फैसलों के लिए जाने जाते थे।बीजेपी आज उनके नाम पर राजनीति कर रही है पर सरदार पटेल हमेशा से संघ और इसकी नीतियों के खिलाफ रहे ओर उन्होंने संघ पर प्रतिबंध भी लगाया था।

बाबा बैधनाथ से मगध की खुशिहाली और तरक्की के लिए प्रार्थना

गया। मार्गशीर्ष पूर्णिमा के अवसर पर मगध और भारत के खुशिहाली एवं समृद्धि के लिए एवं भारत के शिक्षा मंत्री स्वस्थ एवं दिर्घायु के लिए बाबा बैधनाथ धाम मे गया के शिक्षा विद श्रवण शाणिडल्य एवं पूर्व गया जिला महिला मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ शालनी कुमारी ने बाबा बैद्यनाथ धाम से प्रार्थना किए एवं विधिवत पूजा अर्चना किए साथ में बाबा वासुकीनाथ धाम में जाकर बाबा से पुजा आरती एवं अर्चना किए हैं।

लोजपा (रा) जिलाअध्यक्ष ने जिले के राजनीतिक प्रगति ने बिहार प्रभारी अरुण भारती से की चर्चा

गया।लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जमुई सांसद सह बिहार प्रभारी अरुण भारती से चतरा जाने के क्रम में बोधगया में लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात कर जिले के राजनीतिक प्रगति एवं गया जिले में लोजपा के संगठनात्मक ढांचा की पूरा रूप रेखा को विस्तार से बताया। साथ ही आने वाले 2025 में बिहार विधानसभा में बुथ स्तर तक पार्टी की मजबूती को और कैसे सुदृढ़ की जाए इस पर उक्त दोनों नेता ने विचारों का आदान-प्रदान किया है।

बोधगया ग्रीड सप्लाई मंगलवार को रहेगी बाधित

गया। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड अन्तर्गत बिहार द्वारा ग्रीड वितरण द्वारा मंगलवार को सुबह आठ बजे से दो बजे तक बोधगया ग्रीड 132 के वी से पुरा बिजली आपूर्ति बंद रहेगा। बोधगया,मगध युनिवर्सिटी,टकना फार्म, एयरपोर्ट, मानपुर,अमरा,भुसुंडा,खटाचक,बकरोर,शोभ ,डोभी,डी आर डी ओफिस बंद रहेगा।

शहीद भगत सिंह युवा क्लब मुबारकपुर ने अलावलपुर टीम को फुटबॉल में दो गोल से हराया

कुर्था (अरवल) नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित फुटबॉल खेल में, शहीद भगत सिंह क्लब मुबारकपुर ने अलावलपुर के क्लब को दो गोल से करारी पराजित किया, शहीद भगत सिंह युवा क्लब मुबारकपुर ने अलावलपुर के टीम को एक टीम से करारी शिकस्त दिया, सबसे बढ़िया परफॉर्मेंस विशाल कुमार पिता भोला प्रसाद ग्राम कुर्था का रहा, वही रविकांत कुमार एवं रितीश कुमार का ही प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा, विजेता टीम में पंकज कुमार मोहित कुमार सूरज कुमार निर्मल कुमार आकाश कुमार सूरज कुमार सुमित कुमार चंदन कुमार सभी लोगों को परफॉर्मेंस बहुत अच्छा रहा सभी को कल जगदेव स्मारक के खेल के मैदान में सभी को कप एवं मेडल एवं किट बैग देकर सम्मानित किया जाएगा उपविजेता अलावलपुर टीम रहा उसे कप्तान मुनील कुमार का भी बहुत बढ़िया प्रदर्शन रहा, नेहरू युवा केंद्र अलवर द्वारा फिट इंडिया फिटनेस क्लब के अंतर्गत कलेक्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सभी प्रखंडों में किया जा रहा है कल जगदेव, स्मारक के मैदान में कबड्डी महिला टीम एथलेटिक्स एवं महिला बैडमिंटन पुरुष एवं महिला का शानदार प्रदर्शन होगा, इस कार्यक्रम का आयोजन हिंदुस्तान शिक्षण संस्थान कुर्था के द्वारा किया जा रहा है, संस्था के निदेशक वीरेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी , द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है शहीद भगत सिंह युवा क्लब के अध्यक्ष सुनील कुमार चंद्रवंशी एवं सचिव अमरेश कुमार अमरेश कुमार, मैच रेफरी इंद्रजीत कुमार अमलेश कुमार द्वारा बहुत ही रोमांचक मैच का मैच रेफरिंग का बहुत ही निर्णय उत्तम रहा , कार्यक्रम का आयोजन में अमरेश कुमार एवं सुनील कुमार चंद्रवंशी का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा।

किसान महापंचायत ने की बैठक का आयोजन

कहा: 30 जनवरी को कुर्था आएंगे जान सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के कुर्था डाक बंगला परिसर में किस महा पंचायत का बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मध्य बिहार किसान समिति के संयोजक तिलेस्वर कौशिक ने किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर आगामी 30 जनवरी को शहीद जगदेव सभागार में किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्य रूप से राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा किसानों के साथ सौतेलापन व्यवहार को लेकर राज्य व केंद्र सरकार के खिलाफ बिगुल फुकी जाएगी वहीं उन्होंने कहा कि मगध का पूरा क्षेत्र भूगर्भ जल स्तर बहुत नीचे चला गया है जिससे लोगों के बीच पेयजल का संकट आने वाला है अटल बिहारी वाजपयी ने अंतरराष्ट्रीय जल वैज्ञानिक के सम्मेलन में प्रधानमंत्री से कहा था कि जल वैज्ञानिकों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया है कि सालों भर बहने वाले नदियों को बरसाती नदियों से जोड़ा नहीं जाएगा तब तक सुखद और बाढ़ का स्थाई निदान नहीं हो सकता देश रत्न अटल बिहारी वाजपयी के निधन के बाद केंद्र में नरेंद्र मोदी जी के सरकार में सत्तासीन हुए प्रधानमंत्री लेकिन उग्रवाद प्रभावित मगध के सूखाग्रस्त धरती के प्यास बुझाने के लिए प्रयास नहीं किया गया सोन नदी सालों भर बहने वाली नदी है जिसमें सालो भर पानी रहता है जो गंगा होते हुए समुद्र में चला जाता है जिससे किसानों को फायदा नहीं होता है इस क्षेत्र में जो भी सांसद जीतकर गए और किसानों के आवाज ना तो उनके द्वारा सुना गया और नहीं उनकी बातों को संसद में प्रमुखता से रखी गई जिसके वजह से किसानों के बीच समस्या जस के तस बनी हुई है । इस मौके पर मध्य बिहार किसान समिति के संयोजक तिलेश्वर कौशिक ने पत्रकारों को बताया कि आगामी 30 जनवरी को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर कुर्था की धरती पर पहुंचकर किसान महा पंचायत में भाग लेंगे इस मौके पर किसान महापंचायत की तैयारी समिति के नेता अभय कुमार सिंह मुन्ना अंसारी लाल जी यादव खालीक अंसारी दयानंद यादव मृत्युंजय कुमार संजय कुमार ललन यादव चंद्रभूषण सिंह सनी कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम के दौरान सभी नेता को मध्य बिहार के अंदर चलो गांव की ओर कार्यक्रम का भी आयोजन होगा ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग किसान महापंचायत में भाग लेंगे।

भाजपा कलेर एवं तेलपा मंडल अध्यक्ष की चयन प्रक्रिया पूर्ण: धर्मेंद्र

अरवल। भारतीय जनता पार्टी कलेर एवं तेलपा मंडल अध्यक्ष का चुनाव को लेकर बैठक आयोजित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के अरवल जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर प्रदेश सह कोषाध्यक्ष एवम् चुनाव अधिकारी आशुतोष शंकर की गरिमामई उपस्थित में कलेर एवम् शहर तेलपा के भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें मुकेश भगत को पुनः दूसरा बार तेलपा मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि कलेर प्र-खंड से ब्रजेंद्र सिंह को मंडल अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी का जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा की दोनो युवा अध्यक्ष ऑन की नियुक्ति सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चयन किया गया है ।

कुर्था थाना में चौकीदारों को कराई गई परेड

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार के अध्यक्षता में चौकीदारों को कुर्था थाना परिसर में परेड कराई गई इस दौरान थानाध्यक्ष ने थाना क्षेत्र के विभिन्न चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्र में अलर्ट रहने की बात कही साथ ही उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में गतिविधि तेज कर दें साथ ही ड्यूटी के दौरान ड्रेस कोड का पालन आवश्यक करें चुनाव के दौरान वैसे सामाजिक तत्व के लोग अप्रिय घटना को अंजाम देना चाहते हो वैसे लोगों को चिन्हित कर थाने को सूचित करें ताकि समय रहते उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई किया जा सके वहीं उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में पूरे तन मन के साथ जुट जाएं और तमाम गतिविधियों पर अपने-अपने क्षेत्र में लोगों पर नजर रखें साथ ही किसी भी तरह की कोई सूचना हो तो तत्काल थाने को सूचित करें ताकि समय रहते उसे पर कार्रवाई किया जा सके इस मौके पर चौकीदार वफादार संघ के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार अकेला उर्फ दारा सिंह कमल यादव उमाकांत सिंह समेत थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के चौकीदार व दफादार शामिल थे।

समाहरणालय परिसर स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

गया।गया समाहरणालय परिसर में स्थापित लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के पास 74वी स्मृति दिवस कार्यक्रम के अवसर पर अपर समाहर्ता राजस्व परितोष कुमार, निदेशक डीआरडीए, सहायक निदेशक, जिला अल्पसंख्यक, कल्याण राहुल कुमार, एसडीओ सदर, पटेल विचार मंच के संयोजक अनिल कुमार पटेल, वरीय पदाधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता आदि गणमान्य लोगो ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया है।आजाद भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री सह गृहमंत्री देशरत्न राष्ट्र निमार्ता लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी एकीकृत भारत के निमार्ता है। इस महान शख्सियत का दिल का दौरा पड़ने के कारण 15 दिसंबर 1950 में 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इस दिन को स्मृति दिवस के रूप में याद किया जाता है। सरदार पटेल एक निस्वार्थ नेता थे।जिन्होंने देश के हितों को सबसे ऊपर रखा और एक निष्ठा शक्ति के साथ भारत की आधुनिक निर्माण अमूल्य योगदान हम सभी भारतीय को याद रखना चाहिए, उनके चरणों को हम नमन करते है।

इसके पश्चात राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया है।

आईआईएम बोधगया ने की तीन दिवसीय इंटर-आईआईएम खेल महोत्सव, की आरोहण की सफलतापूर्वक मेजबानी

प्रातः किरण संवाददाता

गया।आईआईएम बोधगया में 13 से 15 दिसंबर, 2024 हुआ तीन दिवसीय एंटर-आईआईएम खेल महोत्सव ह्लआरोहणह्व का आयोजन किया गया है।प्रतिभा और कौशल के उत्सव में इस कार्यक्रम ने भारत के पूर्वी हिस्से के आईआईएम को एक साथ लाने का काम किया है इस महोत्सव में कुल 111 प्रतिभागी शामिल हुए हैं ।जिनमें आईआईएम संबलपुर ने 56 एथलीटों 26 महिलाएं और 30 पुरुष और आईआईएम रांची ने 55 एथलीटों 15 महिलाएं और 40 पुरुष का योगदान दिया है।

यह आयोजन 13 दिसंबर को आईआईएम संबलपुर और आईआईएम रांची की टीमों के आगमन के साथ शुरू हुआ है। इस उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि मेजर जनरल जॉय बिस्वास द्वारा किया गया, जो की एनडीए खडकवासला, आईएमए देहरादून और डीएसएससी वेलिंगटन के पूर्व छात्र रह चुके हैं एवं 31 वर्षों से अधिक के प्रतिष्ठित सैन्य करियर के बाद वह वर्तमान में ओटीए गया में सेवारत हैं। अपने संबोधन के दौरान, उन्होंने अनुशासन और खेल कौशल के महत्व पर जोर दिया है।

निष्पक्ष खेल सुनिश्चित करने के लिए एक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया और ध्वज सौंपे गए हैं। आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ विनीता एस सहाय ने फैकल्टी और छात्रों के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में भाग लिया है। डॉ. सहाय ने आयोजन की भावना को दशार्ते हुए बैडमिंटन और टेबल टेनिस भी खेला है। पहले दिन क्रिकेट और बैडमिंटन में आईआईएम संबलपुर और आईआईएम बोधगया के बीच मैच हुऐ और दोनों मैच में आईआईएम बोधगया ने जीत हासिल की गई है। दूसरा दिन फुटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, थ्रोबॉल और बैडमिंटन के कड़े मुकाबलों से भरा रहा है। आईआईएम बोधगया फुटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल और पुरुष बैडमिंटन में विजेता बनकर उभरा है। महिलाओं का थ्रोबॉल मैच आईआईएम संबलपुर ने जीता है।दिन का समापन अलाव और ओपन माइक सत्र के साथ हुआ है।

15 दिसंबर को, आईआईएम बोधगया ने आईआईएम संबलपुर के खिलाफ क्रिकेट मैच और पुरुषों का थ्रोबॉल मैच जीता। 100 मीटर स्प्रिंट में भी आईआईएम बोधगया ने पहला स्थान हासिल किया एवं आईआईएम रांची दूसरे स्थान पर रहा है।

आईआईएम रांची के एक प्रतिभागी राजा अरविंद ने साझा किया है।ह्वयह कार्यक्रम अन्य आईआईएम के प्रतिभागियों से जुड़ने और सीखने का एक शानदार अवसर है प्रदर्शित प्रतिस्पर्धी भावना और टीम वर्क वास्तव में प्रेरक था।ह्वइस कार्यक्रम का समापन एक पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ है।जहां एथलीटों को क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और थ्रोबॉल में उनके प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है। खेल समिति के अध्यक्ष डॉ. अमरेश कुमार ने इस कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने आईआईएम बोधगया, आईआईएम संबलपुर और आईआईएम रांची के एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया है।

भाजपा के पूर्व युवा नेता आकाश उर्फ एपी ने वरिष्ठ पत्रकार के पितृ शोक पे गहरा शोक प्रकट की

गया: उतरी लक्खीबाग निवासी दैनिक भास्कर के पत्रकार अजय सिंह के पिता सर्वगीयय जनार्दन सिंह जी के 78 वर्ष की आयु में निधन हो जाने पर गहरा शोक प्रकट की है ! मलिकायिन इंटरप्राइजेज के संस्थापक सह युवा समाजसेवी आकाश उर्फ एपी ने बताया कि वो इनकम टैक्स विभाग में प्रशशक अधिकारी के रूप में अपना सेवा प्रदान किया है। वह 2007 अपनी सेवा इमानदारी पुर्वक निभाया ! उनका निधन से समाज को बहुत नुकसान हुआ है।हमने एक युग को खो दिया ! भगवान उनको आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार के लोगो को हिम्मत और हौसला दे, ! वही शोक प्रकट करने वाले भाजपा की जिला महिला उपाध्यक्ष अन्नू बरनवाल, छोटकू तमाम लोग शामिल हैं !

सरस मेला में लोक कलाकारों ने बिहार की लोक संस्कृति, गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति कर दर्शकों को झुमाया

प्रातः किरण संवाददात

पटना। रविवार का दिन बिहार सरस मेला के लिए खास रहा ' सिर्फ पटना ही नहीं बल्कि बिहार के अन्य जिलों से भी लोग आये और सरस मेला परिसर में अपने एतिहासिक धरोहरों से रूबरू हुए ' सरस मेला के चौथे दिन 1 लाख से अधिक लोग आये '

बड़ी संख्या में हस्तशिल्प के कद्रदानो का आगमन यह प्रदर्शित करता है कि सरस मेला अब पूरी तरह से स्थापित हो चूका है और इसके आयोजन का लोगों को इंतेजार रहता है ' सरस मेला में बिक रहे उत्पाद एवं व्यंजनों के प्रति लोगों के आकर्षण को देखते हुए सरस मेला प्रति वर्ष दो बार आयोजित किया जा रहा है '

इस वर्ष सितंबर माह में 10 दिनों के आयोजन के बाद सरस मेला गाँधी मैदान ,पटना में 15 दिनों के लिए 12 दिसंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित है '

बिहार सरस मेला ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में जीविका द्वारा सैकड़ों वर्ष पुरानी हस्तशिल्प एवं लोक कलाओं को पुन : स्थापित करने एवम प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित है '

सरस मेला कई मायनों में खास है ' हर वर्ग और हर उम्र और हर तबके के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है ' एक तरफ ग्रामीण महिला उद्यमिता की प्रदर्शनी सह

बिक्री, नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान , सेमिनार के माध्यम से ज्ञानवर्धन , बैंको एवं विभागों द्वारा लोक कल्याणकारी योजनाओं से लोगों के बीच जागरूकता तो दूसरी तरफ संध्या समय में लोक नृत्य, गीत, गजल एवं मैजिक शो दर्शकों को बिहार की लोक संस्कृति ,परंपरा एवं धरोहरों से परिचित कराते हुए मनोरंजन कर रहे हैं ' वहीँ ग्रामीण परिवेश से आई महिलाएं महिला सशक्तिकरण , स्वावलंबन एवं कुशल उद्यमिता की बानगी पेश कर रही हैं ' विभिन्न स्टॉल पर जीविका दीदियाँ ग्रामीण विकास एवं ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय लेन- देन के क्षेत्र में हुई प्रगति की नाजिर पेश कर रही हैं ।

फूड जोन सरस रसोई में आगंतुक दीदी की रसोई समेत अन्य व्यंजनों के स्टॉल पर देशी व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे हैं ।

रविवार को रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के तत्वाधान में इमैजिनेशन बिहार के कलाकारों द्वारा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन एवं वित्तीय लेन-देन के प्रति आगंतुकों को जागरूक किया गया ' आगंतुकों को बैंको द्वारा खाताधारकों को दी जा रही सुविधाओं एवं डिजिटली फ्रॉड से बचने की जानकारी दी गई ।

सेमिनार हाल में भी कई ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किये गए ' माईंड मैटर्स द्वारा वर्तमान परिवेश में बढ़ते मानसिक तनाव एवं उससे उबरने के तौर-तरीकों पर चर्चा की गई ' विंग्स ऑफ फायर द्वारा खेलों में महिला खिलाडियों के लिए बढ़ रही चुनौतियों पर चर्चा हुई ' इंडिया-2 -0 द्वारा सांस्कृतिक विभिन्नताओं पर विशेषज्ञों ने विचारों का आदान झप्रदान किया ।

संध्या समय में मुख्य सांस्कृतिक मंच पर लोक कलाकारों ने बिहार की लोक संस्कृति, गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति कर दर्शोंको को झुमाया ' अक्षत इवेंट इंटरटेंमेंट द्वारा मुखौटा , विवाह गीत , जट-जटीन , झिझिया , झूमर आदि की प्रस्तुति की ' नन्हकी मडईया सुघर लागे, तोहरा से राजी ना रे बलमुआ जैसे गीतों पर लोक नृत्य की प्रस्तुति हुई ' अमिताभ एवं मनोज के नेतृत्व में कलाकारों ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित नाटक पेश किया ' कलाकारों में राधा, प्रियंका, सलोनी,मधुमिता आदि रही ' मंच संचालन श्रीमती नाजिस बानो, जीविका एवं गुलाम सिमनानी ने किया ' आर. के. तिवारी में जादू शो की प्रस्तुति से बच्चे खुश दिखे । सबसे खास बात है कि मेला में प्रवेश बिलकुल फ्री है ' स्वच्छ मेला परिसर सिंग्ल्युज प्लास्टिक मुक्त है ' पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के पौधे, बीज एवं खाद की भी बिक्री हो रही है ' जीविका दीदी की पौधशाला में ऐसे पौधे उपलब्ध हैं जो अन्यत्र कहीं नहीं हैं '

फाइलेरिया के ब्लड सर्वे में 6 सौ लोगों का ब्लड सैंपल लिया गया

मशरक। स्वास्थ विभाग की महत्वाकांक्षी योजना फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर नाइट ब्लड सैंपल संग्रह कार्य शनिवार की रात सम्पन्न हो गया। मशरक सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के प्रभारी चिकित्सक डॉ संजय कुमार ने बताया कि जिला स्वास्थ विभाग के निर्देश पर मशरक के ब गया एवं गंगोली में नाइट ब्लड सर्वे सप्ताह के अंतर्गत लक्ष्य पूरा किया गया। बंगरा में कुल तीन सौ एवं गंगोली में तीन सौ कुल छः सौ लोग के ब्लड शैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया। इस कार्य में चिकित्सा प्रभारी संजय कुमार के साथ अस्पताल प्रबंधक अमित कुमार , लैब टेक्नीशियन शिवनंदन कुमार , राजकिशोर कुमार एएनएम मधु भारती , सोनी कुमारी,बीसीएम लव कुश कुमार ,कालाजार टेक्नीशियन सुपरवाइजर नेशाब आलम तथा स्थानीय आशा फेसिलेटर ने बेहतर तरीके से देर रात तक किया।

अक्षरा सिंह ने किया पटना में बुटीक के नए ब्रांच का उद्घाटन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने पटना के अशोक नगर, रोड नंबर 3, कंकड़बाग (पटना संत माइकल स्कूल के नजदीक) बुटीक के दूसरे ब्रांच का उद्घाटन रविवार को किया। अक्षरा सिंह का स्वागत बुटीक मालिक गायत्री झा ने की।

उन्होंने बुटीक के संबंध में बताया कि पहली बुटीक 12 वर्षों से पटना के बोरिंग रोड में चल रहा है, जहां पटना के सभी इलाकों की महिलाएं ग्राहक बन चुकी हैं और उन्हीं में से कुछ ग्राहकों की मांग थी कि इसका एक शाखा पटना के कंकड़बाग में भी खोली जाय। ग्राहकों की मांग को देखते यह बुटीक का दूसरा शाखा खोली गई है।

उन्होंने बताया कि बुटीक के क्षेत्र में अनुभव के अनुसार, इस शाखा में, नए कलेक्शन और नए डिजाइन रखा गया है, क्योंकि इस खोले गए इस नई शाखा में मेरा 12 वर्षों का अनुभव शामिल है और मैने सबकी पसंद का ख्याल रखा है। भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने उदघाटन करने के बाद, बुटीक को अच्छी तरह से घूमी और कही कि, यहां नए और पुराने, दोनों जेनरेशन का, ख्याल रखा गया है। उन्होंने कही कि अपनी बात करूं तो मेरे पसंद की डिजाइन के कलेक्शन भी यहां देखने को मिल रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि यह बुटीक युवा लड़कियों/महिलाओं को आकर्षित करने के साथ साथ, उन्हें पूरी तरह से संतुष्ट भी करेगी। इसके लिए मैं बुटीक की ऑनर गायत्री झा को ढेर सारी शुभकामनाएं देती हूं।

सरपंच पुत्र के हत्यारे का जल्द हो गिरफ्तारी, मिले न्याय, सुरक्षा की गारंटी दे सरकार, अन्यथा राज्यव्यापी चरणबद्ध आंदोलन तेज होगा: किरण देव यादव

प्रातः किरण संवाददाता

धरहरा मुंगेर। सरपंच पुत्र के हत्यारे का जल्द हो गिरफ्तारी, मिले न्याय, सुरक्षा की गारंटी दे सरकार, अन्यथा पूरे बिहार में पंच सरपंच संघ राजव्यापी चरणबद्ध आंदोलन करने को विवश होंगे।

उक्त बातें बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह खगड़िया जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने धरहरा थाना के समक्ष आमरण अनशन सभा को संबोधित करते हुए कहा। श्री यादव ने कहा कि विगत 5 महीने पूर्व सरपंच राकेश रंजन के युवा पुत्र इंद्रजीत का अपहरण कर हत्या कर वृक्ष में लटका दिया गया। उन्होंने उक्त नृशंस हत्या का प्रदेश कमेटी की ओर से घोर निंदा किया तथा मुंगेर जिला प्रशासन, धरहरा थाना प्रशासन एवं बिहार की तथाकथित सुशासन की सरकार नीतीश कुमार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पंच सरपंच मुखिया आदि जनप्रतिनिधियों की हत्या दर हत्या हो रही है, सम्मान सुरक्षा सुविधा

नगण्य है। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि हर मोर्चे पर विफल नीतीश कुमार की सरकार अपने हाथों से अपनी पीठ थपथपाती है। श्री यादव ने अनशनकारी सरपंच राकेश रंजन के पांचवें दिन प्रदेश कमेटी की ओर से पुरजोर समर्थन करते हुए शासन प्रशासन से सरपंच को त्वरित न्याय देने, खुलेआम घूम रहे अपराधी को जल्द गिरफ्तार करने, कठोर कार्रवाई करने, सजा देने, सरपंच परिजन की सुरक्षा की गारंटी देने की मांग किया है। श्री यादव ने शहीद इंद्रजीत को श्रद्धांजलि देते हुए कोटि-कोटि नमन किया एवं उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रकृति से प्रार्थना किया। वहीं उनके परिजन के प्रति हार्दिक संवेदना सहानुभूति व्यक्त किया तथा हर संभव सहयोग की आश्वासन दिया। श्री यादव ने कहा कि थाना एवं जिला पुलिस प्रशासन, अपराधी एवं राजनेता के गठजोड़ से उक्त हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की जा रही है। निश्चित तौर पर मिलीभगत के कारण अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं होगी तो पूरे बिहार में राजव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंका जाएगा, चरणबद्ध आंदोलन तेज किया जाएगा, सरपंच सामूहिक इस्तीफा देने को विवश होंगे, जिसका जिम्मेवार शासन प्रशासन की होगी। श्री यादव ने कहा कि पंच सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमोद कुमार निराला ने पंचायती राज मंत्री से मुलाकात कर कानूनी कार्रवाई करने हेतु गुहार लगाई है। मंत्री महोदय से निरंतर संपर्क में बने हुए हैं। श्री यादव ने मुंगेर के स्थानीय सामाजिक राजनीतिक कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि महासंघ, मुखिया संघ, वार्ड सदस्य संघ, जिला परिषद संघ आदि से भी उक्त आमरण अनशन आंदोलन को समर्थन करने का अपील किया। श्री यादव ने कहा कि 15 दिसंबर को धरहरा में जन आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं विभिन्न तिथि निर्धारित कर सड़क जाम, बाजार बंद, मशाल जुलूस, एसपी का पुतला दहन आदि चरणबद्ध आंदोलन तेज किया जायेगा जिसमें अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया है। किसी भी अप्रिय घटना का जिम्मेवार जिला प्रशासन और सरकार की होगी।

आमरण अनशन आंदोलन में सरपंच सन्नी कुमार सहित दर्जनों पंच सरपंचगण, समर्थक सहित करणी सेना के अध्यक्ष संजीव सिंह उपस्थित थे।

ट्रक लूट कांड में शामिल 5 अपराधी अवैध हथियार के साथ हुए गिरफ्तार : डीएसपी

छपरा । सारण पुलिस की तत्परता से ट्रक लूट कांड में शामिल अपराधियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी मिली है ' उक्त बातें डीएसपी मुख्यालय राज किशोर सिंह ने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी ' उन्होंने प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि गति 30 नवंबर को मुफस्सिल थाना अंतर्गत छुरी छपरा में अपराधियों द्वारा एक ट्रक और मोबाइल को लूट का अंजाम दिया था ' इस मामले में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 704/24 दर्ज किया गया था ' डीएसपी राज किशोर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी कहा कि अपराधियों द्वारा एक लाल रंग का रेकसोना गाड़ी पर सवार होकर इस घटना को अंजाम दिया गया था ' पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीएसपी राज किशोर सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था ' उन्होंने बताया कि मुफस्सिल थाना अध्यक्ष व अन्य पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ 5 अपराधियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है ' मिडिया से बात करते हुए डीएसपी राज किशोर सिंह ने यह भी बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में प्रिंस पांडेय ऊर्फ भुवर पिता शैलेश कुमार पांडेय ग्राम तरवारा भेल्दी , अजीत सिंह, पिता राजू सिंह जगदीशपुर मढ़ोरा, मृत्युंजय सिंह, पिता छटू सिंह,ग्राम जगदीशपुर मढ़ोरा,निखिल कुमार,पिता नरेंद्र पाठक एवं युवराज कुमार पिता राजेश सिंह दोनों का ग्राम परेढ़ी बैज, मढ़ोरा सारण के निवासी बताए गए हैं ' उन्होंने बताया गिरफ्तार अपराधियों में निखिल कुमार का आपराधिक रिकार्ड रहा है, मढ़ोरा थाना कांड संख्या 689/ 23 तथा प्रिंस पांडेय भेल्दी थाना कांड संख्या 316 /22 दर्ज है ' गिरफ्तार अपराधियों के पास से देसी कट्टा एक, जिंदा कारतूस एक, लूटी गई ट्रक एक, लूटी गई चार सेट मोबाईल एवं घटना में उपयोग की गई चार पहिया वाहन बरामद किया गया है ' इन अपराधियों को गिरफ्तार करने में डीएसपी राज किशोर सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक क्रमशः शशि रंजन प्रकाश, राजेश कुमार, ओमप्रकाश कुमार, प्रवर पुलिस अवर निरीक्षक सौरभ कुमार पांडेय, तकनीकी शाखा के विकास कुमार, सुनीत सहनी एवं अक्षय कुमार आदि शामिल थे ।

प्रस्तावित शत चण्डी महायज्ञ को लेकर पञ्चाङ्ग पूजन के साथ ध्वजारोहण हुआ संपन्न

अमनौर। प्रखंड के तरवार पंचायत के जरती मइया के प्रांगण में प्रस्तावित यज्ञ यज्ञधीश परमेश्वराचार्य के सानिध्य में शतचंडी महायज्ञ का आयोजन होना है।जिसको लेकर रविवार अग्रहण पूर्णिमा को अनन्त बलवंत हनुमत लाल के आह्वान के साथ यज्ञाचार्य पुरुषोत्तम मिश्र,सहयोगी आचार्य अतुल शांडिल्य प्रभाकर पाण्डेय, सूरज शांडिल्य,रामपूजन दुबे त्रिवेदी के मंत्रोउच्चरन से पञ्चाङ्ग पूजन विधि बिधान से हुआ इसके पश्चात यज्ञ का ध्वजारोहण हुआ।इस दौरान गांव के समस्त महिला पुरुष जनप्रतिनिधि विद्वतजन पूजा में सामूहिक रूप से शामिल हुए।पूजा के दौरान जेपी विश्व बिद्यालय के व्याकरण विभागध्यक्ष बैधनाथ मिश्रा प्रवचन करते हुए कहा कि यज्ञ से वृष्टि और वृष्टि से अन्न का उत्पादन होता है।अन्न समस्त जीवो का पोषण है।समाजसेवी सजंय मिश्रा ने बताया कि यज्ञ 26 जून 25 से प्रारंभ होगी।यह यज्ञ जलवायु परिवर्तन के कारण मनुष्य एवम अन्य प्राणियों पर हो रहे दुष्प्रभाव अकाल मृत्यु अन्ना वृष्टि नियंत्रित एवम नियमित करने मानव में सौहार्द आरोग्य सौभाग्य के लिए आयोजित है।इस मौके पर मुख्यरूप से जिला पार्षद आलोक राय मुखिया श्याम सुंदर गिरी संजय मिश्रा नीरज मिश्रा भगवान मिश्रा ,डॉ उद्धव आचार्या अनुषा शिक्षिका कल्पना मिश्रा बिनोद सिंह सुभाष सुनील श्रीवास्तव समेत सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे।.

सारण खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

छपरा कार्यालय। सारण फाउंडेशन द्वारा आयोजित सारण खेल महोत्सव का शुभारंभ रविवार को राजेन्द्र स्टेडियम में इसके अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंगर के कर कमलों से शुरू हुआ। इस अवसर पर छपरा और उत्तर प्रदेश के देवरिया के बीच पुरुष फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमें छपरा की टीम ने देवरिया की टीम को 2-0 से हराया। छपरा की ओर से नाइजीरियाई खिलाड़ी बिल बोबो ने पहले हाफ में तथा मुन्ना ने दूसरे हाफ में गोल किया। उद्घाटन के समय सारण फाउंडेशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंगर ने कहा कि फुटबॉल दुनियाभर में सबसे लोकप्रिय खेल है और इस खेल के दीवानें आपको हर कहीं मिलेंगे। एक समय छपरा में भी इस खेल का काफी क्रेज था और इसका सबूत यहां उपस्थित बड़ी संख्या में उपस्थित पुराने खिलाड़ी हैं। उन्होंने छपरावासियों का आह्वान किया कि आप लोग इस महान खेल को इस जिले में पुनर्जीवित करें जिससे छपरा में एक खेल संस्कृति विकसित हो। इस महोत्सव का आयोजन इसी प्रयोजन की एक कड़ी है। मैच के समापन के बाद श्री सेंगर ने छपरा के पचास पुराने फुटबॉल के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान कई खिलाड़ी भावुक दिखे। चौदह दिन तक चलने वाले इस उत्सव में जिले और बाहर के एक हजार से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर विवेक कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, अनु सिंह , चरण दास, सुशील कुमार सिंह, विभूति नारायण शर्मा, मदन सिंह, सुनिल कुमार सिंह, सत्यानंद सिंह, मनोज कुमार सिंह, श्याम बिहारी अग्रवाल, सीए अमित कुमार सहित हजारों की तादाद में खेल प्रेमी मौजूद थे।

फैंटम वी2 सीरीज खरीदी के लिए उपलब्ध

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । फोन प्रेमी बहुत समय से अच्छे फोन के आने का इन्तजार कर रहे थे। आखिरकार उनका इंतजार खत्म हुआ ! टेक्नो की बहुप्रतीक्षित फैंटम वी2 सीरीज अब अमेजन पर विशेष लॉन्च कीमतों पर उपलब्ध है। इसमें अल्ट्रा-स्लीक फैंटम वी फोल्ड 2 और स्टाइलिश फैंटम वी फ्लिप 2 शामिल हैं। ये फोल्डेबल फोन अपनी शानदार खूबियों और मजबूती के साथ काम और आराम दोनों के लिए बनाए गए हैं। टेक्नो ने इस सीरीज में बेहतर ड्यूरेबिलिटी, डिस्प्ले क्वालिटी, बैटरी और यूजर एक्सपीरियंस के लिए खास फीचर्स जोड़े हैं। फैंटम वी फोल्ड 2 में कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 और 4 लाख बार फोल्डिंग टेस्ट पास करने वाली एयरोस्पेस-ग्रेड हिंज शामिल हैं। यह आपकी तेजी से भागती जीवनशैली के लिए डिजाइन किया

गया है। वहीं, फैंटम वी फ्लिप 2 में भी एयरोस्पेस-ग्रेड हिंज और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 8 का उपयोग किया गया है, जो इसे मजबूत और स्टाइलिश बनाता है।

फैंटम वी फोल्ड 2 का 7.85 इंच का मेन स्क्रीन और 6.42 इंच का कवर डिस्प्ले, 1 लाख के अंदर मिलने वाला सबसे बड़ा फोल्डेबल डिस्प्ले है, जो प्रोडक्टिविटी और मनोरंजन दोनों को बढ़ाता है। फैंटम वी फ्लिप 2 का 6.9 इंच का मेन स्क्रीन और 3.64 इंच का कवर डिस्प्ले स्टाइल और परफॉर्मेंस का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है।

फैंटम वी फोल्ड 2 की 5750 एमएएच की बैटरी किसी भी फोल्डेबल फोन की सबसे बड़ी बैटरी है, जो आपको दिनभर प्रोडक्टिव बनाए रखती है। फैंटम वी फ्लिप 2 की 4720 एमएएच बैटरी और 70 वाट की फास्ट चार्जिंग के साथ, यह सुनिश्चित करता है कि आप हमेशा चार्ज रहें। फैंटम वी पेन और टेक्नो एआई सुविधाओं के साथ, फैंटम वी फोल्ड 2 आपकी प्रोडक्टिविटी को सुपरचार्ज कर देता है।

जीवन रक्षक मल्टी स्पेशलिस्टी हॉस्पिटल ब्रांच 2 का किया गया उद्घाटन

मकेर(सारण) रविवार को सोनहो टॉलप्लाजा के समीप एक हॉस्पिटल का विधिवत पूजन किया गया जिसका उदघाटन पूर्व विधायक रघुनंदन मांझी एवं समाजसेवी कमला राय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कर उदघाटन किया ।मकेर प्रखंड प्रमुख अभिषेक कुमार के अनुज भ्राता डॉ नितेश यादव के लिए जीवन रक्षक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ब्रांच 2 का उद्घाटन किया गया है ।इस अस्पताल में आम जन के लिए स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए उन्हें सस्ते एवम मानक स्तर का सेवा करने को लेकर किया गया है ।किडनी ,वीपी ,शुगर ,हृदय रोग एवम जेनरल फिजिसियन का इलाज किया जाएगा ।विदित हो कि ग्रामीण इलाकों में इन सब रोगों से ज्यादातर लोग पीड़ित रहते हैं ।उद्घाटन के शुभ मुहूर्त पर मकेर प्रमुख अभिषेक कुमार ,बीडीसी पिंटू सिंह ,चंदन कुमार, मनोज राय, संजीव सिंह ,पुनकल महतो,पंकज आदि थे।

एकौना गांव मे वर्चस्व को लेकर हुई चाकूबाजी,पंचायती के दौरान हुई मारपीट

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के एकौना गांव मे चाकू बाजी की घटना के बाद रविवार को पंचायती के दौरान मारपीट हो गयी।जिसमे पप्पू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सुचना पर पहुंची पुलिस घायल व्यक्ति की पल्सर गाड़ी की डिक्की से एक कट्टा बरामद किया।जो उनको फंसाने के लिए विरोधी द्वारा रखे जाने की बात कही जा रही है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। घटना की शुरूआत शनिवार को देर शाम हुई। दोनो परिवार के वर्चस्व की लड़ाई मे पप्पू सिंह के पुत्र विक्की कुमार को चाकू मारकर घायल कर दिया गया।जिनकी शादी एक सप्ताह पहले हुई थी। दूसरे पक्ष के संजीव सिंह के पुत्र अंकित कुमार घायल हो गए। दोनो तरफ से थाना मे आवेदन दिया गया।पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मनीष सिंह और अरूण सिंह को गिरफ्तार कर लिया।अगले दिन मामले को सुलझाने के लिए दोनो तरफ से आधा दर्जन लोग थाना पहुंचे। फिर गांव मे बैठक कर मामले को सुलझाने का फैसला हुआ। इसी दौरान बैठक की खबर देने गए पप्पू सिंह को शेखर सिंह के पुत्र शिबू कुमार और शिवम कुमार और गिरफ्तार मनीष सिंह के भतिजा अंकित कुमार द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया।जिससे दोनो परिवार मे तनाव बढ गया।

जेपी सेनानियों ने बांग्लादेश देश में हिंदू समाज के साथ हो रहे अत्याचार को ले किया विरोध प्रदर्शन

रिवीलगंज।रिविलगंज गोदना मठिया स्थित जिलाध्यक्ष जेपी सेनानी सवालिया गिरि के आवासीय परिसर में उनके अध्यक्षता में जेपी सेनानियों व सम्मानित नागरिकों की बैठक रविवार को आयोजित की गई।बैठक में बंगलादेश में हिंदू समाज के ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रकट किया गया।इस दौरान बैठक की अध्यक्षता कर रहे जेपी सेनानी सवालिया गिरि ने कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में तख्तापलट जाने के बाद वहां की सरकार और इस्लामी ताकतें हिंदुओं पर अत्याचार कर रही हैं।हिंदू धार्मिक स्थलों में आग लगाने के साथ ही हिंदू महिलाओं के साथ रेप और हत्या के मामले सामने आ रहे हैं। इसके साथ ही इस्लामी ताकतें हथियारों के बल पर हिंदुओं को धर्म परिवर्तन करने पर विवश कर रही हैं,उन्होंने कहा कि इसके विरोध में 17 दिसंबर को पूरे जिला के जेपी सेनानी शिशु पार्क से विरोध रैली निकालकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेगा।

वही भाजपा नेता आशुतोष भारती ने कहा कि 1970 के दशक में जब पाकिस्तान ने हिंदुओं पर अत्याचार किए थे, तब भारतीय सेना ने बल प्रयोग कर क्रूर शासक को उखाड़ फेंका था।बैठक में जेपी सेनानी अरुण मिश्रा,राधे मोहन प्रसाद, बाके बिहारी दुबे,भाजपा नेता आशुतोष भारती,अधिवक्ता अनिल गिरि,मुन्नी लाल गिरि,हरेंद्र गिरि,शंभू नारायण गिरि, दगदेव गिरि समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

एम्स नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय 10 वीं अंतरराष्ट्रीय भौतिक चिकित्सा सम्मेलन सम्पन्न

बिहार के फिजियोथेरेपी चिकित्सक डॉ देवव्रत क्लिनिकल अवार्ड एवं चेयरपर्सन सम्मान से हुए सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता

पटना नई दिल्ली। भौतिक चिकित्सा पद्धति पुरातनकाल से ही चली आ रही है। भगवान श्रीकृष्ण ने इसी पद्धति से कुबड़ी मालिन और अष्टावक्र ऋषि को ठीक किया था। प्राचीन काल से चली आ रही इस पद्धति को आज मैनिपुलेशन थेरेपी और कायरोप्रैक्टिस के नाम से जाना जाता है जो फिजियोथेरेपी का ही भाग है। यह उद्गार, एम्स नई दिल्ली के जेरीयाट्रिक विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय 10 वीं अंतरराष्ट्रीय भौतिक चिकित्सा सम्मेलन में इंदौर के वरीय फिजियोथेरेपिस्ट डॉ आनंद मिश्रा ने व्यक्त किया। सम्मेलन में आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, श्रीलंका, नेपाल सहित कई अन्य देशों के करीब 1200 भौतिक चिकित्सकों ने भाग लिया।

एम्स, नई दिल्ली में जेरीयाट्रिक विभाग में पदस्थापित भौतिक चिकित्सक डॉ ऋचा गोस्वामी ने बताया कि किस तरह से 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के टेढ़े-मेढ़े हड्डियों को सही किया जा सकता है।

सरकारी फिजियोथेरेपी कॉलेज न्यू सिविल अस्पताल, सूरत के डॉ धवनीत एस शाह ने बताया कि जो व्यक्ति स्ट्रोक के माध्यम से पैरालाइज्ड हो जाते हैं उनके दैनिक क्रिया -कलाप को कैसे सही कर आत्मनिर्भर बनाया जाता है, पर प्रकाश डाला।

समारोह में बिहार कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी एंड आक्यूप्रेशनल थेरेपी, विकलांग भवन ,पटना के फिजियोथेरेपी चिकित्सक डॉ देवव्रत को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए क्लिनिकल अवार्डह्व एवं

चेयरपर्सन सम्मान से एम्स, नई दिल्ली के वरीय फिजियोथेरेपिस्ट डॉ प्रभात रंजन द्वारा सम्मानित किया गया। फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में डॉ देवव्रत राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे चुके हैं।

उक्त सम्मान को प्राप्त करने के बाद मोतिहारी के बेला बैजू के मूल निवासी डॉ देवव्रत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस मुकाम तक पहुँचना काफी संघर्षपूर्ण रहा है। यह दिन मेरे लिए सदैव यादगार रहेगा। फिजियोथेरेपी चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए एम्स,नई दिल्ली के वरीय फिजियोथेरेपिस्ट डॉ प्रभात रंजन द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपी के माध्यम से गठिया, रीढ़ की हड्डी की चोट, लकवा, मस्तिष्क ज्वर ,साइटिका जैसी बीमारियों का इलाज संभव है। इस चिकित्सा पद्धति का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। आजकल के भाग-दौड़ वाले जीवन शैली में फिजियो थेरेपी अति महत्वपूर्ण हो गया है। इसके माध्यम से बिना दवा के ज्यादातर बीमारियों को जड़ से खत्म किया जाता है।। डॉ देवव्रत को यह सम्मान लगातार दो वर्षों से मिल रहा है जो प्रदेश के लिए गौरव की बात है। इस सम्मान को प्राप्त करने पर उनके पिता पारसनाथ प्रसाद, परिजन सहित प्रदेश के चिकित्सकों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिए हाइब्रिड मॉडल को लेकर पीसीबी में असंतोष

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत द्वारा सीमा पार जाने से इनकार करने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी हाइब्रिड प्रारूप में करने के फैसले से संगठन में असंतोष पैदा हो गया है। सूत्रों ने के मुताबिक पाकिस्तान द्वारा इस फैसले को स्वीकार करने के तरीके से कई सदस्य नाखुश हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव की पुष्टि की है जिसमें भारत दुबई में अपने मैच खेलेगा, जबकि पाकिस्तान बाकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। मुआवजे के तौर पर पाकिस्तान को कोलंबो में 2026 टी20 विश्व कप में अपने मैच खेलने की अनुमति दी गई है। पाकिस्तान को 2027 के बाद आईसीसी महिला आयोजन की मेजबानी का अधिकार भी दिया गया है।

पीसीबी द्वारा इस फॉर्मूले को स्वीकार करने के साथ ही हाइब्रिड मॉडल को लेकर पीसीबी के भीतर लड़ाई शुरू हो गई है। सूत्रों ने बताया कि कुछ सदस्यों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी को आईसीसी की रणनीति से दूर रहना चाहिए।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ उन लोगों में से एक हैं जो पीसीएच द्वारा हाइब्रिड मॉडल पर सहमति जताने के तरीके से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 2027 के बाद महिला क्रिकेट टूर्नामेंट की पेशकश करना हाइब्रिड मॉडल में सीटी 2025 की मेजबानी के लिए कोई मुआवजा नहीं है।

विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे मोहम्मद शमी, इस टीम में हुए शामिल

नई दिल्ली(एजेंसी)। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की 20 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। शमी ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल के लिए सभी नौ मैचों में खेलते हुए 7.85 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए। टूर्नामेंट के दौरान उनके घुटने में सूजन आ गई जिससे टेस्ट क्रिकेट के लिए उनकी तैयारी में बाधा आई। वह ऑस्ट्रेलिया में चल रही टेस्ट सीरीज के लिए अपनी फिटनेस हासिल करने करने का प्रयास कर रहे है। शमी के अलावा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार भी सुदीप कुमार घरामी की अगुवाई वाली बंगाल की टीम का हिस्सा हैं। मुकेश फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजी रिजर्व के तौर पर हैं।

विश्व शतरंज चैम्पियन भारत के डी गुकेश को फीडे प्रेसिडेंट नें सौंपी ट्रॉफी और स्वर्ण पदक

सिंगापुर (एजेंसी)। भारत के डी गुकेश को 18वें विश्व शतरंज चैम्पियन बने हुए अभी करीब 42 घंटे बीत चुके है पर हर भारतीय शतरंज प्रेमी के अंदर उनका विश्व चैम्पियन बनने का लम्हा हर क्षण गूंज रहा है । गुकेश नें आखिरी क्लासिकल मुक़ाबले में चीन के डिंग लीरेन को पराजित करते हुए इतिहास के सबसे युवा विश्व चैम्पियन बनने का गौरव अपने नाम कर लिया । उन्होने सबसे युवा विश्व चैम्पियन बनने का रूस के गैरी कास्पारोव का रिकॉर्ड तीन साल से भी अधिक के अंतर से तोड़ दिया । गुकेश नें आखिरी मैच में कभी कभी खेल को ना रोकने की अपनी इच्छाशक्ति के दम पर जीत हासिल की , डिंग की रक्षात्मक खेल कर टाईब्रेक पर जाने की सोच नें उन्हे अंत में गलती करने पर जैसे मजबूर कर दिया । मैच एक बाद गुकेश नें डिंग की तारीफ करते हुए उन्हे एक योद्धा बताया और दुनिया को यह भी एक संदेश दे दिया की वह सिर्फ एक शानदार शतरंज खिलाड़ी , विश्व चैम्पियन ही नहीं बल्कि एक शानदार इंसान भी है जो अपने विरोधी का भी सम्मान करते है ।

विमेंस प्रीमियर लीग 2025 मिनी ऑक्शन

सिमरन शेख को 1.90 करोड़ में गुजरात ने खरीदा

बेंगलुरु (एजेंसी)। विमेंस प्रीमियर लीग 2025 के लिए मिनी ऑक्शन बेंगलुरु में जारी है। मुंबई की ऑलराउंडर सिमरन शेख पर सबसे बड़ी बोली लगी, उन्हें 1.90 करोड़ रुपए में गुजरात जायंट्स ने खरीदा। अनकैप्ड बैटर जी कमलिनी, प्रेमा रावत और वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन की बोली भी एक करोड़ रुपए को पार गई। पहले राउंड में 7 और दूसरे राउंड में 5 प्लेयर्स बिकीं। स्नेह राणा, हीथर नाइट, किम गार्थ और पूनम यादव जैसी बड़ी प्लेयर्स को खरीदार नहीं मिला। ऑक्शन में 124 प्लेयर्स के नाम आएंगे, जिनमें टीमों के पास 19 खिलाड़ियों की जगह ही खाली है। टूर्नामेंट का तीसरा सीजन जनवरी के आखिरी सप्ताह में शुरू होगा।

बेस प्राइस में बिक गईं 5 खिलाड़ी

स्कॉटलैंड की बैटर सारा ब्रायस पहली बार विमेंस प्रीमियर लीग खेलेंगी – सेकेंड राउंड में 5 खिलाड़ी बेस प्राइस में बिक गईं। सारा ब्रायस को दिल्ली, संस्कृति गुप्ता को मुंबई, जोशिथा वीजे को बेंगलुरु ने 10-10 लाख रुपए में खरीदा। युपी वॉरियर्ज ने आरुषी गोयल और क्रांति गौड़ को 10 लाख रुपए की बेस प्राइस में शामिल किया।

अनकैप्ड कमलिनी को 16 गुना ज्यादा कीमत मिली

पहले राउंड में 4 प्लेयर्स करोड़पति बनीं – राउंड-1 में 36 प्लेयर्स के नाम आए, इनमें से 4 की बोली 1 करोड़ रुपए को पार कर गई। सिमरन शेख को 1.90 करोड़ और डिएंड्रा डॉटिन को 1.70 करोड़ रुपए में गुजरात ने खरीदा। वहीं मुंबई ने 1.60 करोड़ रुपए में अनकैप्ड जी कमलिनी को खरीद लिया। बेंगलुरु ने 1.20 करोड़ रुपए में प्रेमा रावत को खरीदा। मुंबई ने फिर 30 लाख रुपए में नदीन डी क्लर्क को भी खरीदा। वहीं दिल्ली कैपिटल्स ने एन चरणी को 55 लाख और नंदिनी कश्यप को 10 लाख रुपए में खरीदा। टीम ने सिमरन शेख, जी कमलिनी और प्रेमा रावत के लिए भी बोली लगाई थी। यूपी वॉरियर्ज ने अब तक कोई प्लेयर नहीं खरीदी।

प्रेमा रावत भी करोड़पति बनीं – प्रेमा रावत को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बेस प्राइस से 12 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीद लिया। उनकी बेस प्राइस 10 लाख रुपए थी, बेंगलुरु के अलावा दिल्ली ने भी उनके लिए बोली लगाई। आखिर में आरसीबी ने रावत को 1.20 करोड़ रुपए में खरीद लिया। दिल्ली ने 55 लाख रुपए में एन चरणी को खरीदा।

सिमरन शेख मिनी ऑक्शन में सबसे महंगी बिकीं – मुंबई से घरेलू क्रिकेट खेलने वालीं ऑलराउंडर सिमरन शेख मिनी ऑक्शन में सबसे महंगी रहीं। उन्हें गुजरात जायंट्स ने 1.90 करोड़ रुपए में खरीदा। उनकी बेस प्राइस 30 लाख रुपए थी। उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने भी बोली लगाई, लेकिन गुजरात ने आखिर में बाजी मार ली। दिल्ली ने फिर नंदिनी कश्यप को 10 लाख रुपए में खरीद लिया।

बेस प्राइस से 16 गुना ज्यादा कीमत में बिकी कमलिनी - तमिलनाडु की युवा बैटर पहली बार विमेंस प्रीमियर लीग (विमेंस प्रीमियर लीग) खेलेंगी। तमिलनाडु से खेलने वालीं 16 साल की बैटर जी कमलिनी के लिए मुंबई इंडियंस ने 16 गुना ज्यादा कीमत लगा दी। उनकी बेस प्राइस महज 10 लाख रुपए थी, उन्हें मुंबई ने 1.60 करोड़ रुपए में खरीदा। उनके लिए दिल्ली कैपिटल्स ने भी बोली लगाई थी।

नदीन डी क्लर्क को मुंबई ने खरीदा – साउथ अफ्रीका की ऑलराउंडर नदीन डी क्लर्क को बेस प्राइस में ही मुंबई इंडियंस ने खरीद लिया। उनकी शुरुआती कीमत 30 लाख रुपए थी, क्लर्क के लिए मुंबई के अलावा किसी और टीम ने बोली नहीं लगाई।क्लर्क के बाद किम गार्थ, शुभा सतीश, सुष्मा वर्मा, प्रत्यूषा सिंह, तेजल हसबनीस, ओर्ला प्रेंडरगास्ट और एलाना किंग अनसोल्ड हो गईं।

स्नेह राणा को नहीं मिला खरीदार – पहले सीजन में गुजरात जायंट्स की कप्तानी करने वालीं स्नेह राणा को तीसरे सीजन में कोई खरीदार नहीं मिला। उनकी बेस प्राइस महज 30 लाख रुपए थी। उनके साथ लौरेन बेल के लिए भी किसी ने बोली नहीं लगाई।

हीथर नाइट और पूनम यादव अनसोल्ड – पहले सेट के ऑक्शन में 2 बड़ी प्लेयर्स अनसोल्ड रहीं। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट और भारत की लेग स्पिनर पूनम यादव को कोई खरीदार नहीं मिला। उनके साथ हीथर ग्राहम, डार्सी ब्राउन, डैनिले गिबसन, माया बाउचर, सारा ग्लेन और शिनेले हेनरी पर भी किसी टीम ने बोली नहीं लगाई।

डिएंड्रा डॉटिन बनीं करोड़पति – वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन का नाम ऑक्शन में सबसे पहले आया। 50 लाख रुपए की बेस प्राइस से उनके लिए यूपी वॉरियर्ज और गुजरात जायंट्स में बिडिंग वॉर होने लगी। उन्हें आखिर में 1.70 करोड़ रुपए में गुजरात ने खरीद लिया।

सेट-1 में उतरीं 20 खिलाड़ी

लौरेन बेल, माया बाउचर, डार्सी ब्राउन, लौरेन चीटल, नदीन डी क्लर्क, डिएंड्रा डॉटिन, किम गार्थ, डैनिले गिबसन, साराह ग्लेन, हीथर ग्राहम, तेजल हसबनीस, शिनेले हेनरी, एलाना किंग, हीथर नाइट, प्रत्यूशा सी, ओर्ला प्रेंडरग्रास्ट, स्नेह राणा, शुभा सतीश, सुष्मा वर्मा और पूनम यादव का नाम सेट-1 में आया।

हेड और स्मिथ के शतक, बुमराह के 5 विकेट, ऑस्ट्रेलिया 405/7

गाबा (एजेंसी)। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की राह में आगे बढ़ने के लिए गाबा के मैदान पर भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें आमने सामने हो चुकी हैं। दोनों टीमों के एक एक बदलाव हुआ है। ऑस्ट्रेलियाई टीम में जहां इन-फॉर्म जोश हेजलवुड की वापसी हो गई है तो वहीं, अश्विन की जगह रविंद्र जडेजा को मौका दिया गया है। टेस्ट के पहले दिन बारिश ने रुकावटें पैदा की। मैच देरी से शुरू हुआ। 14वें ओवर में ऐसी बारिश शुरू हुई कि खेल करवाया ही नहीं जा सका। फिलहाल क्रीज पर उसमान ख्वाजा 19 तो मैकस्वीनी 4 रन बनाकर अविजित हैं। दूसरे दिन ट्रेविड हेड और स्टीव स्मिथ के शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट के नुकसान पर 405 रन बनाकर दिन की समाप्ति की। ओपनरों उस्मान ख्वाजा (21) और नाथन मैकस्वीनी (9) के बाद तीसरे नम्बर पर उतरे मार्नस लाबुशेन (12) जब कुछ कर नहीं पाए तो हेड और स्मिथ ने टीम को वापसी करवाई। भारतीय गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह का एक बार फिर जलवा देखने को मिला और उन्होंने पारी में 5 विकेट पूरी किएउसमान ख्वाजा और मैकस्वीनी एक बार फिर से ओपनिंग के लिए आए। बुमराह ने शुरूआत से ही कसी हुई गेंदबाजी की लेकिन वह विकेट नहीं निकाल पाए। इस दौरान मोहम्मद सिराज और आकाशदीप ने भी जोर लगाया लेकिन ख्वाजा ने सारे हमले निरस्त कर दिए। बारिश के कारण छठे ओवर में खेल रुका भी था। फिर 14वें ओवर में बारिश होने के बाद मैच शुरू ही नहीं हो पाया।

मैच से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े

- सीरीज में जसप्रीत बुमराह का औसत प्रति विकेट 11.25 रन रहा है। भारत के लिए अगला सर्वश्रेष्ठ 19.77 के साथ मोहम्मद सिराज है।
- ट्रैविस हेड का इस सीरीज में औसत 80 और स्ट्राइक रेट 94 है। ऑस्ट्रेलिया के लिए अगला सर्वश्रेष्ठ औसत एलेक्स कैरी (24) का है।
- पैट कमिंस का गाबा में शानदार रिकॉर्ड है। वह 7 टेस्ट मैचों में 18.22 की औसत से 40 विकेट ले चुके हैं।
- गाबा में 2020-21 की प्रसिद्ध जीत से भारत के पास केवल 4 खिलाड़ी हो सकते हैं- रोहित, गिल, पंत और सिराज। यदि वाशिंगटन खेलता है तो यह 5 हो सकते हैं।

दोनों टीमों की प्लेइंग 11

भारत-यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, शुबमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप

ऑस्ट्रेलिया - उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी, मार्नस लाबुशेन, स्टीवन स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड

स्टीव स्मिथ ने शतकीय पारी खेलकर बनाया रिकॉर्ड

मार्क वॉ को पछाड़ा, सचिन-विराट की बराबरी की

ब्रिसबेन (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)। स्टार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ मार्क वॉ को पीछे छोड़कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में छठे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। स्मिथ ने ब्रिसबेन में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। स्मिथ ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन 190 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 101 रनों की शानदार पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। यह 25 पारियों में उनका पहला शतक था, जो उनके करियर में तीन अंकों तक पहुंचने से पहले का सबसे लंबा अंतराल था। इससे पहले उनका सबसे लंबा अंतराल 22 पारियों का था जो उनके डेब्यू से लेकर उनके पहले टेस्ट शतक तक का था।

स्मिथ ने 344 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 47.58 की औसत से 16,561 रन बनाए हैं, जिसमें 45 शतक, 80 अर्द्धशतक और 239 का उच्चतम स्कोर शामिल है।

जसप्रीत बुमराह ने कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ा

विदेशी परिस्थितियों में भारत के अग्रणी गेंदबाज बने

ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, उन्होंने दो महत्वपूर्ण गेंदबाजी मापदंडों में दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव को पीछे छोड़ दिया जिससे विदेशी परिस्थितियों में भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज के रूप में उनका दावा और मजबूत हो गया।

ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन बुमराह ने स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड के विकेट चटकाए। दोनों शतकवीरों को आउट करते हुए उन्होंने 25 ओवर में 2.90 की इकॉनमी रेट से 5/72 के आंकड़े के साथ दिन का अंत किया। इससे पहले उन्होंने उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी और मिशेल मार्श के विकेट भी चटकाए। यह एशिया के बाहर बुमराह का 10वां 5 विकेट हॉल है, जिसने कपिल के एशिया के बाहर 9 पांच विकेट हॉल को पीछे छोड़ दिया।

बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में तीन, दक्षिण अफ्रीका में तीन और वेस्टइंडीज तथा इंग्लैंड में दो-दो बार 5 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर, कपिल ने ऑस्ट्रेलिया में 5, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज में दो-दो बार 5 विकेट लिए हैं। साथ ही, यह बुमराह का (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) परिस्थितियों में 8 पांच विकेट है, जिसने कपिल को एक बार फिर पीछे छोड़ दिया जिनके नाम सेना देशों में 7 बार पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड था।

यह पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड बुमराह को द्वृष्ट्ट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में तीसरा सबसे ज्यादा पांच विकेट लेने वाला गेंदबाज बनाता है, जो ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (दोनों ने नौ बार पांच विकेट लिए हैं) के साथ बराबरी पर है। केवल ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन (10) और भारतीय स्पिन दिग्गज रविचंद्रन अश्विन (11) के पास सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड है उन्होंने चार बार 5 विकेट लिए हैं। उन्होंने 12 टेस्ट मैचों में 15.20 की औसत और 6/45 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ इस साल किसी भी गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक 58 विकेट लिए हैं। उन्होंने अपने चारों 5 विकेट टेस्ट मैचों में लिए हैं।

मैच की बात करें तो भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले दिन लगभग 13 ओवर तक कोई विकेट नहीं गिरने के बाद भारत दूसरे दिन तरोताजा होकर लौटा और उस्मान ख्वाजा (54 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 21 रन), नाथन मैकस्वीनी (9) और मार्नस लाबुशेन (12) को जल्दी से आउट कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 75/3 कर दिया।

बुमराह के स्पैल से बचकर भाग्यशाली रहा, शतकीय पारी के बाद बोले ट्रेविस हेड

ब्रिस्बेन (एजेंसी)। ट्रेविस हेड भारत के खिलाफ एक और शतक जड़कर खुश हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने माना कि तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन वह जसप्रीत बुमराह के शानदार स्पैल से बचकर भाग्यशाली रहे। हेड ने 152 रन की पारी खेली जो भारत के खिलाफ उनकी पिछली छह पारियों में तीसरा शतक था। उन्होंने शतकवीर स्टीव स्मिथ (101) के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को सात विकेट पर 405 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

हेड ने मेजबान प्रसारक से कहा, 'मैं बुमराह के अच्छे स्पैल से बचकर थोड़ा भाग्यशाली रहा। वह शुरुआत में स्टंप के बेस पर गेंद फेंकते हैं। मुझे लगता है कि यह प्रतिक्रिया करने के बारे में है। उनके पास अच्छी बाउंसर है। उनके पास शानदार विकेट लेने वाली गेंदें हैं। मैं मानता हूं कि उनके खिलाफ सकारात्मक रहना महत्वपूर्ण है। इसका मतलब यह नहीं है कि मुझे उनके खिलाफ रन बनाने की जरूरत है बल्कि यह मेरे फॉरवर्ड डिफेंस के साथ सक्रिय रहने के बारे में है।

हेड भारत पर अपना दबदबा बनाए रखने से खुश हैं। उन्होंने पिछले साल ओवल में डब्ल्यूटीसी फाइनल में शतक बनाया था और फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में एडिलेड में शतक बनाया था। हेड ने कहा, 'हम भारत के साथ बहुत अधिक खेलते हैं। रन बनाना अच्छा है। इस हफ्ते भी रन बनाना विशेष है। मुझे लगा कि मैंने एडिलेड और पर्थ में अच्छी बल्लेबाजी की।

उन्होंने कहा, 'भारत का सामना करना बहुत चुनौतीपूर्ण हैं। उनके खिलाफ जितना संभव हो उतना सकारात्मक रहना चाहिए। हेड ने स्मिथ की भी प्रशंसा की जिनके साथ उन्होंने चौथे विकेट के लिए 200 से अधिक रन की साझेदारी की और ऑस्ट्रेलिया को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा स्टीव के बारे में इस बात का आनंद लिया है। मैंने महसूस किया है कि जब वह लय में होता है और अच्छी बल्लेबाजी करता है तो मेरी ओर किसी का ध्यान नहीं जाता। मुझे लगा कि वह सही में अच्छा खेल रहा था।

यह 30 वर्षीय खिलाड़ी टेस्ट में अपना पहला दोहरा शतक बनाने के लिए आगे बढ़ रहा था लेकिन वह इस उपलब्धि से चूकने से बहुत दुखी नहीं दिखे। उन्होंने कहा, 'मैं सिर्फ रन बनाने की कोशिश कर रहा हूं। अगर खेल में रन बनाने का मौका मिलता है तो मैं रन बनाना चाहता हूं। मैं यहां मील के पत्थर हासिल करने के लिए नहीं आया हूं, मैं वाकई लड़कों के लिए अच्छा खेलना चाहता हूं। मुझे टीम से लगाव है। मैं जो करता हूं, उसका आनंद लेता हूं। मैं वही करने की कोशिश करता हूं, जिसकी टीम को जरूरत है।

मोहम्मद इरफान का भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास, इमाद-आमिर भी कर चुके हैं किनारा

करांची (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान ने भी आखिरकार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 7 फीट लंबे इरफान ने पाकिस्तान के लिए 60 वनडे मुकाबले खेले हैं। उनका वनडे डैब्यू सितंबर 2010 में इंग्लैंड के खिलफ हुआ था। वह पहली बार भारत के सामने दिसंबर 2012 में टी20 मुकाबला खेले थे। उन्हें टेस्ट में भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डैब्यू करने का मौका मिला। उन्होंने संन्यास लेने की घोषणा एक्स पर पोस्ट डालकर की। उन्होंने लिखा- मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अपने साथियों, कोचों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं, आपके प्यार, उत्साहवर्धन और अविस्मरणीय यादों के लिए धन्यवाद। और मैं उस खेल का समर्थन करना और जश्न मनाना जारी रखूंगा जिसने मुझे सबकुछ दिया है। पाकिस्तान जिंदाबाद। इससे पहले पाकिस्तान के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा की। आमिर ने एक्स पर लिखा- सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का कठिन निर्णय लिया है। ये निर्णय कभी भी आसान नहीं होते हैं लेकिन अपरिहार्य हैं। मुझे लगता है कि अगली पीढ़ी के लिए कमान संभालने और पाकिस्तान क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का यह सही समय है! अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और हमेशा रहेगा।

सिराज पर निशाना साधने वालों को गावस्कर का जवाब, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट 'पंडितों' का दोहरा चरित्र दिखाया

ब्रिस्बेन (एजेंसी)। भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने एडीलेड में दिन रात्रि टेस्ट में ट्रेविस हेड के साथ विवाद में मोहम्मद सिराज पर निशाना साधने को लेकर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट 'पंडितों' के दोहरे चरित्र की आलोचना की है। पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में बाएं हाथ के बल्लेबाज हेड ने शतक पूरा करने के बाद डीप स्क्वायर लेग पर छक्का लगाया जिसके बाद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर दिया और ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा किया था।

हेड ने दावा किया कि उन्होंने आउट होने के बाद सिराज से कहा था कि 'अच्छी गेंदबाजी की' लेकिन भारतीय गेंदबाज ने इस दावे से इनकार किया। सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और हेड को फटकार लगाई गई जबकि दोनों खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक-एक डिमेरिट अंक भी दिया। गावस्कर ने 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' में कटाक्ष करते हुए लिखा, 'सिराज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के 'पंडितों' से कड़ी प्रतिक्रिया मिल रही है। ऐसी प्रतिक्रिया वहीं दे रहे जिन्हें मैदान पर इस तरह के व्यवहार के लिए जाना जाता है।

उन्होंने लिखा, 'इससे ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसक नाराज हो सकते हैं कि सिराज ने शानदार शतक बनाने वाले स्थानीय खिलाड़ी को आक्रामक इशारा किया। गावस्कर ने दोहरे चरित्र पर कटाक्ष किया कि कैसे यही लोग अपने खिलाड़ियों के असभ्य व्यवहार का समर्थन करते हैं। उन्होंने लिखा, 'यह लोग हालांकि अगले सत्र में की एशेज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के किसी तेज गेंदबाज की इंग्लैंड के बल्लेबाज के खिलाफ इस तरह की हरकत का समर्थन करेंगे। मीडिया में कुछ सुझाव थे कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को को फिर से पहले की तरह बेहद आक्रामक रवैया अपनाना चाहिए।

गावस्कर हालांकि सिराज के गुस्से से आश्चर्यचकित थे क्योंकि आईपीएल ने खिलाड़ियों के बीच कटुता को कम कर दिया था। उन्होंने कहा, 'सिराज का गुस्सा आश्चर्यजनक था क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग ने ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटरों और कोचों को करोड़पति बनाने के अलावा एक काम किया है और वह काम है पहले से मौजूद कटुता को काफी हद तक कम करना।%

संक्षिप्त समाचार

हिमाचल के दगशाई में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण दम घुटने से तीन प्रवासी मजदूरों की मौत

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के दगशाई इलाके स्थित एक मकान के कमरे में रखी अंगीठी से निकली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण दम घुटने से तीन लोगों की शनिवार को मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी अरबाज (34), सुरेश (22) और सूरज (27) के रूप में हुई है। वे यहां कार पेंटिंग का का काम करते थे। वे दगशाई के रेहुन गांव में किराए के मकान में रहते थे। पुलिस ने बताया कि मृतकों में से एक के भाई दिलशाद ने बताया कि जब उसके भाई ने फोन नहीं उठाया तो वह उसे देखने के लिए गया जहां उसे कमरे में उसका भाई और अन्य दो लोग बेहोश मिले। जांच करने पर पुलिस को पता चला कि तीनों बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सो गए थे। पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि अंगीठी से निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण ऑक्सीजन की कमी हो गई, जिससे तीनों को उल्टी हुई और फिर उनकी मौत हो गई।

भुवनेश्वर में सब्जी बाजार में आग लगने से पांच दुकानें जलकर खाक

भुवनेश्वर, एजेंसी। ओडिशा के भुवनेश्वर शहर में सब्जी बाजार में आग लगने से पांच दुकानें जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार को यूनिट-एक बाजार में रात करीब साढ़े 11 बजे हुई, इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि दमकल की दो टीम मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। इस साल की शुरुआत में यूनिट-एक के भूमिगत बाजार में आग लगने से कपड़ों की करीब 25 दुकानें खाक हो गई थीं।

बंगाल के छात्रों का सिविल सेवा परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन, वे फिर नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले सिंचन स्निग्धा अधिकारी और बिल्टू माजी को शनिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने पर उनकी सरकार ने जोर दिया है, जिसका परिणाम सामने आ रहा है। बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के छात्र सिविल सेवा परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और वे भारतीय नौकरशाही का नेतृत्व करेंगे।

गुरुग्राम में तेज रफ्तार का कहर, एक की मौत; 9 लोग घायल

गुरुग्राम, एजेंसी। हरियाणा के गुरुग्राम में एक सड़क दुर्घटना में एक आदमी की मौत हो गई और 9 लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार जीप ने सवारी के लिए खड़े तिपहिया वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। इस संबंध में मामला दर्ज कर जीप चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुग्राम में एक तेज रफ्तार जीप ने एक तिपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और चालक समेत नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि इस घटना के संबंध में गुरुग्राम के सेक्टर 37 पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जीप चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हरियाणा के हिसार निवासी अंकुश मोर नामक यात्री द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, खांडसा गांव के पास और सनलाइफ अस्पताल के सामने सुबह करीब 5:30 बजे यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि वह (अंकुश) और अन्य यात्री सुबह 5:20 बजे रामपुरा फ्लाईओवर से तिपहिया वाहन पर बैठे थे।

साली की हत्या के आरोप में जीजा गिरफ्तार, कूड़े के ढेर में मिला कटा हुआ सिर

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक दिल दहला देने वाली घटना का खुलासा हुई है। दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज इलाके में कूड़े के ढेर में एक महिला का कटा हुआ सिर मिला था। 24 घंटे के भीतर ही महिला के जीजा को उसकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। जीजा की पहचान अतीउर रहमान लस्कर के रूप में हुई है। उसने इसलिए महिला की हत्या कर दी क्योंकि उसने उससे संबंध बनाने से इनकार कर दिया था। कोलकाता पुलिस ने उसे दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर में उसके पैतृक गांव बसुलडांगा से गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि लस्कर नामक एक मजदूर ने कथित तौर पर उस महिला की हत्या करने की बात कबूल की है जो पिछले दो साल से अपने पति से अलग रह रही थी। डीसीपी (दक्षिण उपनगरीय) बिदिशा कलिता ने कहा कि महिला का कटा हुआ सिर शुक्रवार को ग्राहम रोड के पास कूड़े के ढेर में मिला था और उसके धड़ और शरीर का निचला हिस्सा शनिवार को रीजेंट पार्क इलाके में एक तालाब के पास मिला था।

महिला रीजेंट पार्क में एक घर में काम करती थी। वह टॉलीगंज में काम करने वाले लस्कर के साथ हर दिन काम पर जाती थी। डीसीपी ने बताया कि उसका जीजा उसके साथ संबंध बनाना चाहता था, लेकिन उसने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इस उपेक्षा से लस्कर नाराज हो गया। एक सप्ताह पहले उसने ने जीजा से दूरी बनानी शुरू कर दी, जिससे वह और भी नाराज हो गया। उसने उसका फोन नंबर भी ब्लॉक कर दिया। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार शाम को जब वह फ्री हुई तो उसने उसे अपने साथ एक निर्माणाधीन इमारत में चलने के लिए मजबूर किया। उसने वहां उसका गला घोंट दिया और फिर उसका सिर काट दिया। उसने शव को तीन टुकड़ों में काटा और उन्हें फेंक दिया।

पुलिस इस संबंध में अन्य लोगों की संभावित संलिप्तता की भी जांच कर रही है। उस इलाके में कटा हुआ सिर बरामद होने से निवासियों की रूह कांप उठी और उनके अंदर डर पैदा हो गया। शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने गोल्फ ग्रीन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत ग्राहम रोड पर एक टैंक में कटा हुआ सिर भरा एक प्लास्टिक बैग देखा था।

हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद एक्शन में योगी सरकार, यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण चेयरमैन अनिल सागर हटाए गए

लखनऊ एजेंसी। यूपी की योगी सरकार ने प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास व आईटी एवं इलेक्ट्रानिक और अध्यक्ष यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण अनिल कुमार सागर को हटाते हुए प्रतीक्षारत कर दिया है। बताया जा रहा है कि यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण में एक ही तरह के तीन मामलों में अलग-अलग फैसला देना उन्हें भारी पड़ा है। यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण अध्यक्ष और प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास का चार्ज होने के नाते अनिल कुमार सागर के पास वहां के मामलों की सुनवाई करने का अधिकार उनके पास रहा। यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण के दायरे में आने वाली बर्ड सेंचुरी में एनजीटी के आदेश पर बिल्डरों कुछ लाभ दिया जाना था। मगर आरोप है कि कुछ बिल्डर्स को तो यह लाभ मिला, लेकिन कुछ को नहीं दिया गया। बताया जा रहा है कि इस नाराजगी के चलते एक बिल्डर ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। इसमें आरोप लगाया गया कि एक ही तरह के मामलों में अलग-अलग तरीके के निर्णय दिए गए। कुछ बिल्डर के कई प्रोजेक्ट रद्द करने का आरोप लगाया गया है। इसी के बाद हाईकोर्ट ने अनिल सागर को लेकर टिप्पणी की थी। अनिल कुमार सागर 1 दिसंबर 2022 को औद्योगिक विकास विभाग में बतौर सचिव तैनात किए गए थे। सचिव के बाद उच्च पद पर पदोन्नति मिली तो उन्हें यहीं पर 1 दिसंबर 2022 से प्रमुख सचिव की तैनाती दे दी गई।

औद्योगिक प्राधिकरणों में सुनवाई के लिए नए सिरे से अधिकारी अधिकृत: औद्योगिक विकास विभाग ने मामलों की सुनवाई के लिए अधिकारियों को नए सिरे से अधिकृत किया है। संयुत सचिव औद्योगिक विकास जयवीर सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। अभिषेक प्रकाश सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास ग्रेटर नोएडा और सीडा, रम्या आर विशेष सचिव नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण व गीडा और पीयूष वर्मा विशेष सचिव यमुना एक्सप्रेस औद्योगिक विकास प्राधिकरण व यूपीसीडा के मामलों की सुनवाई करेंगे।

इरफान ने अरुण बन बुआ-भतीजी से किया रेप, पति को नींद की गोलियां खिला पत्नी से बनाता था संबंध

रेवाड़ी, एजेंसी। गुरुग्राम से सटे रेवाड़ी में एक मुस्लिम युवक खुद को हिंदू बताकर पहले एक विवाहित महिला को अपने प्रेम जाल में फंसाकर साथ लेकर फरार हो गया। इतना ही नहीं आरोपी ने पिस्तौल के बल पर महिला की नाबालिग भतीजी से भी दुष्कर्म किया। आरोप है कि पीड़ित परिवार द्वारा शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने की बजाय उसे थाने से भगा दिया।

आरोप है कि पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल कराने की भी जहमत नहीं उठाई। इतना ही नहीं जांच अधिकारी ने लड़की की अनपढ़ मां से कागजों पर दुष्कर्म के स्थान पर छेड़छाड़ की शिकायत लिखवा डाली और मामले को दबाने का प्रयास किया, लेकिन इसकी भनक जब हिन्दू संगठनों को लगी तो मामला एसपी तक जा पहुंचा।

यह मामला नगर की एक गोशाला का है, जहां कई वर्षों से एक परिवार रह रहा था। इस परिवार की विवाहिता से हापुड़ यूपी का एक युवक संपर्क में आया। उसने अपना नाम अरुण बताया और कहा कि वह एक चूड़ी की दुकान पर काम करता है। अरुण विवाहिता को अपनी मोहब्बत के जाल में फंसाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा और पूरी रात उसके घर पर भी रहता। महिला के पति को नींद की गोलियां खिलाकर सुला दिया जाता था। पति इस प्रेम प्रसंग से अनजान था। इस दौरान अरुण ने मौका पाकर विवाहिता की नाबालिग भतीजी से भी पिस्तौल के बल पर दो बार दुष्कर्म किया। उसने लड़की को धमकी दी थी कि यदि उसने किसी को इस बारे में बताया तो उसके चाचा और पिता को गोली मार देगा। कुछ दिन बाद अरुण विवाहिता को साथ लेकर फरार हो गया। बाद में पता चला कि अरुण असल में मुसलमान है और उसका नाम इरफान खान है।

मामले में विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने कहा कि इतने गंभीर मामले में पुलिस की लापरवाही शर्मनाक है। वहीं, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की चेयरपर्सन कुसुमलता ने कहा कि काउंसलिंग में लड़की ने सारी आपबीती बताई।

पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने के आरोपों पर हिंदू संगठन द्वारा पीड़ित परिवार को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सामने पेश किया गया। वहां कमेटी ने मेडिकल कराकर केस दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके बावजूद महिला जांच अधिकारी मेडिकल कराने की बजाय गोशाला में छोड़ आई। शनिवार को हिन्दू संगठन के पदाधिकारी एक बार फिर पीड़ित परिवार को एसपी कार्यालय लेकर गए और न्याय की गुहार लगाई। महीपाल, अतिरिक्त प्रभारी, मॉडल टाउन थाना ने कहा, शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो ऐक्ट में केस दर्ज कर लिया गया है। पूरी जांच का जिम्मा महिला अधिकारी संगीता को दिया गया है।

छात्र की नाबालिग बहन को भगाने वाला ट्यूशन टीचर 16 साल बाद नूंह से गिरफ्तार, 50 हजार का था इनाम

गाजियाबाद एजेंसी। गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मसूरी थानाक्षेत्र से दूसरे समुदाय की किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी ट्यूशन टीचर को 16 साल बाद नूंह से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम था। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने नाबालिग से निकाह कर लिया था। अब इनके तीन बच्चे हैं।

एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि 20 अप्रैल 2008 को डासना के रहने वाले व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण का मुकदमा मसूरी थाने में दर्ज कराया था। इसमें मसूरी कस्बा निवासी यूसुफ सैफी पर बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया था। शिकायत में बताया था कि आरोपी यूसुफ पीड़ित के बेटों को ट्यूशन पढ़ाने घर आता था, जहां आरोपी का उनकी बेटी से संपर्क हुआ और फिर वह उसे भगाकर ले गया। इस मामले में पीड़ित ने यूसुफ के परिजनों को भी केस में आरोपी बनाया था, जिसके आधार पर मसूरी पुलिस ने यूसुफ के पिता सलीमुद्दीन, अन्य परिजन करीमुद्दीन, अय्यूब, अज्जू उर्फ अयाज और आरिफ तसलीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पुलिस मुख्य आरोपी यूसुफ और लड़की का पता नहीं लगा सकी थी। अब पुलिस ने यूसुफ को हरियाणा के नूंह से गिरफ्तार कर लिया है। जहां वह 16 साल पहले भगाकर लाई गई नाबालिग के साथ रह रहा था। उसके तीन बच्चे भी हैं। पुलिस का कहना है कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपी और उसकी पत्नी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। कोर्ट के आदेशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को अंदेशा है कि यूसुफ ने किशोरी का धर्मांतरण कराने के बाद उससे निकाह किया होगा। हालांकि, इस संबंध में आरोपी ने कुछ नहीं बताया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार घर से जाने के बाद आरोपी और किशोरी ने अपने-अपने परिजनों से संपर्क तोड़ लिया था, जिसके चलते दोनों के परिजन भी इनके बारे में कोई जानकारी नहीं दे सके थे। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस काफी समय से दोनों की तलाश में जुटी थी, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल रही थी।

थाईलैंड के टाक प्रांत में बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत, 39 घायल

बैंकॉक, एजेंसी। थाईलैंड के टाक प्रांत में एक वार्षिक उत्सव के दौरान हुए बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, 39 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी राज्य के स्थानीय अधिकारियों ने दी। प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनवात्रा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस विस्फोट में मृतकों और घायलों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, पैतोंगटार्न ने पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को घटना की शीघ्र जांच करने, अपराधियों को पकड़ने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने का आदेश दिया है। साथ ही, अधिकारियों को सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आगामी सभी त्योहारों पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने का निर्देश दिया है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में, थाईलैंड के दक्षिणी प्रांत सोंगखला में एक पार्क के पास सड़क किनारे हुए विस्फोट में दो स्कूली बच्चों सहित आठ लोग घायल हो गए थे। घायलों में एक जिला सहायक प्रमुख, एक रक्षा स्वयंसेवक और ग्रामीण भी शामिल थे। थाई सेना के रीजन 4 फॉरवर्ड कमांड ने फरवरी में कहा था कि उनका मानना है कि दक्षिणी विद्रोहियों ने उस समय डिवाइस में विस्फोट किया जब एक पिकअप ट्रक उस स्थान से गुजरा। यह विस्फोट थाई सेना और विद्रोहियों के समूह के बीच झड़प के बाद हुआ। इसके बाद नाराथिवात प्रांत के एक पहाड़ पर सुरक्षा बलों ने पांच संदिग्ध दक्षिणी विद्रोहियों को मार गिराया।

दक्षिण कोरिया में राजनीतिक संकट ! राष्ट्रपति यून पद से हटाए गए

सोल, एजेंसी। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित होने के बाद सभी की निगाहें संवैधानिक कोर्ट पर टिकी हैं, जो राष्ट्रपति यून सूक योल के महाभियोग पर अंतिम फैसला लेगा. यून को निलंबित कर दिया गया है जबकि प्रधानमंत्री कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर रहे हैं. नेशनल असेंबली ने शनिवार को राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित कर दिया. यह प्रस्ताव पिछले हफ्ते मार्शल लॉ लागू करने के लिए उनके खिलाफ लाया गया था. योनहाप न्यूज एजेंसी के मुताबिक अब कोर्ट के पास यह फैसला लेने के लिए 180 दिन का समय है कि संसद के उस फैसले को मंजूरी दी जाए या नहीं. जिसके तहत या तो यून को पद से हटाया जाएगा या उन्हें पद पर बहाल किया जाएगा. राष्ट्रपति के खिलाफ आखिरी महाभियोग 2016 में हुआ था, जब तत्कालीन राष्ट्रपति पार्क ग्यून-हे को

उनकी सीट से हटा दिया गया था. पार्क के लिए नेशनल असेंबली के अनुरोध को मंजूरी देने में कोर्ट को 91 दिन लगे. दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति रोह मू-ह्यून के मामले में, न्यायालय ने 63 दिनों के विचार-विमर्श के बाद 2004 में संसद के महाभियोग के अनुरोध को खारिज कर दिया था. यदि यून पर महाभियोग लगाया जाता है, तो दक्षिण कोरिया को उनके पद से हटने के दो महीने के भीतर राष्ट्रपति चुनाव कराना होगा. तब तक, प्रधानमंत्री हान डक-सू कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में काम करेंगे. बता दें कि, राष्ट्रपति यून ने मंगलवार (03 दिसंबर) रात को आपातकालीन मार्शल लॉ की घोषणा की, लेकिन बुधवार को संसद द्वारा इसके खिलाफ मतदान किए जाने के बाद इसे निरस्त कर दिया गया. मार्शल लॉ कुछ घंटों के लिए ही लागू रहा. हालांकि चंद घटों के लिए लागू हुए मार्शल लॉ ने साउथ कोरिया की राजनीति में भूचाल ला दिया. महाभियोग प्रस्ताव पास, अब क्या?: महाभियोग प्रस्ताव पास होने के बाद अब इसे कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा। अगर 9 में से 6 जज राष्ट्रपति के खिलाफ फैसला सुनाते हैं तभी आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। महाभियोग शुरू होने के 60 दिनों के भीतर चुनाव कराने होते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री के हाथ में राष्ट्रपति की शक्तियां होती हैं।

ट्रम्प की लाइब्रेरी को 15 मिलियन डॉलर देगा एबीसी न्यूज : चैनल के एंकर ने रेप का दोषी बताया था

अब वकील की फीस भी भरनी होगी

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की प्रेंसीडेट लाइब्रेरी को न्यूज चैनल एबीसी न्यूज ने 15 मिलियन डॉलर देने पर राजी हो गया है। ट्रम्प ने एबीसी न्यूज के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। एबीसी न्यूज के एंकर जॉर्ज स्टेफानोपोलोस ने लाइव टीवी पर दावा किया था कि ट्रम्प को लेखिका ई. जीन कैरोल के साथ बलात्कार के मामले में दोषी करार दे दिया गया है। जॉर्ज ने ये दावा 10 मार्च को अपने शो 'दिस वीक' में किया था। शनिवार को इस मामले से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक किए गए। इसके मुताबिक एबीसी न्यूज अपनी वेबसाइट पर एक पोस्ट कर माफी मांगेगा और जो दावा उसने किया था उसके लिए खेद जताएगा। इसके साथ ही ट्रम्प के वकील को 1 मिलियन डॉलर की फीस भी देगा। एबीसी न्यूज ने पोस्ट करते हुए समझौते के बदले मुकदमा

खारिज करने पर खुशी जताई है। कैरोल के साथ यौन उत्पीड़न के दोषी हैं ट्रम्प

डोनाल्ड ट्रम्प को 2023 में में न्यूयॉर्क मैगजीन की लेखिका ई. जीन कैरोल के साथ यौन शोषण का दोषी पाया गया था। कैरोल ने आरोप लगाया था कि ट्रम्प ने 1996 में उनके साथ यौन शोषण और बलात्कार किया था। हालांकि जूरी ने अपने फैसले में ट्रम्प के सिर्फ यौन शोषण का दोषी करार दिया था। इसके लिए ट्रम्प पर 5 मिलियन डॉलर का जुर्माना भी लगा था।

इससे पहले ट्रम्प ने कैरोल के लेकर दिए एक बयान में कहा था कि वो उनके टाइप की नहीं है। एक दूसरे बयान में ट्रम्प ने आरोप लगाया कि कैरोल ने यौन शोषण को लेकर झूठ बोला था। ट्रम्प के इस बयान के बाद कैरोल ने उन पर मानहानि का मुकादमा किया था।

पोर्न स्टार के संबंध बनाने के दोषी हैं ट्रम्प

डोनाल्ड ट्रम्प के इस साल 30 मई को पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल के साथ संबंध बनाने और पैसे देकर चुप कराने के आरोप में दोषी करार दिया गया था। दोषी पाए जाने के बाद ट्रम्प ने अगस्त में फेडरल कोर्ट से मामले में हस्तक्षेप करने के लिए कहा था। इसके बाद फेडरल कोर्ट ने मामला वापस न्यूयॉर्क कोर्ट में भेज दिया था। न्यूयॉर्क की कोर्ट में ट्रम्प ने सजा को रद्द करने के लिए याचिका लगाई थी। हालांकि ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई को अनिश्चितकाल के टाल दिया है।

2016 में राष्ट्रपति बनने से पहले का मामलात्र ट्रम्प के खिलाफ पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देकर चुप कराने और इलेक्शन कैंपेन के दौरान बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के केस चल रहे थे। यह मामला 2016 में उनके अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने से पहले का है। इसके खुलासे के बाद पहली बार ऐसा हुआ था जब अमेरिकी इतिहास में पहली बार किसी प्रेसिडेंट पर आपराधिक केस चलाया गया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, कोर्ट ने 6 सप्ताह में 22 गवाहों को सुना। इनमें स्टॉर्मी डेनियल भी शामिल थीं।

ईरान में हिजाब नहीं पहनने पर 27 साल की गायिका गिरफ्तार

तेहरान एजेंसी। ईरान में गायिका परस्तू अहमदी को हिजाब पहने बिना ऑनलाइन कार्यक्रम करने के कारण गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना ईरान के उत्तरी प्रांत मजंदरान की राजधानी सारी शहर की है जहां शनिवार को उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया। यह जानकारी ईरानी वकील मिलाद पनाहीपोर ने दी। मिलाद पनाहीपोर के अनुसार 27 साल की गायिका परस्तू अहमदी ने बिना हिजाब पहने यूट्यूब पर एक ऑनलाइन कॉन्सर्ट किया था। इसके बाद ईरानी कोर्ट ने उनके खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी थी और कहा था कि गायिका के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने इसे कानूनी और धार्मिक मानकों का उल्लंघन बताया है। परस्तू अहमदी ने बीते बुधवार रात अपने यूट्यूब चैनल पर कॉन्सर्ट किया था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बिना आस्तीन और कॉलर वाली काली लंबी ड्रेस पहनी थी लेकिन सिर पर हिजाब नहीं पहना था। इसके बाद गुरुवार को कोर्ट ने उनके इस कॉन्सर्ट के संबंध में मामला दर्ज किया। कॉन्सर्ट में उनके साथ चार पुरुष संगीतकार भी थे। कॉन्सर्ट के पहले परस्तू ने एक संदेश दिया था जिसमें उन्होंने कहा, मैं परस्तू हूं, वह लड़की जो चुप नहीं रह सकती और जो अपने देश के लिए गाना बंद करने से इनकार करती है। उन्होंने आगे कहा, इस काल्पनिक कॉन्सर्ट में मेरी आवाज़ सुनें।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129